जन-जन की वाणी...

हिन्दी दैनिक

सोन वर्षा वाणी

औरंगाबाद, आरा एवं रांची से प्रकाशित

कृष्ण पक्ष, मृगशिरा, विक्रम संवत् 2081

• औरंगाबाद • बुधवार • 28 अगस्त 2024 • वर्ष 26 • अंक 258 • पृष्ठ 12

मूल्य ₹ 2.00

झारखण्ड सरकार
GOVERNMENT OF JHARKHAND

वीर शहीद पोटो हो

की क्रांतिकारी भूमि कोल्हान प्रमंडल

की लाखों माता-बहनों को

खुशियों का उपहार

झारखण्ड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के तहत

श्री हेमन्त सोरेन

माननीय मुख्यमंत्री, झारखण्ड

हर बहना को

हर साल

₹12 हजार

सम्मान राशि का करेंगे हस्तांतरण

28 अगस्त, 2024 | अपराह्न 12:00 बजे से

फुटबॉल मैदान, रापचा, गम्हरिया, सरायकेला-खरसावाँ

कोल्हान प्रमंडल (सरायकेला-खरसावाँ, पूर्वी सिंहभूम और पश्चिमी सिंहभूम)

की सभी बहनों का समारोह में स्वागत है

48 लाख से अधिक निबंधन

लगभग 45 लाख बहनों के आवेदन स्वीकृत

31 अगस्त से पहले सभी बहनों के खातों में होगी एक हजार रुपये की सम्मान राशि (पहली किस्त)

सितंबर से हर महीने की 15 तारीख को हर बहन के खाते में पहुँचेगी सम्मान राशि

हेमन्त सोरेन

मुख्यमंत्री, झारखण्ड

PR No. 333846 / IPRD / 2024-25

महिला, बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग, झारखण्ड सरकार

संक्षिप्त समाचार

लापरवाही बरतने में अतरी थाना के दो सिपाही निलंबित

गया। ड्यूटी के दौरान लापरवाही बरतने में अतरी थाना के दो सिपाही को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। एसएसपी आशीष भारती ने एसडीपीओ नीमचक बथानी के जांच रिपोर्ट के आधार पर यह कार्रवाई की है। निलंबित होने वाले सिपाही अंबुज कुमार व प्रशांत कुमार हैं। एसएसपी ने बताया कि 19 अगस्त को रक्षा बंधन के अवसर पर विधि व्यवस्था बनाए रखने के लिए अतरी थाना के सशस्त्र बल के सिपाही 2931/अंबुज कुमार व सिपाही 2912/प्रशांत कुमार को टेउसा बाजार में तैनात किया गया था। रक्षा बंधन के कारण टेउसा बाजार में भीड़-भाड़ बढ़ने से जाम की स्थिति उत्पन्न हो गई थी। सूचना मिली कि उस समय तैनात सशस्त्र बल के सिपाही सड़क किनारे खड़े होकर मोबाइल चला रहे थे। उक्त मामले की जांच के लिए एसडीपीओ नीमचक बथानी को निर्देश दिया गया। जांच के बाद प्राप्त प्रतिवेदन के आधार पर दोनों सिपाही को अपने कर्तव्य के दौरान लापरवाही बरतने के आरोप में तत्काल प्रभाव से निलंबित करते हुए अनुशासनिक कार्रवाई प्रारंभ की जा रही है।

वर्दीधारी की नहीं होती हेलमेट की जांच और लोगों को जागरुक करने में लगे

बोधगया। बोधगया 15 सितंबर से शुरु होने वाली पितृपक्ष को लेकर अभी से पुलिस सतर्क हो गई है। नगर के गली-चौराहे पर बिना हेलमेट के चलने वाले लोगों को नियम समझाए जा रहे हैं और अपेक्षा की जा रही है कि सभी नियम कानून से सड़क पर चलें और यातायात के नियम का पालन करें, लेकिन यह नियम शायद पुलिस कर्मियों पर लागू नहीं होता है। नियमों का पाठ पढ़ाने वाली पुलिस खुद ही नियमों का पालन नहीं कर रही है। ऐसा हम नहीं बल्कि बोधगया के नोड वन के पास पुलिस द्वारा लगाए गए वाहन जांच के दौरान बिना हेलमेट के पुलिस को बैठाकर जा रहे एक तस्वीर से हो रही है। दरअसल सोमवार की दोपहर को लोगों को जागरुक करने के साथ बाइक के डिक्की की जांच को लेकर नोड वन के पास बोधगया थाना पुलिस के द्वारा बाइक जांच लगाया गया था। पुलिस के द्वारा बिना हेलमेट चलने वाले युवाओं को रोककर उन्हें यातायात नियम का पाठ पढ़ाते हुए आगे से हेलमेट पहनने को समझाया जा रहा था। बाइक जांच लगा देख कई युवक तो अपनी बाइक को इस तरह मोड़कर भागते नजर आये। इन बाइक सवारों को देखकर ऐसा लगा कि बाइक को यूटर्न मारने के दौड़ान कोई बड़ी घटना ना हो जाए।

जंक्शन पर 49 बोतल बियर के साथ 1 धराया

गया। गया जंक्शन पर गश्ती के क्रम में आरपीएफ व जीआरपी ने 49 बोतल बियर के साथ एक धंधेबाज को पकड़ा है। पकड़ा गया धंधेबाज विकास कुमार औरंगाबाद जिले के मदनपुर थाना के रानीगंज का रहने वाला है।आरपीएफ पोस्ट के प्रभारी निरीक्षक अजय प्रकाश ने बताया कि आरपीएफ व जीआरपी द्वारा संयुक्त रूप से प्लेटफार्म संख्या एक पर अपराधी गतिविधि को लेकर निगरानी किया जा रहा था। इसी क्रम में एक व्यक्ति पुलिस बल को देखकर प्लेटफार्म संख्या एक के हावड़ा छोर के फुट ओवर ब्रिज के पास पर छुपने का प्रयास करने लगा, जिसे शक होने पर पकड़ा गया। उसके पास रहे पिट्ठू बैग की तलाशी लेने पर 16 बोतल तथा थैला से 33 बोतल अंग्रेजी बियर बरामद किया गया। बताया कि गिरफ्तार व्यक्ति एवं जप्त शराब को जीआरपी थाना गया ले जाया गया।

फतेहपुर में ऑटो व बाइक की टक्कर में दो घायल

फतेहपुर। फतेहपुर पेट्रोल पंप के पास गया-रजौली स्टेट हाइवे 70 पर मुख्य सड़क पर सोमवार की शाम ऑटो और बाइक में टक्कर हो गई। इसमें बाइक सवार दो युवक घायल हो गए। घायलों को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र फतेहपुर में भर्ती कराया गया है। घायल युवक फतेहपुर थाना क्षेत्र के नीमी गांव के सौरभ कुमार और टनकुप्पा थाना क्षेत्र के ताजपुर गांव के प्रिंस कुमार है। ये दोनों फतेहपुर से बाइक से घर जा रहा था। इसी समय पेट्रोल पंप के पास सामने से आ रही ऑटो और बाइक में टक्कर हो गई। इस घटना में बाइक सवार दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। लोगों की मदद से दोनों घायल युवकों को इलाज के सीएचसी फतेहपुर में भर्ती कराया गया। यहां दोनों का इलाज चल रहा है।

साइबर अपराधियों ने निकला 52 हजार

मानपुर। साइबर अपराधियों द्वारा अवैध यूपीआई बना कर 52 हजार का निकासी कर लेने का मामला सामने आया है। भुक्तभोगी द्वारा मामले की लिखित तहरीर साइबर थाना में किया। साइबर अपराधियों के इस फर्जीवाड़े का खुलासा पीड़ित द्वारा पासबुक अपडेट करवाने के बाद हुआ। पीड़ित बदहपुर निवासी रंजीत सिंह ने कहा कि वर्षों पहले उसका मोबाइल खो गया था।

पानी भरे आहर में डूबने से वृद्ध की मौत

बांकेबाजार। थाना क्षेत्र के विशनपुर गांव में सोमवार को एक वृद्ध की मौत आहर में डूबने से हो गई। ग्रामीणों ने बताया कि मृतक पलली यादव अपने घर के नजदीक बड़का आहर में भैंस धोने के लिए गए थे। इसी दौरान आहर में डूब जाने से उसकी मौत हो गई। आहर में डूबने की खबर ग्रामीणों ने परिजनों को दी। काफी मशक्कत के बाद शव को बाहर निकाला गया।

फतेहपुर में 300 लीटर देसी शराब व तीन बाइक जब्त, दो तस्कर धराया

फतेहपुर। फतेहपुर थाना क्षेत्र ऐमा गांव के पास से आवकारी विभाग की टीम ने सोमवार को तीन सौ लीटर महुआ शराब व तीन बाइक जब्त की है। मौके से दो शराब तस्कर को भी गिरफ्तार किया गया है। जबकि एक तस्कर भागने में सफल रहा। बताया गया है कि झारखंड से फतेहपुर थाना क्षेत्र के ऐमा गांव के रास्ते शराब की तस्करी कर ले जाने की गुप्त सूचना अवकारी विभाग को मिली थी। सूचना पर आवकारी विभाग की टीम ऐमा गांव के पास घेराबंदी कर वाहनों की जांच शुरू की। इसी समय बाइक से शरब तस्करी कर ले रहे तीन तस्कर पुलिस को देख शरब लदी बाइक को छोड़ मौके से भागने लगे। आवकारी विभाग की टीम ने दो तस्कर को खदेड़ कर पकड़ लिया । जबकि एक तस्कर पुलिस से बचकर भागने में सफल रहा। बंधे बोरों की जांच की तो उसमें से चाइनीज पॉलीथिन में पैक तीन सौ लीटर महुआ निर्मित शराब बरामद हुआ।

नक्सली गतिविधियों की सूचना पर एरिया डोमिनेशन व सर्च अभियान

डुमरिया। गया जिले के अति नक्सल प्रभावित इलाका डुमरिया प्रखंड अंतर्गत मैगरा और भदवर थाना की पुलिस ने एसटीएफ के साथ सोमवार को नक्सल प्रभावित क्षेत्रों और जंगली पहाड़ों में एरिया डोमिनेशन और सर्च अभियान चलाया। नक्सलियों और अपराधियों पर नकेल कसने एवं जन्माष्टमी पर्व और चहल्लुम पर्व को लेकर मैगरा थाना अध्यक्ष सौरभ कुमार के नेतृत्व में जिला पुलिस और एसटीएफ ने बागपुर, औरवाताड़, पनछंदा, सलई ताड़ सहित अन्य गावों और जंगल पहाड़ों में एरिया डोमिनेशन और सर्च अभियान चलाया। इस दौरान बाइकर्स जवानों ने भी क्षेत्र में भ्रमण किया। जानकारी के अनुसार पनछंदा गांव के जंगली इलाका में पुलिस ने नक्सली गतिविधि की सूचना पाकर एरिया डोमिनेशन चलाया। बताया जाता है कि एक दिन पूर्व इस गांव में नक्सलियों के कथित तौर से बैठक होने की सूचना पुलिस को मिली थी। इसी सूचना के आधार पर जिला पुलिस और एसटीएफ ने संयुक्त रूप से सर्च अभियान एरिया डोमिनेशन चलाया।

गोलीबारी और दहशत फैलाने वालों की हो रही पहचान

♦ वीडियो के आधार पर हो रही कार्रवाई, एसआईटी गिरफ्तारी के लिए कर रही छापेमारी

निज संवाददाता। गया

गया के कोतवाली थाना क्षेत्र में हथियार के बल पर दहशत फैलाने का वीडियो सामने आया है। वीडियो में अपराधी हथियार का भय दिखा कर लोगों को घर में जाने को कह रहे हैं। साथ ही गोलीबारी भी की। गोलीबारी की घटना व वीडियो का मामला दो थानों के क्षेत्र का है। एक घटना शहर के डेल्हा थाना क्षेत्र के बागेश्वरी बम बाबा स्थान इलाके की है। तो वहीं दूसरी घटना कोतवाली थाना क्षेत्र की है। मामले में मोहल्ले के लोगों ने हिम्मत दिखाते हुए पुलिस में इसकी शिकायत की है। दोनों अपराधी कोतवाली थाना क्षेत्र के बंगला स्थान पहसी के रहने वाले हैं। वहीं, पुलिस दोनों अपराधियों की पहचान में जुटी गई है।

जल्द गिरफ्तारी की जाएगी: एसएसपी आशीष भारती ने नगर पुलिस उपाधीक्षक -02 के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया है। टीम में डेल्हा थानाध्यक्ष, डेल्हा थाना के अन्य पुलिस पदाधिकारी, सशस्त्र बल और तकनीकी शाखा गया के पुलिस अधिकारी और कर्मी को शामिल किया गया। पुलिस का कहना है कि विशेष टीम को

मामले की जांच के दौरान अपराधियों का आर्म्स के साथ एक वीडियो मिला जो कोतवाली थाना क्षेत्र का है। इस संबंध में कोतवाली थाना में कांड दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है। गठित विशेष टीम लगातार छापेमारी कर रही है। जल्द ही इस कांड में संलिप्त अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

डेल्हा क्षेत्र के बम बाबा के पास अंधाधुंध फायरिंग, दहशत

निज संवाददाता। गया

हथियार लहराते देखे गए दो बदमाश, जांच में जुटी पुलिस
क्राइम रिपोर्टर| गया अपराधियों ने रविवार की रात डेल्हा थाना क्षेत्र के बम बाबा स्थान के पास अंधाधुंध फायरिंग की। इससे इलाके में दहशत फैल गई। स्थानीय लोगों की माने तो हौसला बुलंद अपराधियों ने 20 राउंड से अधिक गोलियां चलायी है। सूचना मिलने पर जब स्थानीय पुलिस वहां पहुंची, तो अपराधी वहां से भाग निकले और कोतवाली थाना क्षेत्र में आ गए। इस क्षेत्र के पहसी इलाके में दो बदमाशों का हाथ में पिस्टल लेकर जाते फुटेज कैद हुआ, जिसका वीडियो वायरल कर दिया गया। वायरल वीडियो पुलिस के पास पहुंची है। इन दोनों मामले को लेकर डेल्हा व कोतवाली थाना में प्राथमिकी दर्ज कर बदमाशों की पहचान शुरु कर दी गई है। एसएसपी आशीष भारती ने बताया कि रविवार की देर रात्रि में पुलिस को बम बाबा स्थान के पास अपराधियों द्वारा फायरिंग किए जाने की सूचना मिली। सूचना के बाद डेल्हा थाने की पुलिस घटनास्थल पहुंचकर जांच शुरु की। फायरिंग मामले को गंभीरता से लेते हुए सिटी डीएसपी-2 धर्मेंद्र भारती के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया है। इसमें डेल्हा थानाध्यक्ष, डेल्हा थाना के अन्य पुलिस पदाधिकारी,

सशस्त्र बल और तकनीकी शाखा गया के पुलिस पदाधिकारी/कर्मी को शामिल किया गया। बताया कि गठित टीम को आसूचना संकलन के दौरान उक्त अपराधियों का आर्म्स के साथ एक वायरल वीडियो प्राप्त हुआ, जो कोतवाली थाना क्षेत्र का है। इस संबंध में कोतवाली थाना में कांड दर्ज कर अग्रतर कार्रवाई की जा रही है। सीसीटीवी फुटेज में हथियार लिए बदमाश

बिहार में गरीबों के लिए सरकार की नई पहल, 39 भूमिहीन परिवारों को मिला जमीन का पर्चा

मंत्री ने कहा- सरकारी योजनाओं की रखें जानकारी

निज संवाददाता। नालंदा

बिहार सरकार ने गरीब परिवारों के कल्याण की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम उठाया है। मंगलवार को राजगीर प्रखंड कार्यालय में आयोजित एक समारोह में 39 भूमिहीन परिवारों को जमीन का पर्चा वितरित किया गया। इस अवसर पर ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार और सांसद कौशलेंद्र कुमार मौजूद थे। मंत्री श्रवण कुमार ने इस अवसर पर कहा कि हमारी सरकार का मुख्य लक्ष्य है कि कोई भी गरीब परिवार बेघर न रहे। इसी उद्देश्य से हम समय-समय पर जरूरतमंद लोगों को रहने के लिए जमीन और पर्चा उपलब्ध करा रहे हैं। उन्होंने जोर देकर कहा कि लोगों को सरकारी योजनाओं की जानकारी रखनी चाहिए ताकि वे इनके लाभ से वंचित न रह जाएं। सरकार की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का जिक्र करते हुए मंत्री ने बताया कि आज हर नागरिक को रोटी, कपड़ा, मकान, स्वास्थ्य, चिकित्सा और शिक्षा जैसी बुनियादी सुविधाएं प्रदान की जा रही हैं। उन्होंने यह भी उल्लेख किया कि आपदा प्रभावित परिवारों को सरकार चार लाख रुपए तक की सहायता राशि दे

रही है। इसी कड़ी में, राजगीर प्रखंड के तीन आपदा पीड़ितों - पटेल नगर की मुन्नी देवी, रसलपुर की जयरानी देवी, और हसनपुर गांव की रेखा देवी - को बीस-बीस हजार रुपए के चेक वितरित किए गए। सांसद कौशलेंद्र कुमार ने इस मौके पर कहा कि जो भूमिहीन परिवार अभी तक इस योजना से छूट गए हैं, उन्हें भी जल्द ही इसमें शामिल किया जाएगा। उन्होंने लाभार्थियों से अपील की कि वे अपने बच्चों को शिक्षा की मुख्य धारा से जोड़े ताकि वे समाज के अच्छे नागरिक बन सकें। इस कार्यक्रम में बरनौसा, मेयार, झालर, दोगी, रटना आदि गांवों के भूमिहीन परिवारों को जमीन का पर्चा दिया गया। समारोह में अनुमंडल पदाधिकारी कुमार ओमकेश्वर, डीसीएलआर उपेंद्र सिंह, अंचलाधिकारी अनुज कुमार, वीडियो मुकेश कुमार के अलावा कई जनप्रतिनिधि और स्थानीय नागरिक उपस्थित थे।

मूर्ति विसर्जन करने गई बच्ची की डूब कर मौत

निज संवाददाता। नालंदा

नालंदा में कृष्ण जन्माष्टमी के मौके पर नहर में मूर्ति विसर्जन करने गई 10 वर्षीय बच्ची की डूब कर मंगलवार की सुबह मौत हो गई। मामला नूरसराय थाना क्षेत्र अंतर्गत जगदीशपुर तियारी गांव का है। वहीं, ग्रामीणों ने दो बच्चियों को डूबने से बचा लिया। मृतका की पहचान सुनील बिंद की 10 वर्षीया पुत्री खुशबू कुमारी के रूप में की गई। घटना के संबंध में परिजन ने बताया कि गांव के बीघा पर खुशबू अपनी सहेलियों के साथ मूर्ति और पूजन सामाग्री को विसर्जित करने गई थी। इसी दौरान वो लोग नहाने के लिए नहर में गई। तभी सीढ़ी से पांव फिसलने के कारण तीन बच्चियां डूबने लगीं।। आसपास के लोगों की नजर पड़ी तो रविता कुमारी और सुखू कुमारी को ग्रामीणों ने बाहर निकाल लिया। जबकि गहरे पानी में चले जाने के कारण खुशबू कुमारी की मौत हो गई।

गया में विष्णु चरण चिन्ह वाली टी-शर्ट हो रही तैयार

निज संवाददाता। गया

गया के मानपुर का पटवा टोली अब अपने नाम नया कीर्तिमान खड़ा करने जा रहा है। पितृपक्ष मेला में वह भगवान हरि विष्णु के चरण चिन्ह और विष्णुपद मंदिर की तस्वीर वाली सुंदर टी-शर्ट को लॉन्च करने जा रहा है। टी-शर्ट पूरी तरह खादी के कपड़े और 5 रंग में होंगे। सभी पर विष्णु-चरण और विष्णुपद मंदिर की सुंदर तस्वीर होगी। यह मानपुर कुटीर उद्योग के काउंटर पर मेले के दौरान विभिन्न राज्यों और विदेश से आने वाले लोगों के लिए रखा जाएगा। खास बात यह है कि टीशर्ट किसी ऑटोमैटिक मशीन से नहीं बल्कि लूम से तैयार किया जा रहा है। प्रिंटिंग भी किसी प्रिंटर मशीन से नहीं की जा रही है। बल्कि उस पर छापे मारे जा रहे हैं। यानी कि शुद्ध लूम से तैयार की गई टी-शर्ट होगी। इसे तैयार करने में अभी 12 दर्जी दो शिफ्ट में काम कर रहे हैं। वहीं, 10 कारीगर छपाई में लगे हैं।

पितृपक्ष मेला में दिखेगा नया टी-शर्ट: इस टी-शर्ट की लॉन्चिंग गया डीएम द्वारा कराने की तैयारी है। खास बात यह है कि इस तरह का प्रोडक्ट पहली बार पितृपक्ष मेला में देखने को मिलेगा। इससे पहले भगवान हरि विष्णु के चरण चिन्ह और विष्णुपद मंदिर की तस्वीर वाली टी-शर्ट कभी न तो बनाए गए और न ही किसी दूसरे राज्य से लाकर यहां बेचा गया। टी-शर्ट तैयार करने वाले लूम ओनर और समाज सेवी गोपाल पटवा का कहना है कि देश में अब तक महाकाल, राधे-राधे से जुड़े शर्ट और टी-शर्ट की उपलब्ध थे। हरि विष्णु के चरण चिन्ह की तस्वीर वाली टी-शर्ट नहीं दिखी थी।

पूर्व मध्य रेल
ई-ऑक्शन सूचना

ई–ऑक्शन सुचना सं. : कॉम–पीएमबीजेके–आरा–2. भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेल प्रबंधक (वाणिज्य), पूर्व मध्य रेल, दानापुर मंडल द्वारा निम्न कार्य हेतु ई–ऑक्शन आमंत्रित किया जाता है:–
1. कार्य का नाम : "आरा" रेलवे स्टेशन पर प्रधानमंत्री भारतीय जनऔषधि केंद्र (PMBJK) खोलने एवं संचालन। 2. अनुबंध की अवधी : 03 वर्ष। 3. कैटेलॉग संख्या : कॉम–पीएमबीजेके–आरा–2. 4. लॉट संख्या : पीएमबीजेके–डीएनआर–आरा–पीएमबीजेके–2–24–1. 5. ई–नीलामी कि तिथि व समय : दिनांक 11.09.2024 को 14:30 बजे से 15:00 बजे तक लॉट संख्या–पीएमबीजेके–डीएनआर–आरा–पीएमबीजेके–2–24–1 की ई–नीलामी होगी। (प्रारम्भिक कुलिंग ऑफ कि अवधी 30 मिनट एवं लगातार लॉट का समापन अन्तराल 10 मिनट होगा)। 6. वेबसाइट जहाँ इ–ऑक्शन का पूर्ण विवरण उपलब्ध है : www.ireps.gov.in.

मंडल रेल प्रबंधक (वाणिज्य)/पूमरे/दानापुर
पीआर/00981/डीएनआर/वा./एन/24–25/28

पूर्व मध्य रेल
ई–ऑक्शन सूचना

भारत के राष्ट्रपति के तरफ से मण्डल रेल प्रबन्धक (वाणिज्य), पूर्व मध्य रेल, पं. दीन दयाल उपध्याय मंडल द्वारा पंडित दीन दयाल उपाध्याय मंडल के निम्नवत स्टेशनों के दर्शाए गये स्थान पर एटीएम मशीन लगाने सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों/अनुसूचित वाणिज्यिक भारतीय बैंकों/भारतीय सहकारी बैंकों/ व्हाइट लेबल एटीएम सेवा प्रदाताओं से ई–नीलामी आमन्त्रित किया जाता है। विस्तृत विवरण निम्न है:– 1 : AA/1, कार्य का नाम, स्थान एवं पूर्ण अवधि : पं दीन दयाल उपाध्याय रेलवे स्टेशन के सर्कुलेटिंग एरिया म एटीएम मशीन लगाने हेतु जगह पाँच वर्षो (1826 दिन) के लिए । ई– नीलामी लॉट संख्या : ATM-DDU-DDU Gen-3-24-1 ई– नीलामी की तिथि एवं समय: ई–नीलामी दिनांक 07.09.2024 को 11:00 बजे शुरू होगी और 11:30 बजे बंद होगी। AA/2 कार्य का नाम, स्थान एवं पूर्ण अवधि : अनुग्रह नारायण रोड रेलवे स्टेशन के सर्कुलेटिंग एरिया में बुकिंग कार्यालय (UTS /PRS) के निकट एटीएम मशीन लगाने हेतु जगह पाँच वर्षो (1826 दिन) के लिए । ई– नीलामी लॉट संख्या : ATM-DDU-AUBR- Gen-9-23-1 ई– नीलामी की तिथि एवं समय: ई–नीलामी दिनांक 07.09.2024 को 11:00 बजे शुरू होगी और 11:40 बजे बंद होगी। AA/3 कार्य का नाम, स्थान एवं पूर्ण अवधि : डेहरी ऑन सोन रेलवे स्टेशन के सर्कुलेटिंग एरिया म बुकिंग कार्यालय कम प्रतीक्षालय के निकट एटीएम मशीन लगाने हेतु जगह पाँच वर्षो (1826 दिन) के लिए । ई– नीलामी लॉट संख्या : ATM-DDU-DOS- Gen-8-23-1 ई– नीलामी की तिथि एवं समय: ई–नीलामी दिनांक 07.09.2024 को 11:00 बजे शुरू होगी और 11:50 बजे बंद होगी। ई–नीलामी कैटेलॉग संख्या : ATM-DDU-24-06 2. वेबसाइट का पता जहाँ ई–नीलामी का पूर्ण विवरण उपलब्ध है : www.ireps.gov.in

मंडल रेल प्रबंधक (वाणिज्य)/
पूमरे/पं. दीन दयाल उपाध्याय
पीआर/00959/डीडीयू/वा./एन/24–25/44

पूर्व रेलवे

ई–निविदा सूचना सं.: एनआईटी/02/24/50, दिनांक: 26.08.2024, "प्रधान मुख्य सामग्री प्रबंधक", पूर्व रेलवे, फेयरली प्लेस, दूसरी मंजिल, 17, नेताजी सुभाष रोड, कोलकाता–700001 द्वारा निम्नलिखित सामानों की आपूर्ति हेतु ई–निविदाएँ आमंत्रित की जाती हैं: **क्रम सं.**; **निविदा सं.**; **विवरण**; **बयाना राशि** : **(1); 10231793सी;** ट्रांसफॉर्मर ऑयल कूलिंग ब्लोअर आदि का क्रय; रु.200930, **(2); 11241014;** कोचिंग स्टॉक के लिए वर्धित क्षमता के साइड बफर आदि का क्रय; रु.570630; **निविदा खुलने की तिथि:** 17.09.2024, **समय :** 13.30 बजे [क्रम सं. 1 एवं 2 हेतु] **(3); 10241167;** मैग्नेट फ्रेम कम्पोनेंट (पीई) का सेट; रु.77410 **(4); 21241378;** योक आदि; रु. 985350 **(5); 21241420ए;** कैसनब टाइप बोगी में सीटीआरबी क्लास 'ई' (6"X11") के लिए फिट किए हुए नैरो जॉ एडाप्टर; रु. 1359830 **(6); 22241076;** मेटफॉर्मिन एसआर/एक्सएल 1 ग्राम टैब/कैप; रु. 101860; **निविदा खुलने की तिथि:** 23.09.2024, **समय :** 13.30 बजे [क्रम सं. 3 से 6 हेतु] **(7); 14241031ए;** आईआरएसः एस–88–2004 के समरूप (नवीनतम तिथि तक संशोधन, यदि कोई है के साथ), निविदा प्रकाशन की नवीनतम तिथि तक, हार्ड रबर या पारदर्शी, पीपी–सीपी कंटेनर में लेड एसिड सेल, लो मेन्टेनेंस, 2 वो. का क्रय आदि; रु. 507250; **निविदा खुलने की तिथि:** 01.10.2024, **समय :** 13.30 बजे **(8); 15235150सी;** अनेक्सर/डीबीएम/केपीए के अनुसार एएमसी के साथ डायनैमिक बैलेंसिंग मशीन की आपूर्ति एवं आरंभ करना (टर्न की आधार पर); रु. 70080; **निविदा खुलने की तिथि:** 03.10.2024, **समय :** 13.30 बजे **(9); 20241090;** 10 मदों से संलग्न मॉडुलर ब्रेक कंट्रोलर टाइप ईएसबीसी III एम के प्रेशर रिड्यूसिंग वाल्व के लिए स्पेयर्स का सेट; रु.302870; **निविदा खुलने की तिथि:** 07.10.2024, **समय:** 13.30 बजे **(10); 21241387;** यूनिवर्सल लॉक लिफ्ट लिवर कनेक्टर आदि; रु.206840 , **(11); 21241411ए;** कॉलर 7/8" (22.2 मिमी) डाया के साथ लॉक बोल्ट पिन 7/8" (22.2 मिमी) डाया आदि; रु. 621240; **निविदा खुलने की तिथि:** 21.10.2024, **समय :** 13.30 बजे [क्रम सं. 10 एवं 11 हेतु] **(12); 11241150;** एलएचबी एसी कोचों के लिए सेकंडरी वर्टिकल डैंपर,रु. 216580; **निविदा खुलने की तिथि:** 23.10.2024, **समय :** 13.30 बजे **(13); 07241002;** स्पेसिफिकेशन आईआरएसःएम–28/2020 और एसटीआरः आरडीएसओ एमसी एसटीआर डब्ल्यू 01 रिव 03 के अनुसार मैनुअल मेटल आर्क वेल्डिंग इलेक्ट्रोड का क्रय, क्लास–ए2 (रूटील टाइप), कोटिंग की किस्मः मीडियम, आईएसः814–2004 (आर 2016) के अनुसार कोड, माप–4 मिमी X 450 मिमी.; रु. 254470; **निविदा खुलने की तिथि:** 28.10.2024, **समय :** 13.30 बजे **(14); 11241146;** बॉल जॉइंट रोल लिंक ; रु.249880 **(15); 11241666;** बोल्सटर सस्पेंशन हेतु हैंगर ब्लॉक का क्रय आदि; रु. 57740; **निविदा खुलने की तिथि:** 29.10.2024, **समय :** 13.30 बजे [क्रम सं. 14 एवं 15 हेतु] **(16); 11241817ए;** सिंगल पीस एफआरपी लुवरे शटर का क्रय आदि; रु. 229790; **निविदा खुलने की तिथि:** 06.11.2024, **समय :** 13.30 बजे **(17); 11241505;** एलएचबी कोचों के लिए सेकेंडरी स्प्रिंग आउटर; रु. 85890; **निविदा खुलने की तिथि:** 07.11.2024, **समय :** 13.30 बजे **(18); 05241022;** पेंट रेडी मिक्स्ड ब्रश/स्प्रे एंटी करोसिव आदि का क्रय; रु. 78550; **निविदा खुलने की तिथि:** 11.11.2024, **समय :** 13.30 बजे। **निविदा मूल्य:** रु. 0 [क्रम सं. 1 से 18 हेतु] । **टिप्पणी:** उपर्युक्त सभी निविदाएँ ई–निविदाएँ हैं एवं सभी निविदाकारों से अनुरोध किया जाता है कि आईआरईपीएस की वेबसाइट **https:// www.ireps.gov.in** के माध्यम से अपनी बोली ऑनलाइन जमा करें। ऊपर उल्लिखित निविदाओं एवं अन्य आपूर्ति निविदाओं के संबंध में विस्तृत विवरण के लिए, कृपया आईआरईपीएस की वेबसाइट देखें। STORES-36/2024-25

निविदा सूचना वेबसाइट **www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in** पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

पूर्व रेलवे

खुली ई–निविदा सूचना सं.: 99, 100, 116, 117, 119–121, 125–एमएलडीटी–24–25, दिनांक 26.08.2024, मंडल रेल प्रबंधक, पूर्व रेलवे, मालदा टाउन ऑफिस, मंडल रेल प्रबंधक/पूर्व रेलवे/मालदा टाउन ऑफिस बिल्डिंग, डाकघर–झलझलिया, जिला–मालदा, पिन–732102 (पश्चिम बंगाल) द्वारा निम्नलिखित कार्यों के लिए खुली ई–निविदा सूचना आमंत्रित की जाती है: **(1) निविदा सं. 99– एमएलडीटी–24–25, कार्य का नाम** : मालदा मंडल के न्यू फरक्का – बड़हरवा बीसी कर्व सहित, बड़हरवा–साहिबगंज, पीरपैंती–कहलगांव, भागलपुर–जमालपुर और जमालपुर–अभयपुर खंड के लिए कंप्यूटरीकरण और विकास कार्य, भूमि योजना का प्रमाणीकरण और अधिग्रहित भूमि के म्यूटेशन (अभी तक) और अन्य सहायक कार्यों के लिए खुली ई–निविदा। **निविदा मूल्य:** रु. 1,68,98,172/–, **(2) निविदा सं. 100–एमएलडीटी–24–25, कार्य का नाम** : वरिष्ठ डीईएन/II/मालदा टाउन के कार्यक्षेत्र में एईएन/साहिबगंज के अंतर्गत एसएसई/पी.वे/साहिबगंज के खंड में साहिबगंज गुड्स साइडिंग, सकरीगली गुड्स साइडिंग, महाराजपुर गुड्स साइडिंग, मिर्जाचौकी और करमटोला गुड्स साइडिंग में ट्रैक के रखरखाव के कार्य के साथ अन्य सहायक कार्यों के लिए खुली ई–निविदा। **निविदा मूल्य:** रु. 55,28,483.30, **(3) निविदा सं. 116– एमएलडीटी–24–25, कार्य का नाम** : वरिष्ठ मंडल अभियंता/II, मालदा के अधीन हंसडीहा यार्ड, हंसडीहा – नोनीहाट, भटुरिया, हंसडीहा – मोहनपुर जंक्शन खंड (मोहनपुर जंक्शन से 35 किमी तक) को सौंपने के संबंध में शेष सिविल कार्यों के लिए खुली ई–निविदा। **निविदा मूल्य:** रु. 1,80,51,325.17, **(4) निविदा सं. 117–एमएलडीटी–24–25, कार्य का नाम** : वरिष्ठ मंडल अभियंता/II, मालदा मंडल के अधीन हंसडीहा यार्ड, हंसडीहा – नोनीहाट भटुरिया, हंसडीहा – मोहनपुर जंक्शन खंड (मोहनपुर जंक्शन से 35 किमी तक) को सौंपने के संबंध में शेष सिविल कार्यों के लिए खुली ई–निविदा। **निविदा मूल्य:** रु. 1,62,46,932.52, **(5) निविदा सं. 119– एमएलडीटी–24–25, कार्य का नाम** : मालदा मंडल में वरिष्ठ मंडल अभियंता/II के अधीन सहायक अभियंता/भागलपुर के अंतर्गत भागलपुर स्टेशन पर आरसीसी ओवरहेड टैंक (50000 गैलन) द्वारा लोको स्टील टैंक के प्रस्तावित प्रतिस्थापन के कार्य के लिए खुली ई–निविदा । **निविदा मूल्य:** रु. 1,40,20,184.32, **(6) निविदा सं. 120–एमएलडीटी–24–25, कार्य का नाम** : मालदा मंडल में वरिष्ठ मंडल अभियंता/II के अधीन सहायक अभियंता/भागलपुर के अंतर्गत भागलपुर स्टेशन पर आरसीसी ओवरहेड टैंक (50000 गैलन) द्वारा प्लेटफॉर्म नं. 6 पर स्टील टैंक के प्रस्तावित प्रतिस्थापन के कार्य के लिए खुली ई–निविदा । **निविदा मूल्य:** रु. 1,39,22,371.96, **(7) निविदा सं. 121– एमएलडीटी–24–25, कार्य का नाम** : वरिष्ठ मंडल अभियंता/II, मालदा के कार्यक्षेत्र में सहायक अभियंता/भागलपुर के अधीन वरिष्ठ शाखा अभियंता/पी.वे/भागलपुर–II की शाखा में आईआरपीडब्ल्यूएम के अनुसार देय/अतिदेय स्थानों पर अन्य सहायक कार्यों के साथ ट्रैक की डीप स्क्रीनिंग के लिए खुली ई–निविदा। **निविदा मूल्य:** रु. 65,19,958.51, **(8) निविदा सं. 125–एमएलडीटी–24–25, कार्य का नाम:** वरिष्ठ मंडल अभियंता–II, मालदा के कार्यक्षेत्र में सहायक अभियंता/साहिबगंज के अधीन वरिष्ठ शाखा अभियंता/पी.वे./साहिबगंज की महाराजपुर–बिक्रमशिला शाखा में मैनुअली लूप लाइन का सीटीआर(एस) 10.5 किमी, टीआरआर(एस) 4.36 किमी और टीएफआर 75.1 टीकेएम के कार्य के लिए खुली ई–निविदा । **निविदा मूल्य:** रु. 2,99,97,229.59, **निविदा की अंतिम तिथि और समय:** दिनांक 16.09.2024 को 15.30 बजे (प्रत्येक हेतु)। **वेबसाइट का विवरण एवं सूचना पट: www.ireps.gov.in/** डीआरएम कार्यालय/ मालदा टाउन (प्रत्येक हेतु)। MLD-83/2024-25

निविदा सूचना वेबसाइट **www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in** पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

जन-जन की वाणी...

हिन्दी दैनिक

सोन वर्षा वाणी

औरंगाबाद, आरा एवं रांची से प्रकाशित

Page 11

खेल

निशानेबाज ने दिया बयान : राजनीति में भाग्य आजमाएंगी पदक विजेता मनु भाकर

कर्नाटक में नये जमीन घोटाले का दावा, निशाने पर मल्लिकार्जुन खरगे का बेटा

देश

Page 10

मूल्य ₹ 2.00

कृष्ण पक्ष, मृगशिरा, विक्रम संवत् 2081 • औरंगाबाद • बुधवार • 28 अगस्त 2024 • वर्ष 26 • अंक 258 • पृष्ठ 12

सोना चांदी

सोना	चांदी
10 ग्राम 22 कैरेट	1 किलो चांदी
	
₹ 66,940	₹87,900

आज का इतिहास

- **1870 : भारत के पहले मजदूर संगठन श्रमजीवी संघ की स्थापना की गई।**
- **2010 : चीन और भारत का दावा है कि नवीनतम वीजा संघर्ष के बावजूद दोनों देशों के बीच सैन्य संबंध प्रभावित नहीं होंगे।**

न्यूज बाइट्स

शराब नीति घोटाला केस में के. कविता को जमानत

नई दिल्ली (ए.)। दिल्ली शराब नीति केस में आरोपी भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) लीडर के कविता को सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को जमानत दे दी। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि इस केस में जांच पूरी हो चुकी है। ट्रायल के जल्द पूरा होने की उम्मीद नहीं है। के कविता 5 महीने से जेल में बंद हैं। महिला हैं और पीएमएलए के सेक्शन 45 के तहत उन्हें जमानत मिलनी चाहिए। इसी कोर्ट में कई आदेशों में कहा गया है कि अंडर ट्रायल कस्टडी को सजा में नहीं बदलना चाहिए।

केजरीवाल की न्यायिक हिरासत तीन सितंबर तक बढ़ी

नई दिल्ली (ए.)। दिल्ली शराब नीति से जुड़े सीबीआई केस में सीएम अरविंद केजरीवाल की न्यायिक हिरासत मंगलवार को 3 सितंबर तक बढ़ा दी गई है। केजरीवाल तिहाड़ जेल से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए राउज एवेन्यू कोर्ट में पेश हुए। उन्होंने कोर्ट को बताया कि उनका शुगर लेवल डाउन हो रहा है। इसी वजह से लंच करने की इजाजत मांगी है। सीबीआई ने 14 दिन की ज्यूडिशियल कस्टडी की मांग की थी, लेकिन अदालत ने एक हफ्ते ही हिरासत बढ़ाई। इससे पहले 20 अगस्त को लोअर कोर्ट ने केजरीवाल की न्यायिक हिरासत 27 अगस्त तक के लिए बढ़ा दी थी। दरअसल, दिल्ली हाईकोर्ट ने 5 अगस्त को केजरीवाल की सीबीआई की गिरफ्तारी को चुनौती देने वाली याचिका खारिज कर दी थी।

जम्मू-कश्मीर में भाजपा की तीसरी लिस्ट में 29 नाम

श्रीनगर (जम्मू कश्मीर) (ए.)। जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव के लिए बीजेपी ने मंगलवार को 29 कैंडिडेट्स की तीसरी लिस्ट जारी की है। इसमें सेकेंड फेज के 10 और थर्ड फेज के 19 उम्मीदवारों के नाम हैं। पार्टी ने 26 अगस्त को 5 घंटे में 3 लिस्ट जारी की थीं। सुबह 10 बजे जारी लिस्ट में 44 नाम थे, विरोध हुआ तो लिस्ट वापस ले ली। इसके दो घंटे बाद 15 नाम की नई लिस्ट जारी की। तीन घंटे बाद सिंगल नाम की एक और सूची आई। जम्मू-कश्मीर की 90 सीटों के लिए 18 सितंबर से 1 अक्टूबर के बीच 3 चरणों में मतदान होंगे। नतीजे 4 अक्टूबर 2024 को आएंगे। सरकार बनाने के लिए बहुमत का आंकड़ा 46 है।

महिला सिपाही की फंदे पर लटकी मिली लाश

कटिहार (नि.सं.)। कटिहार के कोढ़ा थाना क्षेत्र में महिला सिपाही की फंदे से लटकी लाश मिली है। महिला सिपाही का नाम अनीता कुमारी है। वह मुजफ्फरपुर के सकरा थाना क्षेत्र की रहने वाली थी। यहां कोढ़ा थाना के पुलिस अंचल कार्यालय में तैनात थी। बताया गया कि अपने ही रूम के अंदर फंदे से उनका शव लटका मिला है। आत्महत्या की आशंका जताई जा रही है।

कंस्ट्रक्शन साइट पर सीएम का स्पॉट विजिट जारी, गुरु गोविंद सिंह अस्पताल का लिया जायजा, कहा

फरवरी 2025 तक पूरा करें गुरु गोविंद सिंह मॉडल अस्पताल का निर्माण : मुख्यमंत्री

निज संवाददाता | पटना

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने पटना सिटी के गुरु गोविन्द सिंह मॉडल अस्पताल का निर्माण फरवरी 2025 तक पूरा करने को कहा है। उन्होंने मंगलवार को अस्पताल के निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया और अधिकारियों को निर्माण कार्य में तेजी लाने का निर्देश दिया। सीएम ने कहा कि इस परिसर में नर्स हॉस्टल के लिए नये भवन का भी निर्माण कराएं। उन्होंने कहा कि गुरु गोविन्द सिंह अस्पताल तक पहुंचने के लिये पहुंच पथ को ठीक करें ताकि मरीजों को अस्पताल तक पहुंचने में किसी प्रकार की कठिनाई न हो। मॉडल अस्पताल का निर्माण कार्य पूर्ण होने से इस क्षेत्र के लोगों को इलाज में काफी सहूलियत होगी। इस मॉडल अस्पताल में अत्याधुनिक सुविधाओं के होने से बीमारियों का उपचार बेहतर ढंग से हो सकेगा।

मुख्यमंत्री ने गुरु गोविंद सिंह अस्पताल परिसर का भी निरीक्षण किया और मरीज के परिजनों से उनका हालचाल जाना। अस्पताल में स्वास्थ्य सुविधाओं को लेकर भी मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिये। मुख्यमंत्री ने अस्पताल परिसर में चलाये जा रहे दीदी की रसोई का भी निरीक्षण किया और जीविका दीदियों से बात की। निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री ने निर्माणाधीन मॉडल अस्पताल के निर्माण कार्यों के बारे में विस्तृत जानकारी ली। इस दौरान स्वास्थ्य विभाग के अपर मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत ने नक्शा के माध्यम से कैम्पस प्लान की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इस मॉडल अस्पताल की लागत 30.42 करोड़ रुपये है। निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव दीपक कुमार, मुख्यमंत्री के सचिव अनुपम कुमार, मुख्यमंत्री के सचिव कुमार रवि, मुख्यमंत्री के विशेष कार्य पदाधिकारी गोपाल सिंह, पटना के जिलाधिकारी डॉ. चंद्रशेखर सिंह व वरीय पुलिस अधीक्षक राजीव मिश्रा सहित अन्य वरीय अधिकारी उपस्थित थे।

'दीदी की रसोई' का भी सीएम नीतीश ने किया निरीक्षण

मुख्यमंत्री ने कहा कि इस अस्पताल में आधुनिक सुविधाएं होंगी, जिससे बीमारियों का इलाज बेहतर तरीके से हो सकेगा। नीतीश कुमार ने गुरु गोविंद सिंह अस्पताल का भी दौरा किया और मरीजों के परिजनों से बातचीत की। उन्होंने अस्पताल में स्वास्थ्य सुविधाओं को लेकर भी अधिकारियों को निर्देश दिए। इस दौरान मुख्यमंत्री ने अस्पताल परिसर में चल रही 'दीदी की रसोई' का भी निरीक्षण किया और जीविका दीदियों से बातचीत की। उन्होंने व्यवस्थाओं के बारे में जानकारी ली।

आज औरंगाबाद समेत छह जिलों में भारी और पटना में हल्की बारिश के आसार

पटना (नि.सं.)। पटना सहित प्रदेश में मंगलवार से ही मौसम का मिजाज बदल गया। इस दौरान पटना में जहां हल्की बारिश हुई, वहीं 13 जिलों मध्य से हल्के स्तर की बारिश हुई। मौसम विभाग के अनुसार बुधवार को छपरा, भोजपुर, वैशाली, भागलपुर, मुंगेर और बांका जिले के एक-दो स्थानों पर भारी बारिश की संभावना है। वहीं उत्तर-पश्चिम, दक्षिण-पश्चिम एवं पटना सहित दक्षिण-मध्य भागों के एक या दो स्थानों पर गरज व तड़क के साथ हल्की बारिश होने के आसार है। इधर बारिश होने और मौसम का मिजाज बदलने के कारण अधिकतम तापमान में गिरावट आई। जमुई, मुजफ्फरपुर, बक्सर में हुई झमाझम बारिश मौसम विभाग के अनुसार मंगलवार को मानसून सक्रिय रहने के कारण प्रदेश के 14 जिलों में हल्की से मध्यम स्तर की बारिश हुई। इस दौरान जमुई, मुजफ्फरपुर और बक्सर में झमाझम बारिश हुई। इसके अलावा अन्य जगहों पर हल्की बारिश हुई। मौसम विभाग के अनुसार मुजफ्फरपुर में 11.4, जमुई में 26, बक्सर में 14, औरंगाबाद में 3, कटिहार व रोहतास में 2.5, अरवल में 9, बांका व शेखपुरा में 1 मिलीमीटर बारिश हुई।

बिहार में खेलों के विकास की दिशा में बड़ा कदम

29 अगस्त को सीएम करेंगे राज्य खेल अकादमी का उद्घाटन

- **बिहार में खेल शिक्षा और उच्च स्तरीय शोध के लिए बिहार खेल विश्वविद्यालय की स्थापना की गई है, जो राज्य खेल अकादमी, राजगीर के परिसर से संचालित होगा।**

निज संवाददाता | पटना

मंगलवार को खेल विभाग द्वारा सूचना एवं जन संपर्क विभाग के सहयोग से सूचना भवन के संवाद कक्ष में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित की गई। इस अवसर पर खेल विभाग के प्रधान सचिव बी. राजेंदर, भवन निर्माण सचिव, कुमार रवि, बिहार राज्य खेल प्राधिकरण के महानिदेशक, रविन्द्रण शंकरण; खेल विभाग के निदेशक, महेन्द्र कुमार सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे। प्रेस कॉन्फ्रेंस का शुभारंभ करते हुए प्रधान सचिव बी. राजेंदर ने बताया कि आगामी 29 अगस्त 2024 को राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के करकमलों द्वारा राज्य खेल अकादमी का उद्घाटन प्रस्तावित है। उन्होंने विस्तार से बताया कि बिहार में खेलों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से स्वतंत्र खेल विभाग का गठन किया गया है।

राज्य सरकार ने पहले ही राजगीर में 90 एकड़ भूमि पर लगभग 750 करोड़ रुपये की लागत से राज्य खेल अकादमी-सह-अंतर्राष्ट्रीय स्तर के आधुनिक क्रिकेट स्टेडियम के निर्माण के लिए प्रशासनिक स्वीकृति दी है। इस अकादमी के माध्यम से राज्य के खिलाड़ियों को अंतर्राष्ट्रीय स्तर का वैज्ञानिक प्रशिक्षण और अन्य सुविधाएं प्रदान की जाएंगी। इसके अलावा, विभिन्न खेलों के लिए आधुनिक खेल अवसंरचना का निर्माण भी किया जा रहा है।

राज्य खेल अकादमी में एथलेटिक्स ट्रैक, फुटबॉल स्टेडियम, हॉकी टर्फ स्टेडियम, स्विमिंग पूल, बास्केटबॉल, वॉलीबॉल, हैंडबॉल, लॉन टेनिस, कुश्ती, भारोत्तोलन, कबड्डी, बैडमिंटन कोर्ट, तीरंदाजी, शूटिंग, टेबल टेनिस, तलवारबाजी, बिलियर्ड्स, जूडो, ताइक्वांडो, साइक्लिंग, वेलोड्रोम आदि खेलों के इंडोर और आउटडोर स्टेडियम का निर्माण हो रहा है।

19 जून 2024 को इन खेलों के विशेषज्ञों के एक दल ने राज्य खेल अकादमी का निरीक्षण किया और इसे राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर के खेल आयोजनों के लिए उपयुक्त पाया। इस परिसर में खिलाड़ियों के लिए छात्रावास (पुरुष और महिला), ट्रांजिट हॉस्टल, प्रशिक्षक आवास, उप निदेशक, सहायक निदेशक, निदेशक और कर्मचारी आवास का निर्माण कार्य पूर्ण हो चुका है। राज्य सरकार ने इस अकादमी के सुगम संचालन के लिए विभिन्न पदों की स्वीकृति दी है। इनमें निदेशक, उप निदेशक, सहायक निदेशक, खेल प्रशिक्षक, मीडिया प्रभारी, डाइटिशियन, साइंटिफिक ऑफिसर, लाइब्रेरियन, मसाजर, योग गुरू, और योग प्रोफेशनल आदि की नियुक्ति शामिल है।

क्रिकेट स्टेडियम में पवेलियन, रिवर्स पवेलियन, जनरल स्टैंड, मीडिया, हॉस्पिटैलिटी, वीआईपी स्टैंड, अभ्यास क्रिकेट पिच सहित पार्किंग की सुविधा का निर्माण लगभग 55 प्रतिशत पूरा हो चुका है। दर्शक दीर्घा का निर्माण कार्य भी पूर्ण कर लिया गया है। शेष कार्य जून 2025 तक पूरा होने की संभावना है।

राज्य खेल अकादमी के उद्घाटन के अवसर पर राज्य के 9 अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ियों को नगद पुरस्कार और सम्मान दिया जाएगा।

जय शाह चुने गए निर्विरोध आईसीसी के चेयरमैन, एक दिसंबर को संभालेंगे पद

एजेंसी | नई दिल्ली

जय शाह को इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल (आईसीसी) के नए चेयरमैन के रूप में निर्विरोध चुना गया है। आईसीसी ने पुष्टि की है कि शाह एक दिसंबर 2024 को पद ग्रहण करेंगे। फिलहाल, जय शाह भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के सचिव हैं और 2019 से इस पद पर कार्यरत थे। शाह के आईसीसीचेयरमैन बनने के बाद बीसीसीआई के सचिव पद के लिए नई नियुक्ति की जाएगी। दिल्ली क्रिकेट एसोसिएशन (डीडीसीए) के अध्यक्ष और अरुण जेटली के पुत्र रोहन जेटली को संभावित रूप से बीसीसीआई) का नया सचिव बनाया जा सकता है। शाह के पद छोड़ते ही उनकी नियुक्ति की संभावना बढ़ गई है। आईसीसी के मौजूदा चेयरमैन न्यूजीलैंड के ग्रेग बार्कले का कार्यकाल 30 नवंबर 2024 को समाप्त हो जाएगा। बार्कले ने पहले ही स्पष्ट कर दिया था कि वह लगातार तीसरी बार इस पद पर नहीं रहेंगे। वह 2020 से आईसीसी चेयरमैन के पद पर कार्यरत थे और नवंबर में अपने पद से त्यागपत्र देंगे। आईसीसी चेयरमैन पद के लिए नॉमिनेशन की आखिरी तारीख के दिन जय शाह के अलावा किसी अन्य ने नॉमिनेशन फाइल नहीं की। इस वजह से शाह को निर्विरोध चुना गया।

बिहार सरकार के द्वारा गरीब परिवारों को दी जा रही है कई सुविधाएं : मंत्री श्रवण कुमार

निज संवाददाता | राजगीर(नालंदा)

बिहार सरकार गरीब परिवारों क बेहतर सुख सुविधा देने के लिए हर समय चिंतित रहते हैं, कोई गरीब परिवार घर से बेघर ना हो इसके लिए लोगों को समय-समय पर रहने के लिए जमीन वह पर्चा भी उपलब्ध कराती है, इसलिए सरकार की योजनाओं से मिलने वाले लाभो को लोग हर हमेशा जानकारी रखें जिससे सरकारी योजनाओं के लाभ से वंचित न हो।

यह बातें ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार एवं सांसद कौशलेंद्र कुमार ने संयुक्त रूप से प्रखंड कार्यालय के सभागार में 39 भूमिहीन परिवारों को जमीन का पर्चा वितरण करते हुए कही। मंत्री श्रवण कुमार ने कहा कि सरकार गरीबों के लिए हमेशा काम करते रहती है । आज लोगों को रोटी, कपड़ा ,मकान, स्वास्थ्य, चिकित्सा, शिक्षा हर लोगों को दी जा रही है। मंत्री श्रवण कुमार ने कहा कि इतना ही नहीं सरकार आपदा से पीड़ित परिवारों को चार लाख की सहायता राशि परिवार लोगों को दी जा रही है। राजगीर प्रखंड के विभिन्न क्षेत्रों में हुई आपदा से घटित घटनाओं में तीन लोगों को बीस बीस हजार रुपए का चेक दिया गया। जिसमें पटेल नगर के मुन्नी देवी, रसलपुर जयरानी देवी, एवं हसनपुर गांव के रेखा देवी को सहायता राशि का चेक दी गई है। मंत्री श्रवन कुमार ने कहा कि आप लोग सरकार पर हमेशा भरोसा रखें कोई परिवार घर से बेघर नहीं होगा जिसके पास जमीन नहीं है उसे जमीन भी उपलब्ध कराई जा रही है, और जिनके पास जमीन है उसको दखल कब्जा का पर्चा भी दी जा रही है ताकि सरकारी योजनाओं का लाभ

ईएसआईसी द्वारा राष्ट्रीय खेल दिवस का किया जायेगा आयोजन

- **एक्शन और प्रतिस्पर्धा से भरपूर खेल जिसमें प्रतिभागी अपनी तेज़ी और कौशल का प्रदर्शन करेंगे।**

निज संवाददाता | पटना

ईएसआईसी के क्षेत्रीय कार्यालय, पटना में 29 अगस्त को राष्ट्रीय खेल दिवस के उपलक्ष्य में विभिन्न खेल गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा। इस आयोजन की सफलता के लिए क्षेत्रीय निदेशक संजय कुमार के नेतृत्व में एक समिति गठित की गई है, जिसमें उप निदेशक शराकेश रंजन तिवारी, सहायक निदेशक जयंत कुमार, और डीके रंजन शामिल हैं। इस आयोजन के अंतर्गत विभिन्न खेल क्रियाकलापों का आयोजन किया जाएगा। इंडोर खेलों में बैडमिंटन, टेबल टेनिस, और कैरम शामिल होंगे, जबकि फन गतिविधियों के रूप में म्यूजिकल चेयर और लेमन चेज की स्पर्धाएं आयोजित की जाएंगी। ईएसआईसी के क्षेत्रीय कार्यालय, शाखा कार्यालय, और औषधालय सह शाखा कार्यालयों के अधिकारियों और कर्मचारियों को इस कार्यक्रम में भाग लेने के लिए प्रेरित किया गया है।

इस आयोजन का उद्देश्य न केवल खेलों के प्रति उत्साह को बढ़ावा देना है बल्कि टीम स्पिरिट और सामूहिकता को भी प्रोत्साहित करना है। सभी कर्मचारियों से अपेक्षा की जाती है कि वे इस अवसर का भरपूर लाभ उठाएं और खेल गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी करें।

नए आपराधिक कानूनों पर आनंद स्वरूप गुप्ता स्मृति व्याख्यान देंगे अमित शाह

एजेंसी | नयी दिल्ली

केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह बुधवार को यहां पुलिस अनुसंधान एवं विकास ब्यूरो के 54वें स्थापना दिवस समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे और 'नए आपराधिक कानून - नागरिक केन्द्रित सुधार' विषय पर डॉ. आनंदस्वरूप गुप्ता स्मृति व्याख्यान देंगे।

गृह मंत्री वर्ष 2023 और 2024 के विशिष्ट सेवा के लिए राष्ट्रपति पदक और सराहनीय सेवा के लिए राष्ट्रपति पदक विजेताओं को सम्मानित भी करेंगे। गृह मंत्री ब्यूरो के प्रकाशन 'इंडियन पुलिस जर्नल' के नए आपराधिक कानूनों पर विशेष संस्करण का विमोचन भी करेंगे।

ब्यूरो देश के पुलिस बलों को आवश्यक बौद्धिक, भौतिक और संगठनात्मक संसाधनों से लैस कर पुलिसिंग और आंतरिक सुरक्षा की चुनौतियों का सफलतापूर्वक सामना करने के लिए उन्हें चुस्त दुरुस्त बल बनाने के प्रति कटिबद्ध है

वर्ष 1970 में स्थापना के बाद से ब्यूरो अनुसंधान एवं विकास में पुलिसिंग में उत्कृष्टता को बढ़ाने के लिए भारतीय पुलिस के थिंक टैंक के रूप में कार्य कर रहा है। इस संस्थान का केन्द्रबिन्दु पुलिस एवं सुधारात्मक सेवाओं के लिए नीतियां और कार्य प्रणालियां विकसित करना, नागरिकों को बेहतर सेवा प्रदान करने के लिए प्रौद्योगिकियों की खोज करना, कानून प्रवर्तन एजेंसियों के क्षमता निर्माण और राज्यों तथा केन्द्रीय पुलिस संगठनों के बीच सहयोग और समन्वय को बढ़ावा देना है। स्थापना समारोह में केन्द्रीय गृह सचिव गोविंद मोहन, केन्द्रीय सशस्त्र पुलिस बलों के महानिदेशक, केन्द्रीय पुलिस संगठनों के प्रमुखों के साथ-साथ गृह मंत्रालय एवं अन्य विभागों के वरिष्ठ अधिकारी भी शामिल होंगे।

सीएम हेमंत सोरेन ने दी सौगात : 7,32,906 महिलाओं को 1000-1000 रुपए बैंक खातें में किए गए ट्रांसफर

निज संवाददाता | दुमका (झारखंड)

दुमका-झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने दुमका जिले के जामा के पांजनपहाड़ी में आयोजित कार्यक्रम में झारखंड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना की 7,32,906 महिला लाभुकों को 1000-1000 रुपए उनके खाते में भेजे। संताल परगना प्रमंडल स्तरीय कार्यक्रम में दुमका, देवघर, साहिबगंज, गोड्डा, पाकुड़ एवं जामताड़ा की 7 लाख 32 हजार 906 बहन-बेटियों के बैंक खाते में डीबीटी के माध्यम से मंईयां सम्मान राशि हस्तांतरित की गयी।

सीएम हेमंत सोरेन ने कहा कि आपलोगों का उत्साह हमें लड़ने की शक्ति देता है। सरकार गठन के बाद कई चुनौतियां आयीं, लेकिन हमने उनका डटकर मुकाबला किया। सरकार बनने के बाद हमने वादा किया था कि हमारी सरकार रांची से नहीं बल्कि गांव से चलेगी। इसलिए अधिकारी गांव-गांव पहुंचे और गांव के अंदर जो समस्या थी, उन्हें सुलझाने का काम किया। जब हमने कुर्सी भी ठीक से नहीं संभाली थी कि कोरोना ने पूरे राज्य को जकड़ लिया था। दो साल उसी में फंसे रहे। झारखंड के मजदूर अलग-अलग राज्यों में फंस गए थे। पहली बार मजदूरों को हवाई जहाज, ट्रेन और बस से सुरक्षित वापस लाया गया।मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि मंईयां सम्मान योजना से 50 लाख महिलाएं पूरे राज्य में जुड़ चुकी हैं। गांव मजबूत होगा, तभी राज्य मजबूत होगा। आज किसानों के लिए हम कई तरह की योजनाएं चला रहे हैं। हमने कानून बनाया है कि पशु मर गया तो बीमा का लाभ मिलेगा।

केंद्र से मदद नहीं मिली तो लागू की अबुआ आवास योजना

विपक्ष पर निशाना साधते हुए सीएम हेमंत सोरेन ने कहा कि पैसा देकर विज्ञापन छपवाया जाता है कि चार साल में मिला क्या? 4 साल में हमने पेंशन दिया। आज तक इन्होंने बुजुर्गों को पेंशन क्यों नहीं दिया? टॉर्च जलाकर भी देखेंगे तो कोई बिना पेंशन का नहीं मिलेगा। जब केंद्र सरकार ने पैसे नहीं दिए तो हमने अबुआ आवास योजना लागू की। आने वाले 5 वर्षों में राज्य में ऐसा कोई गरीब नहीं रहेगा जिसके पास अपना पक्का घर नहीं होगा।

बिहार आने के लिए ट्रेनों में लंबी वेटिंग लिस्ट, फेस्टिव सीजन में हवाई किराया 50 प्रतिशत बढ़ा

दो महीने बाद दिवाली-छठ, अभी से ट्रेन फुल-फ्लाइट्स महंगी

निज संवाददाता | पटना

एक नवंबर को दीपावली और 5 नवंबर को बिहार का सबसे बड़ा त्योहार छठ पूजा है। दोनों त्योहार में 2 महीने का समय है, लेकिन इस दौरान बिहार आने वाली लोकप्रिय ट्रेन में आप टिकट लेना चाहेंगे तो नहीं मिलेगी। स्थिति यह है कि कई ट्रेनों में नो रूम है, तो कई में लंबी वेटिंग लिस्ट। रिजर्वेशन विंडो खुलते ही नो रूम हो जा रहा है, मतलब कि इन ट्रेनों में आप वेटिंग टिकट भी नहीं ले सकेंगे। 25 से 31 अक्टूबर और 1 से 6 नवंबर तक बिहार के शहरों में आने वाली ट्रेनों में लंबी वेटिंग लिस्ट है। दशहरा से छठ तक कई ट्रेनें में नो रूम है। वहीं हावड़ा, रांची, न्यू जलपाइगुड़ी, लखनऊ से आने वाली वंदे भारत में आसानी से टिकट मिल रहा है। एक तरफ जहां ट्रेन में टिकट नहीं मिल रही है, वहीं पैसेंजर्स की भीड़ को देखते हुए एयरलाइन्स ने किराया बढ़ा दिया है। फेस्टिव सीजन में हवाई जहाज के किराए में 50 फीसदी तक बढ़ोतरी हुई है। उसमें भी टिकट मिलने में परेशानी हो रही है। विक्रमशिला एक्सप्रेस, नॉर्थ ईस्ट एक्सप्रेस,डिब्रूगढ राजधानी एक्सप्रेस, मगध एक्सप्रेस, महानंदा एक्सप्रेस, श्रमजीवी एक्सप्रेस, फरक्का एक्सप्रेस, विभूति एक्सप्रेस, पूर्वा एक्सप्रेस, उपासना एक्सप्रेस, जनशताब्दी एक्सप्रेस, अमृतसर हावड़ा मेल, ब्रह्मपुत्र मेल, सीमांचल एक्सप्रेस, संपूर्ण क्रांति एक्सप्रेस सहित विभिन्न रेगुलर ट्रेनों में सीटें फुल है। दुर्गा पूजा, दीपावली, छठ त्योहार को लेकर बस-ट्रेन में भीड़ है। बाहर काम करने वाले अपना समय भी बचाना चाहते हैं, ऐसे में लोग फ्लाइट से आना-जाना चाहते हैं, लेकिन भीड़ को देखते हुए किराए में बढ़ोतरी हुई है।

वंदे भारत ट्रेनों में मिल रहा कंफर्म टिकट

बाकी ट्रेनों में टिकट नहीं मिल पाने के कारण लखनऊ से खुलकर पटना आने वाली वंदे भारत एक्सप्रेस में तेजी से बुकिंग हो रही है। सितंबर महीने तक 25 से अक्टूबर से 6 नवंबर तक सीटें फूल होने की उम्मीद है। वहीं न्यू जलपाईगुड़ी, रांची और हावड़ा से आने वाले वंदे भारत में टिकट आसानी से मिल रही है।

झारखंड के पूर्व सीएम चंपाई सोरेन 30 अगस्त को बीजेपी में होंगे शामिल

एजेंसी | नई दिल्ली

झारखंड के पूर्व सीएम चंपाई सोरेन 30 अगस्त को भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) में शामिल होंगे। असम के सीएम हिमंता बिस्वा सरमा ने सोमवार रात सोशल मीडिया एक्स पर लिखा- चंपाई सोरेन ने कुछ देर पहले केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात की। वे रांची में आधिकारिक रूप से भाजपा में शामिल होंगे। रिपोर्ट्स के मुताबिक दिल्ली में 25 अगस्त को गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात के बाद चंपाई को जेड प्लस सुरक्षा दे दी गई है। झारखंड पहुंचने के बाद वे इसी सुरक्षा घेरे में रहेंगे। चंपाई 28 अगस्त को झारखंड कैबिनेट से इस्तीफा दे सकते हैं।

झारखंड मुक्ति मोर्चा (जेएमएम के बड़े आदिवासी नेता चंपाई करीब 5 महीने तक झारखंड से मुख्यमंत्री रहे। मौजूदा सीएम हेमंत सोरेन जब जमीना घोटाला केस में जेल गए तो उन्होंने ही चंपाई को जिम्मेदारी दी थी। उनके जेल से बाहर आने के बाद जुलाई में चंपाई पद से इस्तीफा दे दिया था। 31 जनवरी को सीएम पद संभालने वाले चंपाई ने 3 जुलाई को इस्तीफा दिया था।

न्यूज बाइट्स

शोक सभा का आयोजन कर सेवानिवृत्त शिक्षक को दी गई श्रद्धांजलि

नारदीगंज (नि.सं.)। प्रखंड मुख्यालय स्थित पेंशनर भवन में मंगलवार को एक शोक सभा का आयोजन किया गया। इस सभा की अध्यक्षता पेंशनर समाज के प्रखंड अध्यक्ष रामधनी प्रसाद ने की। शोक सभा में ओड़ो निवासी सेवानिवृत्त शिक्षक उपेंद्रनाथ शर्मा के निधन पर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। सभा के दौरान उपस्थित लोगों ने दो मिनट का मौन रखकर उपेंद्रनाथ शर्मा को श्रद्धांजलि दी। कहा गया कि उनके निधन से न केवल उनके स्वजन, बल्कि समाज को भी अपूरणीय क्षति पहुंची है। इस अवसर पर समाज के सचिव श्रीकांत सिंह, दशरथ प्रसाद, भुवनेश्वर प्रसाद सिंह, रामशरण सिंह, सियाशरण दास, चंद्रिका सिंह और कामता प्रसाद सिंह समेत अन्य लोग भी उपस्थित थे और उन्होंने दुःख व्यक्त करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की।

बिना चालान का बालू लदा तीन ट्रैक्टर जब्त

नारदीगंज (नि.सं.)। सोमवार की शाम को थाना क्षेत्र के इचुआ गांव के समीप खनन विभाग और नारदीगंज पुलिस ने संयुक्त रूप से छापेमारी की। इस छापेमारी के दौरान बिना चालान के बालू लदे तीन ट्रैक्टर को पुलिस ने जब्त किया। थानाध्यक्ष राजगृह प्रसाद ने बताया कि खनन अधिनियम के तहत कांड संख्या 287/2024 दर्ज किया गया है। इस कार्रवाई से खनन विभाग और पुलिस की तत्परता दर्शाई गई है।

ब्रह्माकुमारी सेवा केंद्र में धूमधाम से मनाई गई श्रीकृष्ण जन्माष्टमी

रजौली (नि.सं.)। नगर पंचायत क्षेत्र के नीचे बाजार स्थित राज शिवाला के समीप प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के राजयोग सेवा केंद्र में जन्माष्टमी धूमधाम से मनाई गई। इस अवसर पर बच्चों द्वारा राधा-कृष्ण की झांकी प्रस्तुत की गई, जो मनमोहन का केंद्र बिंदु रही। माखन मिश्री का भोग लगाकर आरती उतारी गई। सेवा केंद्र की संचालिका पूर्णिमा दीदी द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं पर सुंदर नाटिका और नृत्य प्रस्तुत किए गए। पूर्णिमा दीदी ने श्रीकृष्ण के व्यक्तित्व को अत्यंत महान और आकर्षक बताया, जो सतयुग से कलयुग तक अनूठा है। मंदिर में उपस्थित दर्जनों भाई-बहन इस आयोजन में शामिल हुए और भगवान श्रीकृष्ण के जन्मोत्सव का आनंद लिया।

ब्रह्माकुमारी सेवा केंद्र में धूमधाम से मनाई गई श्रीकृष्ण जन्माष्टमी

रजौली (नि.सं.)। नगर पंचायत क्षेत्र के नीचे बाजार स्थित राज शिवाला के समीप प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के राजयोग सेवा केंद्र में जन्माष्टमी धूमधाम से मनाई गई। इस अवसर पर बच्चों द्वारा राधा-कृष्ण की झांकी प्रस्तुत की गई, जो मनमोहन का केंद्र बिंदु रही। माखन मिश्री का भोग लगाकर आरती उतारी गई। सेवा केंद्र की संचालिका पूर्णिमा दीदी द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं पर सुंदर नाटिका और नृत्य प्रस्तुत किए गए। पूर्णिमा दीदी ने श्रीकृष्ण के व्यक्तित्व को अत्यंत महान और आकर्षक बताया, जो सतयुग से कलयुग तक अनूठा है। मंदिर में उपस्थित दर्जनों भाई-बहन इस आयोजन में शामिल हुए और भगवान श्रीकृष्ण के जन्मोत्सव का आनंद लिया।

बाइक से लाया जा रहा 213 लीटर महुआ शराब बरामद

नवादा (नि.सं.)। नवादा जिले के अकबरपुर पुलिस ने शराब तस्करी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस ने साहेबगंज से जंगल की ओर से बाइक पर ले जाई जा रही 213 लीटर महुआ शराब को बरामद किया और बाइक को जप्त कर लिया। शराब तस्कर मौके से फरार होने में सफल रहा। इस मामले में अज्ञात के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर अग्रेतर कार्रवाई शुरू की गई है। पुलिस की निष्क्रियता की वजह से अवैध शराब निर्माण और बिक्री का धंधा बढ़ता जा रहा है।

सिपाही भर्ती परीक्षा का अंतिम चरण आज, डीएम-एसपी ने कहा : लापरवाही बरतने पर होगी कार्रवाई

- जिले में कुल 22 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं, जहां 10,092 परीक्षार्थी देंगे परीक्षा
- किसी भी प्रकार की लिखित सामग्री, इलेक्ट्रॉनिक उपकरण या अवांछित वस्तुओं के साथ परीक्षा केंद्र में प्रवेश पूरी तरह से निषिद्ध

परीक्षा केंद्रों के आसपास स्थित फोटो स्टेट दुकानों, साइबर कैफे और इंटरनेट सुविधा देने वाले केंद्रों को सुबह 08:00 बजे से 03:00 बजे तक बंद करने का आदेश

निज संवाददाता | नवादा

केन्द्रीय चयन पर्षद द्वारा आयोजित सिपाही भर्ती परीक्षा के अंतिम चरण की परीक्षा आज एकल पाली में दोपहर 12:00 बजे से 02:00 बजे तक होगी। परीक्षा के सफल और कदाचारमुक्त आयोजन को सुनिश्चित करने के लिए डीएम आशुतोष कुमार वर्मा और एसपी श्री अम्बरीष राहुल ने आज डीआरडीए सभागार में केन्द्राधीक्षकों, दंडाधिकारियों और पुलिस अधिकारियों के साथ बैठक की और ब्रीफिंग दी। जिलाधिकारी ने कहा कि अब तक पांच चरणों की परीक्षा शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुई है और अंतिम चरण की परीक्षा भी स्वच्छ और कदाचारमुक्त वातावरण में संपन्न करनी होगी। उन्होंने केन्द्राधीक्षकों से आग्रह किया कि वे पूरी मुश्तैदी के साथ अपने कर्तव्यों का पालन करें। इन्फास्ट्रक्चर की व्यवस्था, जैसे कि निर्बाध बिजली, पंखा, पानी, सीसीटीवी कैमरा, जैमर, और शौचालय, सही ढंग से सुनिश्चित की जाए। पिछली परीक्षा में कुछ कमियां पाई गई थीं, जिन्हें ठीक कर लिया जाएगा। जिलाधिकारी ने केन्द्राधीक्षकों से कहा कि वे परीक्षार्थियों को परीक्षा केंद्र के मुख्य प्रवेश द्वार पर सघन तलाशी के बाद ही अंदर जाने दें। रिपोर्टिंग टाइम सुबह 09:30 बजे निर्धारित किया गया है। केवल एडमिट कार्ड के साथ ही परीक्षार्थी परीक्षा केंद्र में प्रवेश कर सकेंगे। परीक्षा केंद्र के अंदर किसी भी प्रकार की इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस, जैसे कि मोबाईल फोन, घड़ी, या अन्य उपकरण लाना पूरी तरह से निषिद्ध होगा। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि सभी प्रतिनियुक्त दंडाधिकारी और पुलिस अधिकारी अपने-अपने स्थान पर समय पर पहुंचेंगे और सघन निगरानी करेंगे। जिले में कुल 22 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं, जहां 10,092 परीक्षार्थी परीक्षा देंगे। सुरक्षा व्यवस्था के लिए 44 स्टैटिक दंडाधिकारी, 22 पुलिस पदाधिकारी, और अन्य जोनल दंडाधिकारी एवं गश्ती दल की प्रतिनियुक्ति की गई है। उड़नदस्ता दल में भी सशस्त्र लाठी बल के साथ दंडाधिकारी और पुलिस पदाधिकारी शामिल होंगे। सिपाही भर्ती परीक्षा के सुचारु संचालन के लिए समाहरणालय, नवादा में एक नियंत्रण कक्ष स्थापित किया गया है, जिसका दूरभाष नंबर 06324-212261 है। नियंत्रण कक्ष में दंडाधिकारी और पुलिस अधिकारी तैनात रहेंगे, जो पल-पल की गतिविधियों पर निगरानी रखेंगे। अग्निशामक, चिकित्सा व्यवस्था, और अन्य आपातकालीन संसाधन भी उपलब्ध कराए जाएंगे।

जिला शिक्षा पदाधिकारी को निर्देश दिया गया है कि वे अपने दायित्वों का पालन सुनिश्चित करें और परीक्षा के दौरान वीडियोग्राफी की व्यवस्था करेंगे। किसी भी प्रकार की लिखित सामग्री, इलेक्ट्रॉनिक उपकरण या अवांछित वस्तुओं के साथ परीक्षा केंद्र में प्रवेश पूरी तरह से निषिद्ध होगा। अपर समाहर्त्ता नवादा ने निर्देश दिया कि सभी केन्द्राधीक्षक और दंडाधिकारी जिलाधिकारी और पुलिस पदाधिकारी के आदेश का अनुपालन करेंगे और परीक्षा को स्वच्छ और कदाचारमुक्त तरीके से संपन्न कराएंगे। अनुमंडल पदाधिकारी नवादा सदर और अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी नवादा को परीक्षा अवधि के दौरान सतत गश्ती और विधि-व्यवस्था बनाए रखने का निर्देश दिया गया है।

परीक्षा के दिन परीक्षा केंद्रों के आसपास स्थित फोटो स्टेट दुकानों, साइबर कैफे और इंटरनेट सुविधा देने वाले केंद्रों को सुबह 08:00 बजे से 03:00 बजे तक बंद करने का आदेश दिया गया है। बैठक में उप विकास आयुक्त नवादा, अपर समाहर्त्ता नवादा, जिला लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी, गोपनीय प्रभारी, अनुमंडल पदाधिकारी नवादा सदर, जिला शिक्षा पदाधिकारी, डीसीएलआर नवादा सदर, और डीएसपी नवादा सदर के साथ-साथ केन्द्राधीक्षक और पुलिस पदाधिकारी भी उपस्थित थे।

बिजली करंट से अधेड़ की हुई मौत, मचा कोहराम

- शौच के लिए बाहर नही जाते तो बच सकती थी जान

निज संवाददाता | नरहट (नवादा)

मंगलवार को थाना क्षेत्र के पुनौल गांव में सुबह शौच के लिए खेत की ओर जा रहे एक व्यक्ति को बिजली के करंट की चपेट में आने से मौत हो गई। मृतक की पहचान फागु चौहान के 45 वर्षीय पुत्र मुनिरक चौहान के रूप में की गई है। मृतक के परिवार में मातम छा गया और पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई। स्वजनों का रो-रो कर बुरा हाल हो गया है। मृतक अपनी पत्नी, तीन बेटियों और दो बेटों को छोड़कर गया है। पत्नी अपने बच्चों के भविष्य को लेकर चिंतित हो गई है। घटना की सूचना पर स्थानीय पुलिस दल बल के साथ मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए नवादा भेज दिया। अपर थानाध्यक्ष श्याम कुमार पांडेय ने बताया कि मृतक शौच के लिए खेत की ओर जा रहे थे और बिजली के करंट से उनकी मौत हो गई। एफएसएल टीम द्वारा जांच की गई है और मृतक की पत्नी के आवेदन पर यूडी केस दर्ज किया गया है। स्वच्छ भारत अभियान के तहत हर घर में शौचालय का निर्माण कराया गया है और इसके लिए सरकार की ओर से अनुदान भी दिया गया था। कहा जा रहा है कि यदि मृतक शौच के लिए खेत की ओर नहीं जाते और शौचालय का उपयोग करते तो यह हादसा टाला जा सकता था। स्वच्छता और खुले में शौच के उन्मूलन के लिए लगातार जागरूकता अभियान के बावजूद ग्रामीण आज भी खुले में शौच के लिए जाते हैं। इससे करंट, सर्प दंश, या दुर्व्यवहार जैसी समस्याएं उत्पन्न हो सकती हैं। जागरूकता और शौचालय का उपयोग इन समस्याओं से बचने का उपाय है।

पेड़ में लटका मिला युवक का शव, क्षेत्र में दहशत का माहौल

घटना के बाद क्षेत्र में दहशत का माहौल बन गया है। कुछ लोग इसे हत्या मान रहे हैं, जबकि अन्य आत्महत्या की संभावना जता रहे हैं।

निज संवाददाता | नारदीगंज (नवादा)

थाना क्षेत्र के लोदीपुर जफरा गांव के समीप बधार में मंगलवार को दोपहर के समय एक युवक का शव एक कहुआ के पेड़ से लटका हुआ मिला। यह शव एक महिला द्वारा देखा गया, जो बधार में घास काटने के लिए गई थी। महिला ने शव की सूचना देखकर शोर मचाया, जिससे आसपास के इलाके के काफी लोग घटनास्थल पर पहुंचे और शव की पहचान की। मृतक की पहचान सहजपुरा निवासी दशरथ सिंह के 48 वर्षीय पुत्र सिंटू कुमार के रूप में की गई है। शव के गले को दो गमछों से पेड़ से बांधकर लटका दिया गया था। इनमें से एक गमछा लाल रंग का था, जबकि दूसरा सफेद रंग का था। स्थानीय लोगों के अनुसार, लाल गमछा मृतक का है, जबकि सफेद गमछा किसी अन्य व्यक्ति का हो सकता है। इस घटना के बाद क्षेत्र में दहशत का माहौल उत्पन्न हो गया है। कुछ लोग इसे हत्या मान रहे हैं, जबकि अन्य आत्महत्या की संभावना जता रहे हैं।

घटना की सूचना मिलते ही पुलिस प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी मौके पर पहुंचे। सदर एसडीपीओ-2 सुनील कुमार, थानाध्यक्ष राजगृह प्रसाद, एसआई कमलेश कुमार और अन्य पुलिस बल ने घटनास्थल पर पहुंचकर मामले की जांच शुरू की। फोरेंसिक विभाग के रंजीत कुमार भी अपनी टीम के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और साक्ष्यों की जांच की। पुलिस ने शव को कानूनी प्रक्रिया के तहत पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल नवादा भेज दिया। मृतक सिंटू कुमार दिल्ली में एक प्राइवेट फर्म में काम करता था और लगभग डेढ़ माह पहले अपने गांव सहजपुरा आया था। बीते 25 अगस्त को वह अपने रिश्तेदार के यहां मनमां गांव गया था। हाल ही में लगातार हुई बारिश के कारण उसका खपरैल युक्त घर गिर गया था, जिसकी सूचना उसने अपने स्वजनों को दी थी। सिंटू ने 27 अगस्त को अपने गांव लौटने की बात कही थी, लेकिन वह घर नहीं पहुंचा। मंगलवार को उसका शव लोदीपुर जफरा गांव के समीप बधार में कहुआ के पेड़ से लटका मिला। स्वजन और शुभचिंतकों के बीच शोक की लहर दौड़ गई है। शव को देखकर परिवार के सदस्य विलाप कर रहे हैं और उनका बुरा हाल है। थानाध्यक्ष राजगृह प्रसाद ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारणों का पता चल सकेगा। पुलिस मामले की हर पहलू से गंभीरता से जांच कर रही है और पीड़ित पक्ष की ओर से आवेदन की प्रतीक्षा की जा रही है।

इस घटना से संबंधित हर पहलू को ध्यान में रखते हुए पुलिस और फोरेंसिक विभाग की टीमें मामले की गहराई से जांच कर रही हैं और संबंधित कानूनी कार्यवाही की जा रही है।

साइबर अपराध के खिलाफ मिशन मूड में पुलिस प्रशासन, मिली सफलता

साइबर अपराध में लिप्त पांच युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार किया, भारी मात्रा में सामग्री बरामद

- बरामद सामग्री: 16 एंड्रॉयड मोबाइल, 4 पन्ने का कस्टमर डेटा शीट, 4 आधार कार्ड, 4 वोटर कार्ड, 4 पैन कार्ड, विभिन्न बैंकों के 4 एटीएम कार्ड, मोबाइल नंबर, नाम, ईमेल, और राज्य की जानकारी वाली दो कॉपियां
- अपराधियों की पहचान: शशिकांत कुमार उर्फ बबलू (पैगरी गांव, नवादा), पवन कुमार (पैगरी गांव, नवादा), शशिकांत कुमार (पैगरी गांव, नवादा), शशिकांत सिंह उर्फ गुड्डू (खंडक पर मोहल्ला, बिहार शरीफ, नालंदा), रवि कुमार (देवी सराय मोहल्ला, दीप नगर थाना क्षेत्र)

निज संवाददाता | नवादा

नवादा जिले के वारिसलीगंज थाना क्षेत्र के पैगरी गांव से साइबर थाना की पुलिस ने मंगलवार को एक बड़ी कार्रवाई को अंजाम देते हुए पांच साइबर अपराधियों को गिरफ्तार किया। यह कार्रवाई पैगरी गांव के एक बगीचे में की गई, जहाँ पुलिस ने दर्जनों मोबाइल फोन और कस्टमर डेटा के साथ इन अपराधियों को पकड़ा। साइबर थाना की पुलिस ने बताया कि पकड़े गए सभी आरोपित शातिर साइबर ठग थे, जो एक बगीचे में बैठकर लोगों को ठगने का काम कर रहे थे। ये लोग इस्लामिक फाइनांस बैंक से सस्ते दर पर लोन, जुडियो और डॉमिनोज के फ्रेंचाइजी देने के नाम पर देश के विभिन्न हिस्सों से लोगों से ठगी की वारदातें अंजाम दे रहे थे। साइबर पुलिस पोर्टल पर आने वाली शिकायतों के आधार पर आर्थिक अपराध इकाई ने इन अपराधियों के बारे में जानकारी उपलब्ध कराई थी। छापेमारी के दौरान पुलिस ने अपराधियों के पास से 16 एंड्रॉयड मोबाइल, चार पन्ने का कस्टमर डेटा शीट, चार आधार कार्ड, चार वोटर कार्ड, चार पैन कार्ड, विभिन्न बैंकों के चार एटीएम कार्ड और मोबाइल नंबर, नाम, ईमेल व राज्य की जानकारी वाली दो कॉपियां बरामद कीं। पकड़े गए साइबर अपराधियों में नवादा जिले के वारिसलीगंज थाना क्षेत्र के पैगरी गांव के केदार प्रसाद के पुत्र शशिकांत कुमार उर्फ बबलू, नरेश प्रसाद के पुत्र पवन कुमार, बबलू कुमार के पुत्र शशिकांत कुमार, नालंदा जिले के बिहार शरीफ थाना क्षेत्र के खंडक पर मोहल्ले के निवासी शैलेंद्र कुमार के पुत्र शशिकांत सिंह उर्फ गुड्डू और दीप नगर थाना क्षेत्र के देवी सराय मोहल्ले के निवासी अशोक प्रसाद के पुत्र रवि कुमार शामिल हैं। पुलिस की सूचना के बाद कई अन्य साइबर अपराधी मौके से फरार हो गए। पुलिस ने इनकी पहचान कर उन्हें पकड़ने के लिए छापेमारी तेज कर दी है।

इससे पहले भी इस गांव में कई बार छापेमारी की गई थी, जिसमें दर्जनों युवकों को गिरफ्तार किया गया था, लेकिन साइबर अपराध में कमी के बजाय वृद्धि ही देखने को मिली है। क्षेत्र के सैकड़ों गांवों में यह अपराध उद्योग के रूप में फैल चुका है, जहां ठग भोले-भाले युवकों को कमीशन का प्रलोभन देकर उन्हें इस अपराध में शामिल करते हैं और उचित प्रशिक्षण के बाद उन्हें काम पर लगा देते हैं। पुलिस द्वारा की गई इस कार्रवाई से स्थानीय लोगों में राहत की लहर है, लेकिन यह भी सवाल उठता है कि साइबर अपराध पर पूर्ण रूप से अंकुश लगाने के लिए और कठोर कदम उठाने की आवश्यकता है।

जिले में धूमधाम से मना श्रीकृष्ण जन्मोत्सव

निज संवाददाता | नवादा

नवादा जिले में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का पर्व पूर्ण धार्मिक रीतिरिवाज और धूमधाम के साथ मनाया गया। मंगलवार को श्रीकृष्ण जन्मोत्सव के अवसर पर विभिन्न स्थानों पर भव्य समारोह आयोजित किए गए। नगर के प्रसिद्ध गोवर्द्धन धाम मंदिर में जन्माष्टमी की रात मध्यरात्रि को भगवान श्री कृष्ण के प्रकट होने के साथ ही मंदिर परिसर भव्य धार्मिक उत्सव से गूंज उठा। गोवर्द्धन धाम मंदिर में हजारों श्रद्धालुओं ने जन्माष्टमी की रात को कान्हा के दर्शन किए और भक्ति के उमंग में झूम उठे। श्रद्धालुओं ने बृंदावन और गोकुलवासियों को पीछे छोड़ते हुए सोहर के धुन पर नाचने लगे। सूरदास के वात्सल्य रस से भरा यह आयोजन भक्तों के लिए अविस्मरणीय अनुभव बन गया। मंदिर में माखन मिश्री और दुग्ध-दही का प्रसाद ग्रहण करने के लिए भक्तों की लंबी कतारें लगी रही। पूर्व श्रम राज्य मंत्री राजबल्लभ प्रसाद के सौजन्य से आयोजित इस आयोजन का यजमानी विधायक विभा देवी और एमएलसी अशोक यादव समेत समस्त राजबल्लभ परिवार ने किया। दक्षिण शैली की वास्तुकला से निर्मित गोवर्द्धन मंदिर बिहार के श्रेष्ठ मंदिरों में शामिल है।

अनुसूचित परिवार के दो पशुपालकों के बीच मुर्गियों और बकरियों का वितरण

कौआकोल (नवादा)। प्रखंड के जेपी आश्रम सोखोदेवरा में मंगलवार को कृषि विज्ञान केंद्र और ग्राम निर्माण मंडल सर्वोदय आश्रम, सोखोदेवरा द्वारा अनुसूचित जाति उप-परियोजना के अंतर्गत दो पशुपालक लाभुकों को मुर्गियों और बकरियों का वितरण किया गया। कृषि विज्ञान केंद्र के वरीय वैज्ञानिक डॉ. जयवंत कुमार सिंह ने बताया कि सोनाली नस्ल की 32 मुर्गियां और ब्लैक बंगाल नस्ल की 4 बकरियां एवं 1 बकरा वितरित किया गया। साथ ही, पशुपालकों को खरखाव, बीमारी प्रबंधन और आहार प्रबंधन के बारे में जानकारी भी दी गई। डॉ. धनंजय कुमार और अंगद कुमार ने बताया कि मुर्गी और बकरी पालन से पशुपालक किसानों को आय सृजन और स्वावलंबन की दिशा में मदद मिलेगी।

फोरलेन सर्विस रोड के निर्माण के लिए भवनों को किया गया ध्वस्त

डीएम के निर्देश पर हुई कार्रवाई,सीओ और पुलिस बल रहे मौजूद

निज संवाददाता | रजौली (नवादा)

प्रखंड क्षेत्र के सिमरकोल मोड़ के समीप फोरलेन के सर्विस रोड पर अवस्थित भवनों को जिलाधिकारी नवादा के निर्देश पर सीओ मो गुफरान मजहरी और पुलिस बलों की मौजूदगी में जेसीबी मशीन से ध्वस्त किया गया। यह कार्रवाई कई वर्षों से लंबित पड़ी थी, जबसे सिमरकोल मोड़ के पास पेट्रोल पंप की दिशा में सर्विस रोड का निर्माण बाधित हो गया था। एनएचएआई ने सर्विस रोड के लिए आवश्यक भूमि का अधिग्रहण कर लिया था और संबंधित लाभुकों के खाते में भुगतान भी कर दिया था। इसके बावजूद, कुछ भवन मालिकों के अडियल रवैये के कारण निर्माण कार्य नहीं हो पा रहा था, जिससे एनएचएआई को कई समस्याओं का सामना करना पड़ रहा था। भवन मालिकों के विरोध के कारण सर्विस रोड का निर्माण रुका हुआ था, जिससे फोरलेन में गलत दिशा से वाहनों की आवाजाही बढ़ गई थी। इसके परिणामस्वरूप, साइकिल, मोटरसाइकिल और अन्य वाहनों से गलत दिशा में चलने के कारण कई सड़क दुर्घटनाएं भी हो रही थीं। एनएचएआई की ओर से जिलाधिकारी नवादा से इस मुद्दे पर आवश्यक कार्रवाई की गुहार लगाई गई। जिलाधिकारी के निर्देश पर एसडीओ रजौली ने सीओ रजौली और थाना रजौली को निर्देशित किया कि सर्विस रोड में अधिगृहित भूमि पर बने भवनों के खिलाफ आवश्यक कार्रवाई की जाए। इसके बाद, सीओ और पुलिस बलों की उपस्थिति में जेसीबी मशीन का उपयोग कर सर्विस रोड पर स्थित भवनों को ध्वस्त कर दिया गया। ध्वस्त किए गए भवनों में सनोज पंडित, सुरेश पंडित, भोली पंडित और अमन राज के भवन शामिल हैं। इन भवनों के हटने के बाद, सर्विस रोड के निर्माण का मार्ग पूरी तरह से साफ हो गया है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार, जल्द ही सर्विस रोड का निर्माण कार्य शुरू किया जाएगा। नए सर्विस रोड के निर्माण से ग्रामीणों को सड़क पर सही दिशा में चलने में सुविधा होगी, जिससे सड़क दुर्घटनाओं में भी कमी आएगी।

लूट की झूठी साजिश का खुलासा : पति-पत्नी गिरफ्तार

निज संवाददाता | नवादा

नवादा जिले के धमौल थाना क्षेत्र में पुलिस ने एक बड़ी सफलता हासिल की है। बाइक सवार पति-पत्नी द्वारा रची गई लूट की झूठी साजिश को महज 12 घंटे के भीतर उजागर कर दिया गया है। पुलिस ने इस मामले में जालसाज पति-पत्नी को गिरफ्तार कर लिया है, जिन्होंने लूट की फर्जी कहानी बनाई थी। जानकारी देते हुए पकरीबरावां एसडीपीओ महेश चौधरी ने बताया कि रविवार को चंद्रदीप थाना क्षेत्र के तेलार गांव निवासी विकास कुमार की पत्नी नीतू कुमारी ने धमौल थाना में आवेदन देकर शिकायत की थी। नीतू ने आरोप लगाया था कि वह अपने पति के साथ शेखपुरा से लौटते समय धमौल थाना क्षेत्र के रेवार मोड़ के समीप संध्या करीब 7 बजे अज्ञात व्यक्ति द्वारा 80 हजार रुपए और सोने की चेन लूट ली गई। इस आधार पर धमौल थाना में कांड संख्या 89/24 दर्ज किया गया था।

पुलिस जांच और खुलासा

मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर एसडीपीओ महेश चौधरी के नेतृत्व में एक विशेष टीम गठित की गई। तकनीकी अनुसंधान और ह्यूमन इंटेलिजेंस की मदद से पता चला कि नीतू कुमारी के पति विकास कुमार ने एक वर्ष पूर्व गांव के ही सहदेव चौधरी के पुत्र रौशन कुमार से 2 लाख रुपए बिटकॉइन में निवेश करने के लिए उधार लिया था। हालांकि, बिटकॉइन की कीमत कम होने के कारण रौशन कुमार ने अपने पैसे वापस मांगने शुरू कर दिए थे। इस विवाद को लेकर रौशन कुमार ने विकास कुमार के खिलाफ जमुई कोर्ट में केस दर्ज करवा दिया था। इस स्थिति से परेशान होकर विकास कुमार ने रौशन कुमार को फंसाने के लिए एक झूठी लूट की साजिश रची। उसने अपनी पत्नी नीतू को आवेदनकर्ता बनाकर धमौल थाना में लूट की फर्जी शिकायत दर्ज करवाई। रौशन कुमार से पूछताछ के बाद पुलिस ने इस झूठी साजिश को उजागर किया। पति-पत्नी ने पुलिस के सामने अपनी साजिश स्वीकार कर ली। एसडीपीओ महेश चौधरी ने बताया कि सुसंगत धाराओं के तहत एफआईआर दर्ज कर दोनों अभियुक्तों को न्यायिक हिरासत में भेजा गया है।

गैस सिलेंडर रिसाव से मां-बेटा झुलसे

निज संवाददाता | नारदीगंज (नवादा)

थाना क्षेत्र के हरनारायणपुर गांव में मंगलवार की शाम गैस सिलेंडर पर भोजन बनाते समय गैस रिसाव के कारण एक दुखद घटना घटी। गैस रिसाव के चलते मां और उसके डेढ़ वर्षीय बेटे के झुलसने की सूचना मिली है। गंभीर रूप से झुलसे हुए दोनों को इलाज के लिए नवादा ले जाया गया है। घटना के अनुसार, हरनारायणपुर निवासी शंकर चौधरी की 35 वर्षीय पत्नी ललिता देवी रसोईघर में गैस सिलेंडर पर खाना बना रही थी। जैसे ही उसने गैस का स्विच ऑन किया, गैस सिलेंडर से तेजी से गैस रिसाव शुरू हो गया। इस रिसाव की जानकारी ललिता देवी को नहीं मिल सकी और जब उसने लाइटर जलाया, तो चूल्हे से निकलती आग की लपटें उसके कपड़ों को पकड़ लिया। इस आग की चपेट में उसकी डेढ़ वर्षीय पुत्र गुड्डू कुमार भी आ गया। आग की लपटें देख आसपास के लोग जुटे और काफी मेहनत के बाद आग पर काबू पाया गया। हालांकि, तब तक आग ने घर में रखे कपड़े, अनाज और अन्य सामान को जलाकर राख कर दिया। ललिता देवी और गुड्डू कुमार को गंभीर रूप से झुलसे हुए देखकर तत्काल ग्रामीणों ने उन्हें नवादा अस्पताल में इलाज के लिए भेजा। घटना से संबंधित नुकसान की अनुमानित राशि लगभग 50 हजार रुपये बताई जा रही है।

कौआकोल में ग्रामीण महिलाओं के लिए स्वावलंबन की नई दिशा, बढ़-चढ़ कर ले रही महिलायें भाग

डिजाइनर मोमबत्तियां बनाने का पांच दिवसीय प्रशिक्षण शुरू

निज संवाददाता | कौआकोल (नवादा)

प्रखंड के जेपी आश्रम सोखोदेवरा में मंगलवार को एक विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम की शुरुआत की गई। इस पांच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्देश्य ग्रामीण महिलाओं को स्वावलंबी बनाना है। प्रशिक्षण का आयोजन कृषि विज्ञान केंद्र, ग्राम निर्माण मंडल सर्वोदय आश्रम, सोखोदेवरा, नवादा के बैनर तले किया जा रहा है। प्रशिक्षण कार्यक्रम में भाग लेने वाली घरेलू महिलाओं को मोमबत्तियां बनाने की कला के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। कृषि विज्ञान केंद्र के गृह विभाग की वैज्ञानिक अनुज्ञा भारती ने प्रशिक्षण के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि मोमबत्तियों का उत्पादन कम पूंजी में किया जा सकता है और इससे अच्छा मुनाफा भी होता है। यदि महिलाएँ इस प्रशिक्षण को ध्यानपूर्वक प्राप्त करें और इसे अपनाएं, तो वे घर बैठे स्वावलंबी बन सकती हैं।

प्रशिक्षण के दौरान सिखाए जाएंगे विभिन्न डिज़ाइन

अनुज्ञा भारती ने कहा कि पांच दिनों तक चलने वाले इस प्रशिक्षण के दौरान महिलाओं को विभिन्न डिज़ाइन की मोमबत्तियां बनाने के गुर सिखाए जाएंगे। यह प्रशिक्षण महिलाओं को न केवल एक नया हुनर देगा, बल्कि उन्हें अपने घर की आर्थिक स्थिति सुधारने का एक साधन भी प्रदान करेगा।

प्रशिक्षण में शामिल विशेषज्ञ और उपस्थित लोग

इस मौके पर केवीके के वैज्ञानिक रविकांत चौबे, शशिकांत शेखर सिंह, अंगद कुमार, सुमिता रंजन और अन्य विशिष्ट अतिथि भी उपस्थित थे। उन्होंने प्रशिक्षण कार्यक्रम की सराहना की और महिलाओं को उनके प्रयासों में समर्थन देने का आश्वासन दिया। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम ग्रामीण महिलाओं के लिए एक महत्वपूर्ण अवसर है, जिससे वे आत्मनिर्भर बन सकें और अपने घर की आर्थिक स्थिति में सुधार कर सकें। मोमबत्ती निर्माण जैसे कौशल के माध्यम से महिलाओं को रोजगार के नए अवसर मिलेंगे और वे अपनी क्षमताओं को सही दिशा में लगा सकेंगी।

गोपाल मंडल बोले- अजय काला और बुलो गोरा नाग, JDU विधायक ने खुद को बताया फाइटर

♦ कहा- जो टकराएगा उसका सिर अलग कर देंगे

निज संवाददाता। भागलपुर

भागलपुर के नौगछिया से जेडीयू के बड़बोले विधायक गोपाल मंडल ने अपनी ही पार्टी के सांसद अजय मंडल और अतिपिछड़ा प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय अध्यक्ष बुलो मंडल की तुलना नाग से की है। उन्होंने अजय मंडल को काला नाग और बुलो मंडल को गोरा नाग बताया है। शब्दों की मर्यादा तोड़ते हुए जदयू विधायक गाली-गलौज तक उतर आए। इतना ही नहीं बुलो मंडल को अतिपिछड़ा प्रकोष्ठ का राष्ट्रीय अध्यक्ष बनाए जाने पर सवाल उठाए। रविवार को बिहपुर के जदयू कार्यालय में विधानसभा क्षेत्र के कार्यकर्ताओं की बैठक में गोपाल मंडल बोल रहे थे। कार्यक्रम में बोलते हुए गोपाल मंडल ने एनकाउंटर को लेकर चौंकाने वाला खुलासा भी किया। उन्होंने कहा- 'जब बुलो पर गोली चली थी तो हमने उसके दुश्मन को मरवा कर एनकाउंटर लिखवा दिया था, लेकिन वह हमको ही नहीं पूछने लगा। दोनों नाग है। एक गोरा और एक काला नाग।' उन्होंने कार्यकर्ताओं से कहा कि 'इनसे बचकर रहिएगा। उन्होंने अपने अंदाज में कहा कि हम तो फाइटर आदमी हैं। हमसे जो टकराएगा उसका सिर धड़ से अलग कर देंगे।

थानाध्यक्षों पर लगाए गंभीर आरोपः सांसद को लेकर उन्होंने कहा कि उसके पास संसाधन है, रुपए की कमी नहीं है। गाड़ी से वसूली किया है। एनटीपीसी से हर दिन घर में आते हैं 5 लाख रुपए। चुनाव के दौरान अजय को बोले थे सभी को संसाधन मुहैया करवाइए। इसके अलावा उन्होंने थानाध्यक्षों पर भी गम्भीर आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि थानाध्यक्ष बिना पैसा लिए काम नहीं करता है। हम थानेदार को गाली-गलौज ही करते हैं।

बुलो मंडल बोले- उन्हें इसकी जानकारी नहीं: बैठक में गोपालमंडल के बगल में मंच पर बिहपुर के भाजपा विधायक इंजीनियर शैलेंद्र भी थे। लेकिन उन्होंने इस मसले पर टिप्पणी करने से इनकार कर दिया। उन्होंने कहा कि जदयू जिलाध्यक्ष के बुलाने पर वे दो मिनट के लिए बैठक में गए थे। विधायक ने क्या कहा, इस पर ध्यान नहीं दिया। जदयू के जिलाध्यक्ष त्रिपुरारि भारती ने भी कहा कि विधायक की बात पर उन्होंने गौर नहीं किया। वहीं बुलो मंडल ने कहा कि इस बारे में जानकारी नहीं है। वीडियो सुनने के बाद ही कुछ बता सकते हैं।

मजदूरों का शोषण बर्दाश्त नहीं होगा सरकार इनकी समस्या पर दे ध्यान

निज संवाददाता। मुंगेर

भारतीय मजदूर संघ की एक दिवसीय अधिवेशन माधोपुर में संपन्न हुई। जिसमें भारतीय मजदूर संघ के प्रदेश अध्यक्ष राजेश लाल, जिलाध्यक्ष असद शमशी, जिला महामंत्री रामप्रवेश यादव, उपाध्यक्ष बिनोद मंडल, मजहर हुसैन, महिला प्रमुख अरुणा देवी एवं अन्य मजदूर साथी उपस्थित हुए। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में आरएसएस के विभाग प्रचारक देवेन्द्र मौजूद रहे। प्रदेश अध्यक्ष ने संगठन की मजबूती पर चर्चा की। जिलाध्यक्ष ने प्रदेश से आए अध्यक्ष समेत सभी पदाधिकारी का सम्मान किया। हमें डोर टू डोर जाकर असंगठित मजदूरों को सरकार से मिल रहे लाभ के बारे में बताना होगा। उन्होंने बताया कि जल्द ही वे जिला कार्य समिति की बैठक करेंगे। अधिवेशन में भवन पथ निर्माण कमिटी का चुनाव हुआ। जिसकी अध्यक्षता रामप्रवेश यादव ने की। जिसमें अध्यक्ष के रूप में भवन पथ कमिटी के अमरेन्द्र कुमार बनाए गए। वीआईपी योगेन्द्र, उपाध्यक्ष जगत नारायण, जिला मंत्री सहनो महतो, सह मंत्री जितेंद्र मंडल, अरुणा देवी, देव राज कुमार, प्रमोद तांती, प्रमोद पासवान गिरीश पासवान कार्यकारिणी सदस्य बनाए गए। धन्यवाद ज्ञापन प्रदेश अध्यक्ष राजेश लाल ने किया।

कुपोषित बच्चों के लिए घर-घर चलेगा अभियान

निज संवाददाता। भागलपुर

भागलपुर जिलाधिकारी डॉ. नवल किशोर चौधरी के आदेश में Mission 45 Care @Door को सरजमीं पर उतारने को लेकर सभी प्रखंडों में आशा, एएनएम, सेविका, सहायिका कुपोषित बच्चों के घर-घर भ्रमण कर उन्हें आवश्यक भोजन और दवा दे रहीं। इसके लिए कुपोषित बच्चों के अभिभावकों को भी संतुलित भोजन का चार्ट उपलब्ध कराया गया है। उनकी काउंसिलिंग की जा रही है।

पदाधिकारी और कर्मियों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम चलाया गयाः अति कुपोषित बच्चों के लिए पोषण पुनर्वास केंद्र, सदर अस्पताल का भ्रमण व निरीक्षण के दौरान सीमित बेड की संख्या (20 बेड) देखकर जिलाधिकारी डॉ. नवल किशोर चौधरी ने निर्देश दिया था कि जिले के सभी अति कुपोषित और कुपोषित बच्चों को उनके घर पर ही उनके अभिभावकों को संतुलित आहार की आवश्यक जानकारी दें। आशा/एएनएम/सेविका/सहायिका घर-पर लगातार भ्रमण कर अपने पर्यवेक्षण में संतुलित आहार और आवश्यक दवा प्रदान कर उन्हें 45 दिनों के अंदर कुपोषण से मुक्त किया जाए। भागलपुर जिला को कुपोषण मुक्त जिला बनाया जाए। इसके लिए सबसे पहले जिलास्तर पर फिर प्रखंड स्तर पर संबंधित पदाधिकारी और कर्मियों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम चलाया गया। अब सरजमीं पर कार्य प्रारंभ कर दिया गया है।

माध्यमिक शिक्षा के छठी से आठवीं के छात्रों को इंटर्नशिप कराया जाएगा

निज संवाददाता। भागलपुर

भागलपुर माध्यमिक शिक्षा के दौरान छठी से 8वीं क्लास के बच्चों को भी इंटर्नशिप कराया जाएगा। स्कूली शिक्षा के साथ ही प्रोफेशनल स्किल डेवलप करने के लिए यह पहल की गई है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 की चौथी वर्षगांठ पर केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय की ओर से बैगलेस-डे को लेकर दिशा-निर्देश जारी किया गया है। बैगलेस-डे के लिए निर्धारित 10 पीरियड में बच्चे विभिन्न क्राफ्ट स्किल के प्रोफेशनल्स से स्किल्स सीख सकेंगे, जो कि संबंधित स्किल के लिए उनकी इंटर्नशिप होगी। ऐसे में बच्चे प्रोफेशनल्स से इंटर्नशिप कर सकेंगे। केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय की ओर से बैगलेस डे को लेकर जारी दिशा-निर्देश के अनुसार, स्कूलों में छठी से 8वीं तक के सभी छात्र-छात्राओं के लिए 10 बैगलेस डे के पीरियड लगाए जाएंगे। इन पीरियड में स्टूडेंट्स को वोकेशनल क्राफ्ट जैसे कारपेंट्री, इलेक्ट्रिक मेटल गाडीनन, पाष्टरी मेकिंग सिखाया करके राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के सुझावों के अनुरूप एनसीईआरटी के पंडित सुंदरलाल शर्मा व्यावसायिक शिक्षा संस्थान भोपाल की ओर से इसकी कार्ययोजना तैयार की गई है। इस प्रोग्राम का उद्देश्य है कि स्कूलों में लर्निंग को अधिक आनंदपूर्ण, व्यवहारिक और तनावमुक्त बनाया जाए। इससे न केवल किताबी ज्ञान और ज्ञान के अनुप्रयोग के बीच की खाई कम होगी, बल्कि बच्चे विभिन्न प्रोफेशन में जरूरी स्किल को भी समझ सकेंगे। इससे उन्हें भविष्य के करिअर की राह तय करने में मदद मिलेगी। शिक्षा मंत्रालय के निर्देशों में कहा गया है कि 10 बैगलेस डे की पीरियड को स्कूल द्वारा वार्षिक शैक्षणिक कार्यक्रम में भी जोड़ा जा सकता है। केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय ने माध्यमिक स्तर से ही प्रोफेशनल स्किल डेवलप करने के लिए कार्ययोजना तैयार की है। माध्यमिक व उच्च माध्यमिक स्कूलों में पहले से ही वोकेशनल कोर्स चलाए जा रहे हैं। अब माध्यमिक स्तर से ही बच्चों को स्किल्ड बनाने की पहल की गई है। शिक्षाविद डॉ. निर्मल कुमार ने बताया कि नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति का उद्देश्य ही है बच्चों का चहुंमुखी विकास। इसी के अनुरूप यह प्रोग्राम तैयार किया गया है। इसका लाभ निश्चित ही बच्चों को मिलेगा। 2024-25 में ज्ञानदीप पोर्टल के माध्यम से दूसरे चरण के लिए 26 अगस्त तक ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन होगा। प्राथमिक शिक्षा निदेशक ने डीईओ और डीपीओ प्रारंभिक शिक्षा को पत्र भेजकर कहा है कि प्रस्वीकृति प्राप्त निजी स्कूलों में 31 जुलाई तक द्वितीय चरण में नामांकन के लिए रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया होनी थी, लेकिन बड़ी संख्या में लाभुक वर्ग के स्टूडेंट्स रजिस्ट्रेशन से वंचित रह गए हैं। ऐसे में अब 26 अगस्त तक रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया होगी।

कर्मियों की मांगें पूरी नहीं हुईं तो 30 से टीएमबीयू में होगी बंदी

भागलपुर। कर्मचारियों की मांगों पर विचार कर इसे पूरा करने के लिए टीएमबीयू प्रशासन के पास दो दिन का समय है। बात नहीं बनी तो कर्मचारी 30 अगस्त से चार सितंबर तक विवि में तालाबंदी करेंगे। पीजी विभागों, संबद्ध इकाइयों और कॉलेजों को भी बंद कराएंगे। बिहार राज्य विवि एवं महाविद्यालय कर्मचारी महासंघ के प्रक्षेत्रीय मंत्री सुशील मंडल ने बताया कि उन्होंने टीएमबीयू को इसके लिए पूर्व में आवेदन दिया था कि तृतीय और चतुर्थ वर्गीय कर्मचारियों की बकाया प्रोन्नति की प्रक्रिया शुरू की जाएगी। सातवें वेतनमान के एक अप्रैल 2017 से 31 मार्च 2019 तक के बकाए वेतनांतर का भुगतान किया जाए। टीएमबीयू के कर्मियों को एसीपी, एमएसीपी का बकाया देने की भी मांग की गई है। इनके नियमितीकरण और बढ़े हुए डीए के भुगतान की मांग भी की गई है। मांगों को लेकर 19 जुलाई को ही आवेदन दिया गया था। लेकिन विवि प्रशासन ने अब तक कोई कदम नहीं उठाया। विवि मंगलवार से खुलेगा तो उसके पास महासंघ की मांगों पर विचार करने तथा इन्हें पूरा करने के लिए दो दिन का समय रहेगा। बात नहीं बनी तो आंदोलन होगा।

जूठा बर्तन नहीं धोने पर मां ने डांटा, गुस्से में बेटी ने फांसी लगाकर की खुदकुशी

भागलपुर। जूठा बर्तन नहीं धोने पर मां की फटकार सुन नाराज नाबालिग बच्ची ने फंदे से लटककर खुदकुशी कर ली। बंद कमरे में उसका शव दुपट्टे के सहारे पंखे से लटका मिला। जब तक परिजन को मालूम हुआ, तबतक उसकी मौत हो चुकी थी। मृतका ज्योति कुमारी (14) बरारी के बंगाली टोला निवासी केदार नाथ सिंह की सबसे छोटी बेटी थी। सोमवार की सुबह जब परिजन जगे तो घटना के बारे में पता चला। परिजनों की सूचना पर पुलिस पहुंची।

JHARKHAND BIJLI VITRAN NIGAM LIMITED
(CIN: U40108JH2013SGC001702)
Office of the General Manager-Cum-Chief Engineer, Electric Supply Area, Medininagar

SHORT e-TENDER NOTICE

e-tender in two parts (Part-I Technical and Commercial and Part-II Price Part) is invited from the reputed tenderers having good experience of following same type of Civil Works and having sound financial status.

Sl. No.	NIT No.	Name of work	Estimated cost (In Rs.)	Earnest money to be deposited (In Rs.)	Cost of BOQ (non refundable) (In Rs.)	Time for completion
1	117/PR/JBVNL/24-25	Construction of a shed for storage of material at TRW, Daltonganj under Electric Supply Circle, Daltonganj.	Rs9,98,400.00	Rs 20,000.00	1250.00+220.00 (GST 18%) = 1475 .00	03 Month
Availability of tender document on website				24.08.2024 2:00 PM to 02.09.2024 at 6:00 PM		
Last date and time for bid submission/uploading				02.09.2024 at 6:00 PM		
Date and time for opening of Tender Part -I (Technical and Commercial)				04.09.2024 at 12:00 PM		
Date and time for opening of Tender Part-II (Price Part)				Will be communicated later on		
Tendering Officer and address for communication				GM(T) , Electric Supply Area ,Medininagar		

Any query towards this tender can also be had from the office of the undersigned during office hours or may contact on Mob No. 8809507127
1. e-Tender documents and BOQ including terms & conditions, specification etc. can be downloaded and submitted online on website https://jharkhandtenders.gov.in. Any details required in this regard can also be had from the office of the undersigned during office hours. NIC helpline no. 0651-2400178.
2. Bidder shall deposit online tender fee as mentioned above for Cost of BOQ and EMD as per rules ofe-tendering portal (**jharkhandtenders.gov.in**).
3. The tenders will be received through electronic tendering mode only.

स्वहित एवं राष्ट्रहित में ऊर्जा बचावें। कृपया अपनी शिकयतों को टॉल फ्री नं० 1800 345 6570 पर दर्ज करायें।

Sd/-
General Manager Cum Chief Engineer
ESA, Medininagar

PR 333766 (Jharkhand Bijlee Vitran Nigam Ltd) 24-25 (D)

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, डालटनगंज

अल्पकालीन ई-निविदा आमंत्रण सूचना संख्या - 08/2024-25/EE/RWD/DALTONGANJ

कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, डालटनगंज द्वारा निम्न विवरण के अनुसार e-procurement पद्धति से पथों का निविदा आमंत्रित की जाती है।

दिनांक-27.08.2024

1. कार्य का नाम :

क्र0 सं0	आईडेन्टी फिकेशन संख्या /पैकेज संख्या	कार्य का नाम	प्राक्कलित राशि (लाख में) अंक में	प्राक्कलित राशि (लाख में) अक्षर में	कार्य समाप्ति की अवधि	टेण्डर कॉल नं0
1	EE/RWD/DALTONGANJ /27/2024-25	पनेरी बांध से धावाटांड़ एवं डी0पी0एस0 स्कूल होते हुए मंगरदाहा गवा मेन रोड तक पथ निर्माण कार्य । 2.45कि0मी0	209.563	दो करोड़ नौ लाख छप्पन हजार तीन सौ रू0 मात्र	09 माह	प्रथम
2	EE/RWD/DALTONGANJ /28/2024-25	पंचायत बंदुआ दुवाट मोड़ से अलखडीहा हरिजन टोला होते हुए जगदीष सिंह के घर तक पथ निर्माण कार्य । 1.95कि0मी0	176.60	एक करोड़ तिछहत्तर लाख साठ हजार रू0 मात्र	09 माह	प्रथम
3	EE/RWD/DALTONGANJ /29/2024-25	पंचायत सलतुआ में पी0डब्लू0डी0 मेन रोड खामही से खामही स्कूल तक पथ निर्माण कार्य । 1.85कि0मी0	153.073	एक करोड़ तिरपन लाख सात हजार तीन सौ रू0 मात्र	09 माह	प्रथम
4	EE/RWD/DALTONGANJ /30/2024-25	पंचायत खुरा में अजय सिंह के घर से रामजी बैठा के घर तक पथ निर्माण कार्य । 1.10कि0मी0	124.719	एक करोड़ चौबीस लाख एक्कहतर लाख नौ सौ रू0 मात्र	09 माह	प्रथम

2. बेवसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि : 03.09.2024
3. ई-निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय : 14.09.2024 up to 5.00 PM
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय 16.09.2024 पूर्वाह्न 3.30 बजे
5. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता : कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, डालटनगंज ।
6. ई-निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं0 -06562357595

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट Jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है ।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, डालटनगंज

PR 333799 Rural Development(24-25)#D

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमंडल, औरंगाबाद
(ई0 निविदा पद्धति के अनुसार वेबसाईट www.eproc2.bihar.gov.in पर)
पुर्न ई-निविदा आमंत्रण सूचना संख्या -08 /औरंगाबाद/2024-25

1. विज्ञापनदाता का पदनाम एवं पता :-कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमंडल, औरंगाबाद।
2. निविदा आमंत्रित करने की तिथि :-दिनांक 21.08.2024
3. परिमाण विपत्र बिक्री (डाउनलोड) करने की तिथि एवं समय :-दिनांक 05.09.2024 से 26.09.2024 को अपराहन् 3 बजे तक
4. निविदा प्राप्ति (अपलोड) करने की तिथि एवं समय :-दिनांक 05.09.2024 से 26.09.2024 को अपराहन् 3 बजे तक
5. परिमाण विपत्र बिकी का स्थान :- केवल बेवसाइट www.eproc2.bihar.gov.in पर
6 प्री बीड मीटिंग की तिथि, समय एवं स्थान :- दिनांक-11.09.2024 को 15:00 बजे अधीक्षण अभियंता, भवन अंचल गया का कार्यालय।
7. निविदा खोलने की तिथि एवं समय (तकनीकी बीड) :- दिनांक-27.09.2024 को 15:00 बजे अप0 तक (On Website www.eproc2.bihar.gov.in)
8. निविदा खोलने की तिथि एवं समय (वितीय बीड) :- तकनीकी बीड उपरांत केवल Website www.eproc2.bihar.gov.in पर 120 दिन
9. निविदा वैधता की तिथि
10. **कार्य विवरणी:-**

क्रं0 सं0	कार्य का नाम	प्राक्कलित राशि (लाख में)	अग्रधन राशि	परिमाण विपत्र का मूल्य	बीड प्रोसेसींग राशि +सर्विस टैक्स	कार्य पूर्ण करने की अवधि
1	2	3	4	5	6	7
1	मंडल कारा औरंगाबाद में अधीक्षक आवास का निर्माण कार्य	47.8/-	96000/-	5000/-	As Per Online Requirement	4 माह
	कुल	**47.8 लाख**				

विस्तृत जानकारी **state.bihar.gov.in/prdbihar** से प्राप्त की जा सकती है।

कार्यपालक अभियंता
भवन प्रमण्डल, औरंगाबाद

PR- 006766 (BCD) 2024-25

नशे से बचने का है एक ही उपचार, दृढ़ संकल्प और परिवार से प्यार।

कृषि पशुपालन एवं सहकारिता विभाग
कार्यालय - भूमि संरक्षण पदाधिकारी, गढ़वा
E-Mail ID- dscogarhwa@gmail.com

कृषको, महिला स्वयं सहायता समूहों एवं अन्य को अनुदानित दर पर पम्प सेट एवं छोटे कृषि उपकरण बैंक वितरण की योजना

कृषि पशुपालन एवं सहकारिता विभाग (कृषि प्रभाग), झारखण्ड, रॉची, राज्यादेश सं0 52 दिनांक 16.08.2024 के आलोक में गढ़वा जिले के कृषकों, महिला स्वयं सहायता समूहों तथा अन्य के लिए अनुदानित दर पर पम्पसेट एवं पाईप तथा छोटे कृषि उपकरण बैंक की स्थापना की योजना।

पम्पसेट एवं पाईप वितरण की योजना

मनरेगा अंतर्गत निर्मित सिंचाई कूपों के लाभान्वित छोटे और सीमान्त कृषकों/स्वयं सहायता समूहों/महिला सखी मंडल/कृषक समूह तथा साथ ही साथ भूमि संरक्षण निदेशालय द्वारा गत वित्तीय वर्षों में तालाब जीर्णोद्धार योजना एवं जलनिधि योजना के तहत् निर्मित परकोलेशन टैंक के लाभान्वित पानी पंचायत के सदस्यों एवं अन्य जल श्रोत से लाभान्वित कृषकों को भी उक्त योजना के तहत् पम्पसेट (1.5-3.0 H.P.तथा 3.5-5.0 H.P.) एवं 200 फीट HDPE Pipe (63-75mm) तथा 1.0 एच0पी0 सोलर पम्प सेट (Troly Mounted Movable Type) उपलब्ध कराया जायेगा।

क0	पम्पसेट के प्रकार	लक्ष्य	90% अनुदान
1	पम्पसेट 1.5-3.0 H.P. एवं 200 फीट HDPE Pipe (63-75mm)	150	अधिकतम रू0 20,000.00 (बीस हजार रूपये मात्र)
2	पम्पसेट 3.5-5.0 H.P.) एवं 200 फीट HDPE Pipe (63-75mm)	20	अधिकतम रू0 30,000.00 (तिस हजार रूपये मात्र)
3	1.0 एच0पी0 सोलर पम्पसेट (Troly Mounted Movable Type)	10	अधिकतम रू0 90,000.00 (नब्बे हजार रूपये मात्र)

जिन कृषकों को पूर्व में कृषि विभाग (निदेशक समेती/भूमि संरक्षण निदेशालय/कृषि निदेशालय/उद्यान निदेशालय) द्वारा सिंचाई पम्प का लाभ प्राप्त कराया जा चूका है उनकी पात्रता इस योजना के लिए मान्य नही होगी। मनरेगा अन्तर्गत निर्मित सिंचाई कूपों के लाभान्वित प्रखण्ड विकास पदाधिकारी/प्रखण्ड कृषि पदाधिकारी के कार्यालय में अपना नाम सूचीबद्व करायेगें।

छोटे कृषि उपरकण बैंक की स्थापना

1	मिनी ट्रैक्टर/रीपर उनके सहायक कृषि यंत्र एवं कृषि प्रसंस्करण यंत्र	OSP-05	80प्रतिशत या अधिकतम 500000.00 रूपया
2	पावर टीलर/ रीपर उनके सहायक कृषि यंत्र एवं कृषि प्रसंस्करण यंत्र	OSP-05	80प्रतिशत या अधिकतम 160000.00 रूपया

छोटे कृषि उपकरण बैंक हेतु लाभुक की पात्रताः-

1. झारखण्ड स्टेट लाइवलीहुड प्रमोशन सोसाईटी, जिला-गढ़वा द्वारा गठित महिला स्वंय सहायता समूह/महिला सखी मंडल/कृषक समूह जिनमें कम-से-कम 10 से 12 सदस्य होना अनिवार्य है।
2. छोटे कृषि उपकरण बैंक की स्थापना में वैसे महिला स्वयं सहायता समूहों/महिला सखी मंडल एवं कृषक समूहों को प्राथमिकता दी जायेगी, जिनके सदस्यों में से कम-से-कम एक सदस्य के पास ट्रैक्टर/वाहन (LMV) चालन का वैध लाइसेंस होगा एवं समूह के पास खेती योग्य 10 एकड़ से अधिक भूमि होगी।
3. महिला स्वयं सहायता समूहों/महिला सखी मंडल/कृषक समूहों/लैम्पस-पैक्स के द्वारा कृषि उपकरण बैंक की स्थापना एवं व्यक्तिगत कृषकों द्वारा कृषि उपकरणों के क्रय हेतु कुल वास्तविक लागत का 20 प्रतिशत अंशदान की राशि समूह/कृषक द्वारा बैंक खाते में जमा होने का साक्ष्य आवेदन के साथ देंगे। चयन उपरांत समूह को कृषि यंत्र के क्रय हेतु यंत्रों का पैकेज उपलब्ध कराना होगा।
4. इस योजनान्तर्गत कुल वित्तीय लक्ष्य का न्यूनतम 50 प्रतिशत महिला स्वयं सहायता समूहों/महिला सखी मंडल क्षेत्र के माननीय विधायक की अनुशंसा को प्राथमिकता देते हुए स्वीकृत किया जायेगा।
5. जिन महिला स्वयं सहायता समूहों/महिला सखी मंडल/कृषक समूहों/लैम्पस-पैक्स को पूर्व में कृषि विभाग द्वारा कृषि उपकरण बैंक की स्थापना या अन्य किसी योजना (केन्द्र प्रायोजित योजना या राज्य योजना) के माध्यम से उपर्युक्त वर्णित कृषि यंत्रों में से जो कृषि यंत्र पूर्व में प्राप्त किया गया होगा, उन यंत्रों को छोड़कर ही अन्य कृषि यंत्रों के लिए पात्रता होगी।
6. समूहों का पूर्ण रूपेण भरे हुए आवेदन पत्र एवं सभी अनुलग्नक सहित जिला प्रोग्राम मैनेजर, झारखण्ड स्टेट लाइवलीहुड प्रमोशन सोसाइटी, गढ़वा के माध्यम से कार्यालय को उपलब्ध कराया जा सकता है। जिला चयन समिति द्वारा सुयोग्य समूह/कृषकों का भौतिक लक्ष्य के विरूद्ध चयन किया जायेगा।
7. देय अनुदान की राशि का हस्तांतरण RTGS/NEFT के माध्यम से नियमानुसार समूह/कृषक के बैंक खाते में किया जायेगा। कुल औसत लागत का 80 प्रतिशत् अधिकतम 5.00 लाख रूपये अनुदान एवं व्यक्तिगत कृषक को कुल औसत लागत का 80 प्रतिशत् अधिकतम 1.60 लाख रूपये अनुदान देय है। अनुदान उपरांत अवशेष राशि समूह/कृषक अंशदान के रूप में देय होगा।
8. आवेदन पत्र भूमि संरक्षण कार्यालय गढ़वा के माध्यम से निशुल्क प्राप्त किया जा सकता है।

1. **पम्प सेट एवं पाईप वितरण हेतु लाभुक की पात्रताः-**
(1) अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/लघु/सीमान्त कृषक/महिला समूह का चयन प्राथमिकता के आधार पर किया जायेगा।
(2) आवेदन पत्र पर त्रिस्तरीय पंचायती राज के प्रतिनिधि का अनुशंसा अनिवार्य होगा।
(3) अपूर्ण आवेदन पत्र स्वीकार्य नही होगा।
(4) पूर्णरूपेण भरे हुए आवेदन पत्र संबंधित प्रखण्ड विकास पदाधिकारी के कार्यालय में दिनांक 09.09.2024 को संध्या 5.00 बजे तक स्वीकार किये जायेंगें एवं प्रखण्ड विकास पदाधिकारी के कार्यालय से जॉच के फलस्वरूप दिनांक 13.09.2024 तक अद्योहस्ताक्षरी के कार्यालय में जमा किया जायेगा।
(5) आवेदन पत्र इस कार्यालय एवं संबंधित प्रखण्ड विकास पदाधिकारी कार्यालय से निःशुल्क प्राप्त किये जा सकेंगे। आवेदन पत्र भूमि संरक्षण निदेशालय के वेवसाईट-www.jharkjandsoil.gov.in से डाउनलोड किया जा सकता है।
विशेष जानकारी के लिए अद्योहस्ताक्षरी के कार्यालय में सम्पर्क किया जा सकता है।
कार्यालय का पताः- भूमि संरक्षण कार्यालय गढ़वा
संयुक्त कृषि भवन गढ़वा

ह0/
भूमि संरक्षण पदाधिकारी,
गढ़वा।

PR 333804 (Agriculture) 24-25 (D)

संक्षिप्त समाचार

बीसीसीएल में पहली बार लगा हाई मास्ट सेफ्टी फ्लैग

रांची, एजेंसी। बीसीसीएल में पहली बार हाई मास्ट सेफ्टी फ्लैग स्थापित किया गया है. सोमवार को बीसीसीएल के बस्ताकोला एरिया के क्षेत्रीय सुरक्षा समिति के सदस्यों की उपस्थिति में 14 नंबर हाजिरी घर के समीप हाई मास्ट सेफ्टी फ्लैग का उद्घाटन किया गया. मौके पर बस्ताकोला जीएम अनिल कुमार सिन्हा ने बताया कि माइनिंग और कोयला खदानों में हाई मास्ट सेफ्टी फ्लैग एक महत्वपूर्ण सुरक्षा उपकरण है, जो खदानों में सुरक्षा जागरूकता को बढ़ावा देता है. इससे दुर्घटनाओं को रोकने में मदद मिलती है. यह फ्लैग विशिष्ट वाहनों या उपकरणों की पहचान करने में मदद करता है, इससे संचार और समन्वय में सुधार होता है. जीएम श्री सिन्हा ने बताया कि हाई मास्ट सेफ्टी फ्लैग को दूर से देखा जा सकता है, इससे यह खदानों में वाहनों और कर्मचारियों की दृश्यता बढ़ जाती है. साथ ही यह फ्लैग खतरनाक क्षेत्रों या जोखिम भरे कार्यों के पास चेतावनी के रूप में काम करता है. उन्होंने कंपनी के लिए इसे बहुत बड़ी उपलब्धि बताया. कहा कि क्षेत्रीय सुरक्षा समिति के सदस्यों व टीम के प्रयास से ही यह संभव हो सका है, जो बीसीसीएल के इतिहास में पहली बार प्रारंभ हुआ. इससे निश्चित रूप से दुर्घटनाओं पर अंकुश लगेगी. मौके पर बस्ताकोला एरिया के क्षेत्रीय सुरक्षा पदाधिकारी एम कुंडू, परियोजना पदाधिकारी देवेंद्र सिंह, खान प्रबंधक चंद्रशेखर सिंह के अलावा क्षेत्रीय सुरक्षा समिति के सदस्य नरेंद्र कुमार सिंह, शिव शंकर महतो, उमेश कुमार आदि उपस्थित थे.

एसएनएमएमसीएच में शुरू हुई अल्ट्रासाउंड, भर्ती नौ मरीजों की हुई जांच

रांची, एजेंसी। शहीद निर्मल महतो मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल (एसएनएमएमसीएच) में सोमवार से मरीजों के लिए अल्ट्रासाउंड जांच की सुविधा शुरू कर दी गयी. पहले दिन अस्पताल में भर्ती नौ मरीजों की अल्ट्रासाउंड जांच की गयी. रेडियोलॉजिस्ट चिकित्सक डॉ बेनजीर ने मरीजों की जांच की. बता दें कि एसएनएमएमसीएच में 2019 में अल्ट्रासाउंड विभाग में नियुक्त रेडियोलॉजिस्ट चिकित्सक का स्थानांतरण हो गया था, इसके बाद से यहां अल्ट्रासाउंड जांच सेवा बंद है. चिकित्सक के स्थानांतरण के बाद पांच साल में पहली बार यहां रेडियोलॉजिस्ट की नियुक्ति हुई है. अस्पताल में पांच साल से अल्ट्रासाउंड सेवा बंद होने से मरीजों को काफी परेशानी हो रही थी. खासकर अस्पताल में भर्ती गर्भवती व गायनी ओपीडी में इलाज करा रही महिलाओं को अल्ट्रासाउंड कराने के लिए निजी केंद्रों जाना पड़ता था. जांच के लिए अधिक पैसे खर्च करने पड़ते थे.एसएनएमएमसीएच में 100 रुपये में मरीजों को अल्ट्रासांउड जांच की सुविधा प्रदान की जा रही है. वहीं लाल कार्ड धारकों के लिए यह सेवा निःशुल्क है. अल्ट्रासाउंड कराने से पूर्व रजिस्ट्रेशन कराना होगा. इसके लिए मरीजों को रसीद प्रदान की जायेगी. एसएनएमएमसीएच के प्राचार्य सह प्रभारी अधीक्षक डॉ ज्योति रंजन प्रसाद ने बताया कि वर्तमान में अस्पताल में भर्ती मरीजों को अल्ट्रासोनोग्राफी की सुविधा प्रदान की जा रही है. अगले सप्ताह से ओपीडी के मरीजों को भी इस सुविधा का लाभ मिलने लगेगा. अस्पताल के चिकित्सकों की सलाह पर ओपीडी के मरीजों की अल्ट्रासाउंड जांच की जायेगी.

भगोड़ों पर नकेल कसेगी पुलिस, एसएसपी ने बनाई रणनीति

धनबाद, एजेंसी। फरारी काट रहे बड़े अपराधियों के खिलाफ धनबाद पुलिस अभियान चलाएगी। शनिवार को भगोड़ों को दबोचने के निमित एसएसपी हृदीप पी जनार्दनन ने पुलिस अधिकारियों व अन्य सुरक्षा एजेंसियों के साथ जिला पुलिस मुख्यालय में उच्चस्तरीय बैठक की। बैठक में फरार हाईकोर अपराधियों की धर-पकड़ के लिए अभियान चलाने का आदेश एसएसपी ने दिया। गैंगस्टर अमन सिंह की हत्या का मुख्य साजिशकर्ता आशीष रंजन उर्फ छोटू और यूपी प्रयागराज का धर्मेंद्र प्रताप सिंह उर्फ रिंकू सिंह के अलावा प्रिंस खान, उसका भाई गोपी खान, गोपी का साला रितिक तथा सुरेश सिंह हत्याकांड का मुख्य आरोपी शशि सिंह और फहीम खान की मां और मौसी की हत्या में फरार साबिर आलम पुलिस की हिट लिस्ट में है। बरवाअड्डा के राजकुमार की हत्या में फरार सिजुआ निवासी निशांत सिंह उर्फ निशान सिंह उर्फ हीरा सिंह उर्फ पैया की भी तलाश तेज होगी। वह पूर्व से जोगता के हेमलाल तुरी की हत्या मामले का सजायाफ्ता है। इसके अलावा थानावार फरार अपराधियों की सूची तैयार कर आरोपियों की धर-पकड़ की जाएगी। बैठक के दौरान जिले में सक्रिय सभी संगठित आपराधिक गिरोह की सक्रियता व पूर्व में घटित वारदातों पर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक के दौरान एसएसपी ने सभी संगठित आपराधिक गिरोह के खिलाफ विशेष अभियान चलाने का निर्देश दिया। एसएसपी ने लंबे समय से फरार अपराधियों के घरों में कुर्की जब्ती की कार्रवाई कराने के लिए न्यायालय में आवेदन देने का भी आदेश दिया। एसएसपी ने विभिन्न सुरक्षा एजेंसियों को आपसी तालमेल बढ़ा कर सूचनाएं साझा करने का भी निर्देश दिया। एसएसपी ने कहा कि हर हाल में भगोड़ों को पकड़ें।

विधान सभा टिकट को लेकर धनबाद जिला कांग्रेस कार्यालय में बढ़ी गहमागहमी

धनबाद, एजेंसी। झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष केशव महतो कमलेश के निर्देशानुसार प्रदेश के सभी 81 विधानसभा में कांग्रेस पार्टी से संभावित प्रत्याशी अपना आवेदन पत्र संबंधित जिलाध्यक्ष संतोष सिंह के पास जमा कर रहे हैं. ऐसे में विधानसभा टिकट को लेकर धनबाद जिला कांग्रेस कार्यालय में पार्टी प्रत्याशी व समर्थकों की गहमागहमी बढ़ गयी है.

सोमवार को धनबाद, बाघमारा, झरिया, सिंदरी व निरसा विधानसभा क्षेत्र से टिकट के लिए कुल 14 कांग्रेसियों ने अपनी दावेदारी प्रस्तुत की. धनबाद व बाघमारा विभानसभा क्षेत्र से टिकट के लिए सर्वाधिक प्रत्याशियों ने अपनी दावेदारी की है. धनबाद विधानसभा क्षेत्र से टिकट के लिए वरिष्ठ कांग्रेसी सह झारखंड पेट्रोलियम डीलर एसोसिएशन के अध्यक्ष अशोक सिंह, उपाध्यक्ष नवनीत नीरज, प्रदेश कांग्रेस डेलिगेट मनोज यादव, सुंदर यादव, बिजेंद्र पासवान, बीके सिंह व पप्पू पासवान आदि ने आवेदन किया है, जबकि बाघमारा विधानसभा क्षेत्र से टिकट के लिए रोहित यादव, सुखदेव महतो, राजीव रंजन प्रसाद व बीके सिंह ने आवेदन किया है. वहीं निरसा से सुरेश चंद्र झा व सिंदरी विधानसभा क्षेत्र से सफुद्दीन अंसारी व दिलीप मिश्रा ने आवेदन किया है. मौके पर कांग्रेस के

जिला उपाध्यक्ष मो क्यूम खान, प्रदेश नेता रामगोपाल भुवानियां, डेविड सिंह, नवीन पासवान, बीरेन गोप, रामबिलास राम व राजेश महतो आदि उपस्थित थे.

धनबाद जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष संतोष सिंह ने कहां कि विधानसभा चुनाव को लेकर धनबाद के कार्यकताओं में उत्साह है. सभी संभावित उम्मीदवारों का आवेदन (नामांकन फॉर्म) प्राप्त कर प्रदेश कांग्रेस को अपना प्रतिवेदन के साथ जमा कर देगें. श्री सिंह ने कहा कि आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 28 अगस्त है. उस दिन क्षेत्र के कई कद्दावर कांग्रेस अपना आवेदन जमा करेंगे.

धनबाद विधानसभा क्षेत्र से टिकट के लिए अपनी दावेदारी करने के लिए वरिष्ठ कांग्रेसी अशोक सिंह वाहन के काफिलों के साथ जिला कांग्रेस कार्यालय पहुंचे थे. उनके साथ सीता राणा, योगेंद्र सिंह योगी, बीके सिंह, अफजल खान, प्रीतम रवानी, राजू दास, दिलीप मिश्रा, अक्षैवर प्रसाद, महेश शर्मा, राहुल राज, गोपाल धारी, सुखदेव हांसदा, पप्पू पासवान, जयप्रकाश चौहान, अन्नु पासवान, आशीष सिन्हा, ललित वर्मा, अरविंद सैनी, मो इमराज, पेंटर खान, रंजित सिंह, बिंदु देवी, मो आतिफ सिद्दीकी, मो सोनो, मो सुजैल व मो शान आदि है. वहीं कांग्रेस उपाध्यक्ष नवनीत नीरज के साथ भी बड़ी संख्या में उनके समर्थक कांग्रेस कार्यालय पहुंचे थे.

विधानसभा चुनाव से पहले बीजेपी सीएम हेमंत सोरेन के खिलाफ बनाएगी माहौल, पार्टी प्रखंड स्तर पर करेगी आंदोलन

रांची, एजेंसी। भारतीय जनता पार्टी अब प्रखंड स्तर तक हेमंत सोरेन सरकार के खिलाफ आंदोलन का कार्यक्रम आयोजित करेगी। 23 अगस्त को रांची में आयोजित भाजपा युवा मोर्चा की आक्रोश रैली में हुई पुलिसिया कार्रवाई के बाद पार्टी ने जनता के बीच जाने का फैसला किया है।

प्रदेश नेतृत्व का मानना है कि राज्य सरकार ने जिस तरह से कार्यकर्ताओं पर पुलिस से हमला करवाया उससे जनता में भाजपा के प्रति सहानुभूति बढ़ी है। इसके अलावा युवा, अनुबंध कर्मी, महिला समूहों की मांग को प्रभावी तरीके से उठाने में भी पार्टी सफल रही है।

रांची कार्यक्रम को पार्टी का नेतृत्व सफल मान कर चल रहा है। अब जिला और प्रखंड स्तर तक ऐसे ही विरोध कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। पार्टी ने इसके लिए केंद्रीय नेतृत्व की भी सहमति ले ली है।

जिले से लेकर प्रखंड स्तर तक होने वाले कार्यक्रम में प्रदेश अध्यक्ष से लेकर दूसरे प्रमुख नेता भी हिस्सा लेंगे। भाजपा के चुनाव और संगठन प्रभारी भी इसमें शामिल होंगे।

रांची की आक्रोश रैली के बाद पार्टी ने अपने विधायकों और सांसदों के आंदोलन में सक्रिय रहने की सलाह दी है। इसमें युवाओं के रोजगार का मुद्दा प्रमुखता से उठाया जाएगा।

पार्टी ने हेमंत सोरेन सरकार के पांच साल के कार्यकाल में पिछले वादों को पूरा नहीं करने पर जवाब मांगने का कार्यक्रम प्रारंभ किया है। जल्द ही इसके लिए जिलों में कार्यक्रम संयोजकों के नाम और तिथि की घोषणा की जाएगी।

धोवाटांड़ के समीप अज्ञात एसयूवी ने युवक को मारी जोरदार टक्कर

धोवाटांड, एजेंसी। बैंकमोड़ थाना क्षेत्र के धोवाटांड़ शास्त्रीनगर स्थित रैमसन होटल के समीप शनिवार की रात एसयूवी कार के धक्के से युवक की मौत हो गयी. तेज रफ्तार वाहन चलाने वाले मनबढ़ू के कारण उक्त युवक की जान गयी. स्थानीय लोगों के अनुसार युवक पेट्रोल पंप की तरफ से डिवाइडर पार कर सड़क की दूसरी तरफ जा रहा था. इसी बीच बैंकमोड़ से धनसार की ओर से तेज गति से जा रहे काले रंग की एसयूवी युवक को जोरदार टक्कर मारकर फरार हो गया. टक्कर इतनी जोरदार थी कि युवक दूर जा गिरा. उसके सिर से काफी खून निकल रहा था. स्थानीय लोग कुछ कर पाते, इससे पहले ही युवक की मौत हो गयी. सूचना पर मौके पर पहुंची बैंक मोड़ पुलिस ने तत्काल युवक को जोड़ाफाटक रोडस्थित पाटलीपुत्र अस्पताल भेजा. चिकित्सकों ने जांच कर उसे मृत घोषित कर दिया. युवक की पहचान नहीं हो पायी है. उसकी उम्र करीब 30 से 35 वर्ष है. उसके पास

से किसी तरह का कोई पहचान पत्र पुलिस को नहीं मिला है. बैंकमोड़ पुलिस घटना स्थल के आस-पास लगे सीसीटीवी कैमरा का फुटेज देख एसयूवी की पहचान में जुट गयी है. देर रात युवक के शव को एसएनएमएमसीएच के मर्चरी में रखा गया. युवक की पहचान होने व परिजनों के आने के बाद शव का पोस्टमार्टम होगा.

पुलिस की लाख कोशिशों के बावजूद तेज रफ्तार पर लगाम नहीं लग पा रही है. तेज गति से ड्राइविंग करने वाले मनबढ़ुओं के कारण अबतक कई लोगों की जान जा चुकी है. इनके कारण कई लोगों ने अपनों को खोया है. पुलिस भी इनपर नकेल कसनें में विफल साबित हो रही है.

कोयला चोरों ने दो हाइवा का शीशा तोड़ा, चालक-खलासी से की मारपीट

रांची, एजेंसी। न्यू गोधर कुसुंडा कोलियरी के कुसुंडा सात नंबर की ओर से गोधर 14 नंबर डिपो की ओर से जाने वाले रास्ते पर रविवार की रात दो हाइवा का शीशा अपराधियों ने तोड़ दिया. घटना 15 नंबर सीआईएसएफ चेकपोस्ट से थोड़ी दूरी पर हुई. जानकारी के अनुसार कुसुंडा कोल डिपो से तीन हाइवा कोयला लेकर गुजर रहे थे. तभी पांच की संख्या में पहुंचे अपराधियों ने हाइवा को रोकने का इशारा किया. नहीं रोकने पर दो हाइवा (जेएच10 एआर/9830 व जेएच10 बीपी /7133) पर पत्थर मारकर शीशा तोड़ दिया. बताया जा रहा है कि अपराधियों ने चालक व खलासी से भी मारपीट की. बताया जाता है कि सभी अपराधी पास के गोधर काली बस्ती के हैं. घटना से हाइवा

चालकों में दहशत है. कुसुंडा सात नंबर कांटा के पास भी अपराधियों के आतंक से बीसीसीएलकर्मी व हाइवा चालक परेशान है. आये दिन लगभग 50 की संख्या में अपराधी कोयला लोड हाइवा से कोयला उतारने के लिए पहुंचते है. बीसीसीएल कर्मियों व सुरक्षा कर्मियों द्वारा विरोध करने पर मारपीट व गाली गलौज पर उतर आते हैं. सीआइएसएफ की पेट्रोलिंग पार्टी को सूचना देने के बाद टीम पहुंचती है, तो अपराधी भाग जाते है. कुसुंडा सात नंबर से लेकर गोधर 14 नंबर तह कोयला परिवहन कार्य में लगे हाइवा के चालक व खलासी डर से पुलिस में शिकायत नहीं करते है. घटना की सूचना मिलने पर केंदुआडीह थाना की पुलिस मामले की जांच पड़ताल करने में जुटी हुई है.

गुमला में उग्रवादियों का तांडव, बसिया-सिसई सड़क निर्माण के लिए बने कैंप पर किया हमला, कई कर्मियों को पीटा

गुमला, एजेंसी। लंबे अरसे के बाद उग्रवादियों ने एक बार फिर गुमला जिले के बसिया में अपनी दस्तक दी है. बसिया व सिसई प्रखंड को जोड़ने वाली सड़क निर्माण के लिए बनाये गये कैंप पर उग्रवादियों ने हमला किया है. कई गाड़ियों का शीशा तोड़ डाले गये. कैंप में सो रहे कर्मचारियों को पीटा गया है. घटना मंगलवार की सुबह चार साढ़े चार बजे के बीच की बतायी जा रही है. सड़क की लागत 60 करोड़ रूपये से अधिक की है.

बताया जा रहा है कि अहले सुबह 10 से 12 की संख्या में हथियारबंद उग्रवादी आये थे. लेवी की मांग को लेकर सिसई व बसिया सड़क का निर्माण कार्य बंद करने की धमकी दी और कैंप में खड़ी गाड़ियों पर हमला कर दिया. उस वक्त कई कर्मचारी सो रहे थे. उग्रवादियों के पहुंचने के बाद सभी की नींद टूट गयी. इसके बाद उग्रवादियों ने सभी कर्मचारियों को घेरकर पीटने लगे. छह कर्मचारियों को चोट लगी है. बाकी कर्मचारी उग्रवादी हमला सुनते ही कैंप से भाग खड़े हुए. अभी तक कई फरार कर्मचारी कैंप में वापस नहीं लौटे हैं.

यहां बता दें कि गुमला जिले के बसिया प्रखंड के पोकटा गांव के समीप विनोद जैन कंस्ट्रक्शन द्वारा पुल बनवाया जा रहा है. पुल का काम अधूरा है. सूचना के अनुसार उग्रवादियों ने 40 लाख रुपये लेवी की मांग की थी. लेवी नहीं मिलने के बाद मंगलवार की सुबह नारेकेला जंगल की ओर से एक दर्जन उग्रवादी पुल निर्माण स्थल के समीप बने कैंप पर पहुंचे और हमला कर दिया. इधर, घटना की सूचना पर बसिया अनुमंडल के एसडीपीओ मो नजीर, इंस्पेक्टर व थानेदार घटना स्थल पहुंचे. फिलहाल घायल कर्मचारियों से पूछताछ की जा रही है. सड़क निर्माण में लगे कर्मचारियों में दहशत का माहौल है.

सुदेश महतो ने अमित शाह से की मुलाकात, बीजेपी के साथ मिलकर लड़ेंगे विधानसभा चुनाव

रांची, एजेंसी। झारखंड विधानसभा का चुनाव आजसू पार्टी एनडीए गठबंधन के तहत ही लड़ेगी। सोमवार को नई दिल्ली में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के साथ पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश महतो की हुई मुलाकात में इसपर सहमति बनी।लगभग एक घंटे की बैठक में दोनों नेताओं के साथ विधानसभा चुनाव तथा झारखंड के राजनीतिक हालात पर चर्चा हुई।

आजसू प्रमुख ने पार्टी के हालिया कार्यक्रमों से भी उन्हें अवगत कराया। अमित शाह के साथ बैठक के बाद सुदेश ने मीडिया से बात करते हुए एनडीए के साथ चुनाव लड़ने की घोषणा की। बताते चलें कि पिछले विधानसभा चुनाव में सीटों को लेकर भाजपा और आजसू पार्टी के बीच तालमेल नहीं हो सका था। इसका खामियाजा दोनों दलों को उठाना पड़ा था। इस बार दोनों दलों की ओर से साथ चुनाव लड़ने पर जोर दिया जा रहा है। हालांकि सीटों के बंटवारे पर अभी तक कोई चर्चा नहीं हुई है।संभावना जताई जा रही है कि एनडीए गठबंधन के तहत आजसू को सात से आठ सीटें मिल सकती हैं। इधर, सुदेश से जब चम्पाई सोरेन को लेकर सवाल पूछे गए तो उन्होंने कहा कि अगर चम्पाई एनडीए में आते हैं तो गठबंधन को और मजबूती मिलेगी और उनका स्वागत है।उन्होंने बताया कि झामुमो ने उनके साथ गलत किया है। चम्पाई अच्छा काम कर रहे थे, लेकिन उन्हें हेमंत सोरेन की कुर्सी की ललक का शिकार होना पड़ा। चम्पाई ने भी अपनी भावनाओं में इसे व्यक्त किया है।

बीसीसीएल को मिला 'सीएसआर टाइम्स अवार्ड'

धनबाद, एजेंसी। देश में कोकिंग कोयला उत्पादन में अग्रणी कंपनी बीसीसीएल के सीएसआर कार्यों की सराहना राष्ट्रीय स्तर पर हो रही है. हाल ही में बीसीसीएल को प्रतिष्ठित 'सीएसआर टाइम्स अवार्ड, गोल्ड' से सम्मानित किया गया है.

23 अगस्त को गोवा में आयोजित अखिल भारतीय कार्यक्रम में बीसीसीएल के निदेशक कार्मिक मुरलीकृष्ण रमैया ने यह पुरस्कार प्राप्त किया. सोमवार को बीसीसीएल मुख्यालय में डीपी श्री रमैय्या ने सीएमडी समीरन दत्ता को उक्त ट्रॉफी व प्रमाण पत्र सौंपा. इस दौरान महाप्रबंधक (सीएसआर) विद्युत साहा व उनकी पूरी टीम उपस्थित थी.

मौके पर सीएमडी श्री दत्ता ने कहा कि बीसीसीएल की प्रगति के साथ ही साल-दर-साल कंपनी के सीएसआर बजट में भी वृद्धि हो रही है. बीसीसीएल कोकिंग कोयले के माध्यम से राष्ट्र के विकास में योगदान दे रहा हो, तो वहीं दूसरी ओर अपने कॉरपोरेट सामाजिक दायित्व के तहत समाज के सभी वर्गों के जीवन में सकारात्मक बदलाव की भी सफल कोशिश कर रहा है. धनबाद के विभिन्न विद्यालयों में 129 स्मार्ट क्लास की हुई स्थापना : बीसीसीएल के सीएसआर प्रयासों के तहत धनबाद के विभिन्न विद्यालयों में 129 स्मार्ट क्लास की स्थापना, 500 आंगनबाड़ी को मॉडल केंद्रों में बदलना, दिव्यांग बच्चों के विद्यालयों को विशेष मदद के तहत कई सुविधाएं उपलब्ध कराना, स्कूलों में बुनियादी ढांचे का विकास व पुस्तकालय भवन आदि का निर्माण करना शामिल है. इस के अलावा झारखंड के दूरदराज के क्षेत्रों के युवाओं के लिए कौशल विकास के अवसर और व्यावसायिक प्रशिक्षण कार्यक्रमों के माध्यम से महिलाओं को सशक्त बनाने जैसे अनेक कार्यों के लिए निर्णायक मंडली द्वारा चयन प्रक्रिया के बाद बीसीसीएल को इस प्रतिष्ठित सीएसआर सम्मान के लिए चुना गया.

बीबीएमकेयू : मेरिट लिस्ट में नाम आने के बाद भी 15 हजार छात्रों ने नहीं लिया नामांकन

रांची, एजेंसी। बिनोद बिहारी महतो कोयलांचल विश्वविद्यालय के अंगीभूत और संबद्ध कॉलेजों से स्नातक करने के प्रति छात्रों की रुचि घटती जा रही है. इसका इस बात से अंदाजा लगाया जा सकता है कि मेरिट लिस्ट में शामिल करीब 35.7 प्रतिशत विद्यार्थियों नामांकन नहीं लिया. विवि द्वारा यूजी में नामांकन के लिए अबतक चार बार मेरिट लिस्ट जारी किया जा चुका है. इसमें 41060 विद्यार्थियों का नाम है. लेकिन 26382 विद्यार्थियों ने अपना डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन करवाया है. इनमें से 23613 विद्यार्थियों ने सोमवार तक नामांकन फीस जमा कर एडमिशन लिया. इस वर्ष बीबीएमकेयू में स्नातक में नामांकन के लिए 43289 आवेदन आये हैं. पिछले दो वर्षों में यह सबसे खराब रुझान है. 2022 में मेरिट लिस्ट में चयनित होने के बाद 83 प्रतिशत छात्रों ने नामांकन लिया था. जबकि 2023 में मेरिट लिस्ट में शामिल 74 प्रतिशत विद्यार्थियों ने नामांकन लिया था. इस वर्ष यह आंकड़ा घट कर 64.3 प्रतिशत रह गया है. बीबीएमकेयू के कॉलेजों में स्नातक करने के लिए एक बार फिर चांसलर पोर्टल खुलेगा. यह पोर्टल जैक द्वारा इंटर सप्लीमेंट्री परीक्षा का रिजल्ट जारी करने के बाद खोला जायेगा. बीबीएमकेयू में यूजी में नामांकन में 65 प्रतिशत विद्यार्थियों ने ने धनबाद व बोकारो के 13 अंगीभूत कॉलेजों में नामांकन लिया है.

संक्षिप्त समाचार

दृष्टि नहीं होने से दुनिया अंधकारमय : राधाचरण

आरा। सोमवार को कतीरा में फ्रेमलेंस की शाखा का शुभारंभ हुआ। उद्घाटन विधान एमएलसी राधाचरण साह एवं मेयर इंदू देवी ने किया। राधाचरण साह ने कहा कि अगर आंख नहीं, तब दुनिया अंधकारमय है। आंख की सुरक्षा के लिए अच्छे क्वालिटी का ग्लास व लेंस इस्तेमाल करना चाहिए। इसके लिए फ्रेमलेंस की शाखा काफी कारगर साबित होगा। इंदु देवी ने कहा कि आजकल कंप्यूटर व मोबाइल के इस्तेमाल से ज्यादातर आंखों में समस्या आ रही है। मौके पर जीएम अभय कुमार श्रीवास्तव, चंदन कुमार, चितरंजन कुमार उर्फ गुड्डू सिंह समेत कई लोग उपस्थित थे।

सड़क पर जलजमाव को लेकर धरने पर बैठे युवक

बक्सर। बक्सर जिले के डुमरांव शहर स्वयं शक्ति के युवा नेशनल हाईवे 120 की बदहाली और सड़क पर हो रहे जल जमाव के विरोध में धरने पर बैठ गए। युवाओं का कहना है की डुमरांव नगर परिषद स्थित मुख्य सड़क में बड़े-बड़े गड्ढे और इसमें जल जमाव के कारण आए दिन दो-चार बाइक और ई रिक्शा वाले गिर जाते हैं। इसकी शिकायत अधिकारियों से करने पर सिर्फ अश्वशान मिला है। पर सड़क को ठीक नहीं किया जा रहा। ड़क मरम्मत की मांग को लेकर दर्जनों की संख्या में युवा सड़क किनारे टेंट लगा धरने पर बैठ गए। इनका कहना है जब तक सड़क को ठीक नहीं किया जाता, तब तक धरना समाप्त नहीं होगा। स्वयं शक्ति के प्रमुख धीरज कुमार मिश्रा ने कहा कि डुमरांव में सड़क बदहाली के दोषी जिले के सभी जनप्रतिनिधि हैं। इनके कारण लोगों की परेशानियां बढ़ गई है। धीरज मिश्रा द्वारा बताया गया कि इसको लेकर एसडीओ को आवेदन दिया गया। दो दिन पहले गड्ढे में ईंट भरने का कार्य प्रारंभ किया गया है। लेकिन हम लोगों को स्थाई निदान चाहिए।

डिजाइनर मोमबत्तियां बनाने को लेकर शुरू हुआ प्रशिक्षण

कौआकोल। प्रखंड के जेपी आश्रम सोखोदेवरा में ग्रामीण महिलाओं को स्वावलंबी बनाने के उद्देश्य से पांच दिवसीय डिजाइनर मोमबत्ती बनाने का प्रशिक्षण कार्यक्रम की शुरूआत मंगलवार को की गई। कृषि विज्ञान केंद्र,ग्राम निर्माण मंडल सर्वोदय आश्रम,सोखोदेवरा,नवादा के बैनर तले आयोजित होने वाले प्रशिक्षण में शामिल घरेलू महिलाओं को मोमबत्तियां बनाने के बारे में केवीके के गृह विभाग की वैज्ञानिक अनुज्ञा भारती ने विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि मोमबत्ती का उत्पादन बहुत कम पूंजी से किया जा सकता है और इससे फायदा भी बहुत होता है। यदि महिलाएँ पूर्ण मनोयोग के साथ प्रशिक्षण प्राप्त कर लें और इसे अपना लें तो वह घर बैठे स्वावलंबी बन सकती है। उन्होंने कहा कि पांच दिनों तक चलने वाले इस प्रशिक्षण के दौरान महिलाओं को विभिन्न डिजाइनों की मोमबत्तियां बनाने के गुर सिखाए जाएंगे। मौके पर केवीके के वैज्ञानिक रविकांत चौबे,शशिकांत शेखर सिंह,रविकांत चौबे,अंगद कुमार,सुमिताप रंजन आदि मौजूद रहे।

बिजली करंट से अधेड़ की हुई मौत, मचा कोहराम

नरहट (नवादा)। मंगलवार को थाना क्षेत्र के पुनौल गांव में सुबह शौच के लिए खेत की तरह जा रहे एक व्यक्ति को बिजली का करंट की चपेट में आने से मौत हो गई। मृतक की पहचान फागु चौहान के 45 वर्षीय पुत्र मुनिरक चौहान के रूप में कि गई है। मौत की जानकारी के बाद गांव में मातम पसर गया। युवक की मौत से परिवार में कोहराम मच गया। स्वजनों का रो रो कर बुरा हाल हो गया है। पत्नी के करुण क्रंन्दन से सब की आंखें नम हो गई। मृतक अपने पीछे पत्नी, तीन बेटी और दो बेटा छोड़ गया है। पति की मृत्यु के बाद पत्नी को अपने पांचों बच्चों का भरण पोषण की चिंता सताने लगी है। सूचना के बाद दल बल के साथ पहुची स्थानीय पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए नवादा भेज दिया। अपर थानाध्यक्ष श्याम कुमार पांडेय ने बताया कि मृतक सुबह शौच के लिए घर से बाहर खेत की तरफ जा रहे थे उसी समय बिजली करंट लगने से उनकी मौत हो गई है। एफएसएल टीम द्वारा जांच किया गया है। मृतक के पत्नी के आवेदन पर यूडी केस दर्ज किया गया है।

शौच के लिए बाहर नही जाते तो बच सकती थी जानः स्वच्छ भारत अभियान के तहत प्रत्येक घरों में शौचालय निर्माण कराया गया है। शौचालय निर्माण के लिए सरकार के तरफ से अनुदान भी दिया गया था। बताया जा रहा है कि मृतक शौच के लिए खेत की तरह जा रहा था। मृतक अगर सुबह खेत की तरफ नही जा कर शौचालय का प्रयोग करता तो यह हादसा होने से बचा जा सकता था। स्वच्छता, साफ सफाई तथा खुले में शौच के उन्मूलन के लिए लगातार जागरूकता अभियान के बावजूद आज भी गांव के लोग खुले में शौच के लिए जा रहे हैं। अक्सर यह देखा गया है कि लोग शौच के लिए बाहर जाते हैं तो, करंट के शिकार, कभी सर्प दंश या किसी महिला या युवती के दुर्व्यवहार की शिकायत का डर रहता है। होनी तो प्रबल है लेकिन जागरूकता जरूरी है। घर में शौचालय का प्रयोग करने से इन सभी समस्याओं से बचा जा सकता है।

सिपाही भर्ती परीक्षा का अंतिम चरण परीक्षा आज

निज संवाददाता। नवादा

केन्द्रीय चयन पर्षद द्वारा आयोजित सिपाही भर्ती परीक्षा का अंतिम चरण की परीक्षा एकल पाली में 12:00 बजे मध्या0 से 02:00 बजे अप0 तक होगी। परीक्षा कदाचारमुक्त, स्वच्छ एवं शांतिपूर्ण वातावरण में सफल आयोजन एवं विधि-व्यवस्था संधारण को लेकर आशुतोष कुमार वर्मा, जिला पदाधिकारी नवादा एवं श्री अम्बरीष राहुल पुलिस अधीक्षक नवादा ने आज संयुक्त रूप से डीआरडीए सभागार में केन्द्राधीक्षक, दंडाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारियों को ब्रीफिंग के माध्यम से दिया है।जिलाधिकारी ने उपस्थित केन्द्राधीक्षकों को कहा कि 05 चरण का परीक्षा शांतिपूर्ण वातावरण में सम्पन्न हुई है, वैसे ही अंतिम चरण की परीक्षा स्वच्छ, कदाचारमुक्त एवं शांतिपूर्ण वातावरण में करानी है। उन्होंने कहा कि पूरी मुश्तैदी के साथ आप सभी अपने कर्त्तव्यों का निर्वहन करेंगे। इन्फास्ट्रक्चर सही रहना चाहिए। निर्बाध बिजली की व्यवस्था, पंखा, पानी, सीसीटीवी कैमरा, जैमर की व्यवस्था, शौचालय आदि की व्यवस्था दुरूस्त रहनी चाहिए। पिछले परीक्षा में कुछ कमियां रह गयी थी, उसे ठीक करा लेंगे। उन्होंने केन्द्राधीक्षकों के परेशानियों को भी गौर से सुना और हल के लिए उन्हें आश्वासन दिया। परीक्षार्थी सही तरीके से परीक्षा दे, इसका ध्यान रखेंगे। परीक्षा हॉल में प्रकाश की सही व्यवस्था रहनी चाहिए। लापरवाही बरतने पर कार्रवाई सुनिश्चित है। जिलाधिकारी ने उपस्थित केन्द्राधीक्षकों को निर्देश दिया कि परीक्षार्थियों को परीक्षा केन्द्र के मुख्य प्रवेश द्वार पर सघन तलाशी के उपरान्त अंदर जाएंगे। अभ्यर्थियों का रिपोर्टिंग टाईम 09:30 बजे पूर्वा0 में किया जायेगा। एडमिड कार्ड के अलावे कोई परीक्षार्थी अपने साथ अवांछित पेपर लेकर नहीं जायेंगे। उन्होंने केन्द्राधीक्षकों को निर्देश दिये कि कदाचारमुक्त परीक्षा का संचालन करना सुनिश्चित करेंगे। किसी भी परीक्षार्थी को परीक्षा केन्द्र के अन्दर कलम, मोबाईल फोन, घड़ी एवं अन्य किसी भी प्रकार के इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस को ले जाने की अनुमति नहीं होगी। परीक्षा केन्द्र पर जाने वाले दंडाधिकारी और अन्य पदाधिकारी अपना पहचान पत्र साथ रखना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि सभी प्रतिनियुक्त दंडाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारी ससमय अपने प्रतिनियुक्त स्थल पर पहुंचना सुनिश्चित करेंगे। जिले में कुल 22 परीक्षा केन्द्र बनाये गए हैं, जिसमें परीक्षार्थियों की संख्या 10092 है। परीक्षा के सफल संचालन हेतु सभी परीक्षा केन्द्रों पर सशस्त्र लाठी बल के साथ 44 स्टैटिक दंडाधिकारी एवं 22 पुलिस पदाधिकारी की प्रतिनियुक्ति की गई है साथ ही जोनल दंडाधिकारी-सह-गश्ती दल दंडाधिकारियों एवं पुलिस पदाधिकारियों की भी प्रतिनियुक्ति की

गयी है। उड़नदस्ता दल में सशस्त्र लाठी बल के साथ दंडाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारी की प्रतिनियुक्ति की गई है। केन्द्रीय चयन पर्षद (सिपाही भर्ती) परीक्षा स्वच्छ एवं कदाचारमुक्त वातावरण में सफल संचालन हेतु समाहरणालय, नवादा में नियंत्रण कक्ष की स्थापना की गई है, जिसका दूरभाष नम्बर-06324-212261 है। नियंत्रण कक्ष में दंडाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारी की प्रतिनियुक्ति की गई है साथ ही नियंत्रण कक्ष में पदाधिकारियों को सुरक्षित स्टैटिक दण्डाधिकारी एवं सुरक्षित जोनल दंडाधिकारी की प्रतिनियुक्ति की गई है। जिला नियंत्रण कक्ष के वरीय प्रभार में मो0 तनवीर आलम, जिला कार्यक्रम पदाधिकारी स्थापना (शिक्षा) एवं श्रीमती प्रियंका कुमारी जिला कार्यक्रम पदाधिकारी, सर्वशिक्षा अभियान नवादा तथा पु0अ0नि0 ब्रजेश पाठक, प्रभारी विधि शाखा, पुलिस कार्यालय नवादा रहेंगे। नियंत्रण कक्ष में पल-पल की गतिविधियों पर नजर रखी जायेगी साथ ही अग्निशाम, चिकित्सा व्यवस्था, बज्रवाहन/वाटर कैनन, अश्रु गैस आदि की भी व्यवस्था की गयी है। जिला शिक्षा पदाधिकारी को निर्देश दिया गया कि अपने दायित्वों का निर्वहन करेंगे। प्रत्येक परीक्षा केन्द्र पर केन्द्राधीक्षक के द्वारा वीडियोग्राफी की व्यवस्था रहेगी। अभ्यर्थियों का परीक्षा हॉल में मोबाईल, फोन या किसी भी प्रकार का इलेक्ट्रॉनिक उपकरण आदि के साथ प्रवेश निषेध है। कदाचार में लिप्त पाये जाने पर बिहार परीक्षा संचालन अधिनियम अन्तर्गत कार्रवाई की जायेगी। सभी परीक्षा केन्द्रों पर सीसीटीवी, मोबाईल जैमर की व्यवस्था, फोटोग्राफी, पुलिस पदाधिकारी एवं पुलिस बल की व्यवस्था, वाहन की व्यवस्था रहेगी। संभावित भीड़ को देखते हुए ट्रैफिक व्यवस्था का सुचारू संचालन पुलिस उपाधीक्षक यातायात नवादा द्वारा किया जायेगा। कार्यपालक अभियंता विद्युत को सिपाही भर्ती परीक्षा में निर्बाध विद्युत आपूर्ति करने का निर्देश दिया गया। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि पूर्व की तरह सिपाही भर्ती परीक्षा शांतिपूर्ण वातावरण में सम्पन्न करायेंगे। उन्होंने कहा कि फ्रिस्किंग कार्य हेतु कर्मियों

♦ डीएम-एसपी ने कहा, लापरवाही बरतने पर होगी कार्रवाई

की प्रतिनियुक्ति की गई है। अभ्यर्थी को परीक्षा केन्द्र में परीक्षा प्रारंभ होने के ढ़ाई घंटा पूर्व (09:30) बजे पूर्वा0 से प्रवेश की अनुमति फ्रिस्किंग के पश्चात दी जायेगी। महिलाओं के लिए फ्रिस्किंग घेरायुक्त स्थल पर होगी। परीक्षा हॉल में प्रवेश के पूर्व अभ्यर्थी को भौतिक रूप से जॉच कराना सुनिश्चित करेंगे। अभ्यर्थी के जूता जप्पल की सघन जॉच कर ही अंदर जाने की अनुमति देने का निर्देश दिया गया। अभ्यर्थियों के पास किसी भी प्रकार की लिखित सामग्री, प्रवेश पत्र पर कोई लेख, सादा कागज, क्लिप बोर्ड, स्लाइड रूल, वाई-फाई गैजेट, इलेक्ट्रॉनिक पेन, पेजर, रिस्ट वॉच, व्हाईटनर, ईरेजर एवं ब्लेड, कैलकुलेटर, मोबाईल फोन, ब्लूटूथ उपकरण, डिजिटल डायरी, पॉमटाप, पीडीए या कोई अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरण नहीं होनी चाहिए। किसी भी परीक्षार्थी को बिना फोटो, पहचान पत्र के किसी भी परिस्थिति में परीक्षा केन्द्र में प्रवेश नहीं दिया जायेगा। पुलिस अधीक्षक द्वारा निर्देश दिया गया कि केन्द्र पर यदि कोई सिस्टम काम नहीं करता है, यथा-सीसीटीवी, जैमर आदि तो वो अपने नोडल पदाधिकारी को सूचित करेंगे। आयोग के द्वारा दिशा निर्देश के अनुरूप ही कार्य का निर्वहन करेंगे। अपर समाहर्त्ता, नवादा द्वारा उपस्थित केन्द्राधीक्षकों एवं दण्डाधिकारियों को निर्देश दिया गया कि जिलाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारी के आदेश का अक्षरशः अनुपालन करेंगे। परीक्षा स्वच्छ, कदाचारमुक्त एवं शांतिपूर्ण वातावरण में सम्पन्न करायेंगे। अनुमंडल पदाधिकारी नवादा सदर एवं अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी नवादा को परीक्षा अवधि में सतत् गश्ती करते हुए विधि-व्यवस्था का संधारण करने का निर्देश दिया गया। अनुमंडल पदाधिकारी नवादा सदर द्वारा परीक्षा केन्द्रों वाले नगर क्षेत्रों में स्थित फोटो स्टेट दुकान, साईबर कैफे एवं इंटरनेट सुविधा देने वाले केन्द्रों को परीक्षा की तिथि के दिन 08:00 बजे पूर्वा0 से 03:00 बजे अप0 तक बंद कराने का निर्देश दिया गया। परीक्षा के दिन विधि-व्यवस्था के सम्पूर्ण प्रभार में श्री चन्द्रशेखर आजाद, अपर समाहर्त्ता नवादा-सह-अपर जिला दंडाधिकारी नवादा एवं मो0 इमरान परवेज पुलिस उपाधीक्षक (मु0) नवादा रहेंगे। आज की इस बैठक में उप विकास आयुक्त नवादा, अपर समाहर्त्ता नवादा, जिला लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी, गोपनीय प्रभारी, अनुमंडल पदाधिकारी नवादा सदर, जिला शिक्षा पदाधिकारी, डीसीएलआर नवादा सदर, डीएसपी नवादा सदर के साथ-साथ केन्द्राधीक्षक एवं पुलिस पदाधिकारी उपस्थित थे।

जन सुराज विचार मंच की बैठक में कई बिंदुओं पर हुई चर्चा

निज संवाददाता। नवादा

नवादा जिले के नारदीगंज प्रखंड मुख्यालय स्थित पेंशनर समाज भवन में जन सुराज विचार मंच की एक बैठक आयोजित की गई. बैठक में सामाजिक कार्यकर्ता, बुद्धिजीवियों, प्रबुद्ध जनों ने जन सुराज के संस्थापक प्रशांत किशोर के विचार धाराओं से प्रभावित होकर भाग लिया। बैठक की अध्यक्षता कर रहे नारदीगंज प्रखंड संयोजक रजनीश कांत झा ने बताया कि प्रशांत किशोर बिहार समेत पूरे देश में सबका मान, सबका विकास की अवधारणा को लेकर आगे बढ़ रहें हैं। हम जन सुराज से जुड़कर बिहार के बेहतर विकास के लिए बेहतर विकल्प बन सकते हैं। प्रशांत किशोर लगातार विभिन्न जिलों का दौरा कर अपनी बातों को रख रहे हैं। हम उनसे आग्रह करेंगे कि नारदीगंज में भी वे आए और अपनी बातों को रखें। इसे लेकर हमलोग उनका पुरजोर स्वागत भी करेंगे। इस बैठक में मौजूद वक्ताओं ने जन सुराज के संस्थापक प्रशांत किशोर की विचारधारा

को मजबूत करने और बिहार से जाति और धर्म के नाम पर विकास बाधित करने को लेकर संवाद कार्यक्रम की शुरुआत हुई। वहीं, पेंशनर समाज के प्रखंद सचिव श्रीकांत सिंह ने कहा कि देश की राजनीति जातियों व धर्मों में सिमट कर रह गई है. यही कारण है कि देश की व्यवस्था कमजोर होते जा रही है।

जब तक हम सभी व्यक्ति जात-पात से ऊपर उठकर राजनीति में अपना योगदान नहीं देंगे, तब तक व्यवस्था में सुधार नहीं हो सकता है। ऐसी स्थिति में जन सुराज मंच की विचारधारा को आगे लेकर चलना चाहिए। साथ ही साथ बैठक को संबोधित करते हुए जनसुराज विचार मंच नारदीगंज प्रखण्ड संयोजक रजनीश कांत झा ने कहा कि इस अभियान के संस्थापक प्रशांत किशोर के प्रयास का समर्थन करते हुए कहा कि बिहार से ही बिहार और देश को सकारात्मक बदलाव की कोशिश होगी, जो स्वागत योग्य है।

उन्होंने कहा कि आने वाले दिनों में प्रशांत किशोर के विचारधाराओं को युवाओं, महिलाओं एवं बुजुर्गों का समर्थन मिलेगा. उन्होंने बताया कि बिहार में कृषि, शिक्षा, रोजगार, उद्योग आदि मामले में जिला से लेकर राज्य तक अपेक्षा की जानकारी जमीनी स्तर पर प्रशांत किशोर को है। चंदन सिंह ने कहा कि प्रशांत किशोर एक चर्चित राजनीतिक व रणनीतिकार है. उनके साथ अच्छे व शिक्षित लोगों की समर्पित सशक्त टीम है. बिहार को लेकर उनका दृष्टिकोण साफ है. हम उनके साथ कदम से कदम मिलाकर चलने को तैयार है। इस बैठक में राजीव कुमार, चंदन कुमार, श्रीकांत सिंह, राजीव रंजन कुमार, रामधनी प्रसाद सहित दर्जनों लोग मौजूद थे।।

पेड़ में लटका मिला युवक का शव

क्षेत्र में दहशत का माहौल, जाँच में जुटी पुलिस

निज संवाददाता। नवादा

नारदीगंज (नवादा) थाना क्षेत्र के लोदीपुर जफरा गांव के समीप बधार में कहुआ के पेड़ में एक युवक का लटका हुआ शव को पुलिस ने मंगलवार को दोपहर के बाद बरामद किया। इस दौरान बधार में घास काटने गई महिला को पेड़ में लटका हुआ शव पर नजर पड़ी, तो शोर मचाने के बाद काफी संख्या में लोग पहुंचे। और शव की पहचान की।मृतक की पहचान सहजपुरा निवासी दशरथ सिंह के 48 वर्षीय पुत्र सिंटू कुमार के रूप में किया गया।उस मृतक के गले को दो गमछे से बांध कर पेड़ से लटका दिया गया है। उसके गले में एक गमछा लाल है व दूसरा उजला गमछा है। लाल गमछा मृतक युवक है वही उजला गमछा किसी अन्य व्यक्ति का बताया जा रहा है।वैसे इधर, लोगों का कहना है कि युवक की हत्या कर उसके शव को पेड़ में लटका दिया है,वही आत्महत्या की बात भी कही जा रही है। घटना की सूचना पर काफी संख्या में जुट गए हैं, औऱ हालत देखकर सभी हतप्रभ है।खबर मिलते ही स्वजन व शुभचिंतकों में मातम छा गया। घटना की सूचना मिलने पर सदर एसडीपीओ -2 सुनील कुमार,थानाध्यक्ष राजगृह प्रसाद, एसआई कमलेश कुमार पुलिस बल के साथ पहुंचे, और मामले की छानबीन में जुट गए।इसके साथ सूचना पर पहुंची फोरेंसिक विभाग के रंजीत कुमार भी टीम के साथ घटनास्थल पर पहुंचे हैं, और मामले की तहकीकात करने में लग गए।पुलिस कानूनी प्रक्रिया के उपरांत शव को जब्त कर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल नवादा भेज दिया। बताया जाता है कि सहजपुरा निवासी दशरथ सिंह का 48 वर्षीय पुत्र सिंटू कुमार दिल्ली में रहता था। वही उनकी धर्मपत्नी खुशबू देवी व पुत्र आशुतोष कुमार भी रहते हैं।पुत्री लक्ष्मी कुमारी अपनी मौसी के साथ नवादा में रहकर पढ़ती है। युवक सिंटू दिल्ली में प्राइवेट फर्म में काम करता था कहा गया तकरीबन डेढ़ माह पहले वह दिल्ली से अपने गांव सहजपुरा में आया था। उसके बाद वह बीते 25 अगस्त को अपने रिश्तेदार के यहां मनमां गांव गया हुआ था।इसी बीच दो दिनों से लगातार वर्षा हुई, तो उसका खपरैल युक्त घर गिर गया था, इसकी सूचना गांव में रहनेवाले स्वजन ने दिया। सूचना मिलने पर वह 27 अगस्त 2024 यानि मंगलवार को आने की बात कही।लेकिन वह घर नहीं पहुंचे, और उसका शव लोदीपुर जफरा गांव के समीप बधार में कहुआ के पेड़ में गले में गमछा से बंधा लटका हुआ शव को देखकर सभी आश्चर्य में थे। सूचना पर पहुंची पुलिस ने कानूनी प्रक्रिया कर शव को जब्त कर लिया, तदोपरांत स्वजन ने अंतिम दर्शन के लिए उसके शव को अपने गांव लेकर पहुंचे।शव को देखकर स्वजन को रोकर बुरा हाल हो रहा था।थानाध्यक्ष राजगृह प्रसाद ने कहा पोस्टमार्टम रिपोर्ट मिलने के बाद ही मौत के कारणों का पता चल पाएगा,वैसे पुलिस हर बिंदुओं को गंभीरता पूर्वक अनुसंधान कर रही है। पीड़ित पक्ष की ओर से आवेदन अप्राप्त है।

अनुसूचित परिवार के दो पशुपालकों के बीच मुर्गियों एवं बकरियों का किया गया वितरण

निज संवाददाता। कौआकोल

प्रखण्ड के जेपी आश्रम सोखोदेवरा में मंगलवार को कृषि विज्ञान केंद्र,ग्राम निर्माण मंडल सर्वोदय आश्रम सोखोदेवरा,नवादा के द्वारा प्रखण्ड के महुडर पंचायत के महुलियाटांड़ गांव के दो पशुपालक लाभुकों के बीच मुर्गियों एवं बकरियों का वितरण किया गया। कृषि विज्ञान केंद्र के वरीय वैज्ञानिक सह प्रधान डॉ० जयवंत कुमार सिंह ने बताया कि अनुसूचित जाति उप-परियोजना के अंतर्गत दो पशुपालक किसानों को प्रत्यरक्षण कार्य के लिए सोनाली नस्ल के 32 मुर्गी एवं ब्लैक बंगाल नस्ल के चार बकरी एवं एक बकरा दिया गया। साथ ही इसके रख-रखाव,बीमारी प्रबंधन,आहार प्रबंधन आदि के बारे में भी जानकारी दी गई। इस अवसर पर मौजूद कृषि विज्ञान केंद्र के पशु वैज्ञानिक डॉ० धनंजय कुमार,अंगद कुमार आदि मौजूद रहे। वैज्ञानिकों ने कहा कहा कि मुर्गी एवं बकरी पालन से पशुपालक किसान आय का सृजन कर खुद को स्वावलंबन की ओर बढ़ सकते हैं एवं अपनी आय में वृद्धि कर सकते हैं।

ब्रह्माकुमारी सेवा केंद्र में धूमधाम से मनाई गई श्रीकृष्ण जन्माष्टमी

निज संवाददाता। रजौली

नगर पंचायत क्षेत्र के नीचे बाजार स्थित राज शिवाला के समीप प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के राजयोग सेवा केंद्र में जन्माष्टमी धूमधाम से मनाया गया,जिसमें बच्चों द्वारा राधा-कृष्ण की झांकी मनमोहन का केंद्र रहा।वहीं माखन मिश्री का भोग लगाकर आरती उतारी गई।सेवा केंद्र संचालिका पूर्णिमा दीदी के द्वारा जन्माष्टमी का आयोजन किया गया।इस आयोजन में भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं पर सुंदर नाटिका एवं नृत्य प्रस्तुत किया गया। पूर्णिमा दीदी ने बताई कि सतयुग के प्रथम राजकुमार श्रीकृष्णा थे, जो कि 16 कला से परिपूर्ण थे। श्रीकृष्ण में शारीरिक आरोग्यता, सुंदरता,आत्मिक बल और पवित्रता तथा दिव्य गुणों की अत्यंत पराकाष्ठा थी।सतयुग से लेकर कलयुग के अंत तक अन्य कोई भी इतना महान ना हुआ है और ना हो सकता है।श्रीकृष्ण का व्यक्तित्व इतना महान और आकर्षक था कि कोई भी उनकी छवि मुक्त होकर निहारते रहते है। मौके पर सेवा केंद्र के दर्जनों भाई-बहन उपस्थित थे।

साइबर अपराध में लिप्त पांच युवकों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

निज संवाददाता। नवादा

नवादा जिले के वारिसलीगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत पैगरी गावं से साइबर थाना की पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते एक साथ 5 साइबर अपराधियों को दर्जनों मोबाईल एवं कस्टमर डाटा के साथ दबोचा है. साइबर थाना की पुलिस के हत्थे चढ़े सभी शातिर साइबर ठग एक बगीचे में बैठ कर लोगों को चूना लगाते थे. इस्लामिक फाइनांस बैंक से सस्ते दर पर लोन, जुडियो और डॉमिनोज का फ्रेंचाइजी देने के नाम पर देश के विभिन्न प्रांत के लोगों से ठगी की वारदात को अंजाम दे रहे थे. साइबर थाना की पुलिस ने साइबर पुलिस पोर्टल पर आ रही शिकायतों पर आर्थिक अपराध इकाई ने साइबर अपराधियों की डिटेल उपलब्ध कराया था. साइबर थाना की पुलिस ने पैंगरी गांव से सटे एक बगीचे की घेराबंदी कर एक साथ 5 साइबर अपराधियों को गिरफ्तार किया है. साइबर थाना की पुलिस ने छापेमारी के क्रम में साइबर अपराधियों के पास से 16 एंड्राइड मोबाइल,4 पन्ने का कस्टमर डाटा शीट ,4 आधार कार्ड ,4 वोटर कार्ड, 4 पैन कार्ड ,4 विभिन्न बैंक के एटीएम कार्ड और मोबाइल नंबर नाम ईमेल राज्य इत्यादि लिखा हुआ दो कॉपी को बरामद किया है. साइबर थाना की पुलिस के हत्थे चढ़े सभी साइबर अपराधी नवादा जिले के वारसलीगंज थाना क्षेत्र के पैंगरी गांव के केदार प्रसाद का पुत्र शशिकांत कुमार उर्फ बबलू, नरेश प्रसाद का पुत्र पवन कुमार ,बबलू कुमार का पुत्र शशिकांत कुमार, नालंदा जिले के बिहार शरीफ थाना क्षेत्र के खंडक पर मोहल्ले का निवासी शैलेंद्र कुमार का पुत्र शशिकांत सिंह उर्फ गुड्डू और दीप नगर थाना क्षेत्र के देवी सराय मोहल्ले का निवासी अशोक प्रसाद के पुत्र रवि कुमार शामिल है.

वहीं पुलिस की भनक लगते ही मौके से कई साइबर अपराधी भाग निकले वहीं पुलिस अन्य साइबर ठगों की पहचान कर गिरफ्तारी के लिए छापेमारी में जुट गई है. बता दें की पूर्व में भी इस गावं में की गयी छापेमारी में दर्जनों युवकों की गिरफ्तारी की गयी थी लेकिन साइबर अपराध घटने के बजाय बढ़ता ही जा रहा है। क्षेत्र के सैकड़ों गावं में यह धंधा उद्योग के रूप में तब्दील हो गया है। जहां धंधेवाज भोले भाले युवकों को धंधे में कमीशन का प्रलोभन देकर फाँसते हैं और बकायदा ट्रेंनिंग देकर भर्ती कराते हैं।

फोरलेन के सर्विस रोड में रहे भवनों को जेसीबी से किया गया ध्वस्त

जिलाधिकारी के निर्देश पर हुई कार्रवाई,सीओ और पुलिस बल रहे मौजूद

निज संवाददाता। रजौली

प्रखण्ड क्षेत्र के सिमरकोल मोड़ के समीप फोरलेन के सर्विस रोड में पड़ने वाले भवनों को जिलाधिकारी नवादा के निर्देश पर सीओ मो गुफरान मजहरी एवं पुलिस बलों की मौजूदगी में जेसीबी मशीन से ध्वस्त किया गया।बीते कई वर्षों से सिमरकोल मोड़ के समीप पेट्रोल पम्प की तरफ सर्विस रोड का निर्माण बाधित था,जबकि एनएचएआई द्वारा सर्विस रोड के लिए भूमि अधिग्रहित किया गया था और उसका पेमेंट भी लाभुकों के खाते में भेज दिया गया था।किंतु भवन मालिकों के हठ की वजह से मकान को तोड़ने नहीं दिया जा रहा था।जिसको लेकर एनएचएआई को सर्विस रोड निर्माण में काफी परेशानी हो रही थी।यही नहीं सर्विस रोड नहीं रहने के कारण कई लोगों को फोरलेन में गलत साइड से आना-जाना करना पड़ता था।ग्रामीणों द्वारा सायकिल,मोटरसाइकिल एवं अन्य वाहनों से गलत दिशा में चलने के कारण कई सड़क दुर्घटनाएं भी हो रही थी।अंततः एनएचएआई द्वारा जिलाधिकारी नवादा से सर्विस रोड हेतु आवश्यक कार्रवाई की गुहार लगाई गई।जिसके बाद जिलाधिकारी नवादा द्वारा निर्गत निर्देश के आलोक में एसडीओ रजौली ने सर्विस रोड में अधिगृहित भूमि पर बने भवनों के विरुद्ध आवश्यक कार्रवाई हेतु सीओ रजौली एवं थाना रजौली को निर्देश दिया गया।इस आलोक में सीओ और पुलिस बलों की मौजूदगी में सर्विस रोड में पड़े भवनों को जेसीबी मशीन से तोड़कर ध्वस्त किया गया।मिली जानकारी के अनुसार सर्विस रोड में सनोज पंडित,सुरेश पंडित,भोली पंडित एवं अमन राज आदि के भवनों को तोड़ा गया है।भवनों के हटने के बाद सर्विस रोड निर्माण का रास्ता साफ हो गया है।सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार जल्द ही सर्विस रोड का निर्माण किया जाएगा।इस सर्विस रोड के निर्माण के बाद गलत दिशा में चलने वाले ग्रामीणों को काफी सहूलियत होगी।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें : www.sonvarshavani.com
ई-पेपर sonvarshavani.com/epaper

विचार-मंथन

संपादकीय

लेटरल एंट्री भर्ती को लेकर सरकार और विपक्ष के बीच सियासत

विभिन्न मंत्रालयों में सचिव, उपसचिव और निदेशक के लिए सीधी भर्ती यानी 'लेटरल एंट्री' को आखिरकार सरकार ने रोक दिया है। पिछले हफ्ते चौबीस मंत्रालयों में ऐसे पैंतालीस पदों पर भर्ती के लिए संघ लोक सेवा आयोग ने विज्ञापन निकाला था, जिसे उसने अब रद्द कर दिया है। विपक्ष ने आरोप लगाया था कि सरकार इस तरह अपने पसंदीदा लोगों को भर्ती करना चाहती है। इससे अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और पिछड़े समुदाय के लोगों के लिए संविधान में मिले आरक्षण के प्रावधान का उल्लंघन होगा। इस मसले पर सरकार के सहयोगी दलों ने भी विरोध में आवाज उठानी शुरू कर दी थी।दो दिन तक इसके अलग-अलग पक्षों पर खूब बहस हुई। अब सरकार ने यूपीएससी को पत्र लिख कर कहा है कि इन भर्तियों में भी सामाजिक न्यायका ध्यान रखा जाना जरूरी है। जाहिर है, इसे विपक्ष अपनी विजय के रूप में रेखांकित कर रहा है, मगर हकीकत यह है इसे सत्तापक्ष की पराजय नहीं कहा जा सकता। सत्तापक्ष ने केवल पैंतरा बदला है। यूपीएससी को लिखी कार्मिक मंत्रालय की चिट्ठी से जाहिर है कि सीधी भर्तियां तो होंगी, मगर आरक्षण का ध्यान रखते हुए। ऐसे में इस सवाल का जवाब शायद ही मिल पाए कि आखिर मंत्रालयों में इतने बड़े पैमाने पर बाहर के लोगों की सीधी भर्ती का औचित्य क्या है!मंत्रालयों में सीधी भर्ती का प्रावधान इसलिए किया गया था कि इस तरह निजी क्षेत्रों या दूसरे संस्थानों में काम कर रहे विशेषज्ञों की सेवाएं ली जा सकें। पहले भी सीधी भर्तियां होती रही हैं। ऐसे लोगों को तीन से पांच वर्ष तक की अवधि के लिए प्रतिनियुक्ति या तदर्थ आधार पर नियुक्त किया जाता है। अब बदलती जरूरतों के मुताबिक अनेक क्षेत्रों में तकनीकी विशेषज्ञता की दरकार बढ़ी है। इसी तर्क पर नई भर्तियां विज्ञापित की गई थीं। मगर इन्हें लेकर विवाद इसलिए भी उठा कि पहले ही विभिन्न मंत्रालयों में अनेक सीधी भर्तियां की जा चुकी हैं।सीधी भर्ती का अर्थ यह नहीं माना जाना चाहिए कि नियमित आधार पर भर्ती लोगों की योग्यता को नजरअंदाज कर दिया जाए। मंत्रालयों का कामकाज नौकरशाही के बल पर ही चलता है और उसमें विभिन्न अनुशासनों के लोग होते हैं। तकनीकी क्षेत्रों के लोगों की भी उसमें कमी नहीं है। फिर, बदलती जरूरतों के मुताबिक इन अधिकारियों को कौशल विकास के लिए विदेशों में भेज कर प्रशिक्षण भी दिया जाता है। ऐसे में बड़ी तादाद में बाहर से लोगों को लाने पर सवाल उठना स्वाभाविक है।

फिजूल का विवाद, बांग्लादेश में बाढ़ के लिए भारत दोषी नहीं

राजनीतिक अस्थिरता से उबरने की कोशिश करते बांग्लादेश में अचानक आई बाढ़ की समस्या ने ऐसे हालात पैदा कर दिए कि भारत के साथ एक अप्रत्याशित और अनावश्यक कूटनीतिक विवाद पैदा हो गया। बाढ़ का दोष भारत पर मढ़े जाने से यह स्थिति बनी थी, लेकिन अच्छी बात यह रही कि दोनों पक्षों ने धैर्य और समझदारी का परिचय देते हुए मामले को बेकाबू होने से रोक लिया। बांग्लादेश के लिए यह उथलपुथल का समय है। इसी महीने की 5 तारीख को आरक्षणविरोधी आंदोलन के बेकाबू होने के बाद तत्कालीन प्रधानमंत्री शेख हसीना को इस्तीफा देकर देश छोड़ देना पड़ा। ऐसी अनिश्चितता की स्थिति में अफवाहों और फेक नैरेटिव का जोर हो जाना कोई हैरत की बात नहीं है। यही हुआ जब भारी बारिश के चलते आई बाढ़ में बांग्लादेश के आठ जिले डूब गए। सोशल मीडिया पर यह अफवाह चल गई कि बाढ़ भारत के पानी छोड़ने की वजह से आई है।मामला गंभीर तब हुआ जब मौजूदा अंतरिम सरकार के एक सलाहकार ने सार्वजनिक तौर पर कह दिया कि यह बाढ़ भारत द्वारा त्रिपुरा में गुमटी नदी का डंबूर डैम बिना पूर्वसूचना के खोल दिए जाने की वजह से आई है। चूंकि यह बयान अंतरिम सरकार के मुखिया मोहम्मद यूनुस से मीटिंग के बाद दिया गया था, इसलिए इसे हलके में नहीं लिया जा सकता था। भारत ने भी इसे गंभीरता से लिया, लेकिन विदेश मंत्रालय ने औपचारिक बयान में इतना ही कहा कि यह आरोप तथ्य के अनुरूप नहीं है। तथ्य यह है कि सीमा के दोनों तरफ 21 अगस्त से ही भारी बारिश हो रही थी। इस वजह से बाढ़ आई और बाढ़ ने दोनों तरफ नुकसान पहुंचाया। त्रिपुरा में भी बाढ़ से 22 लोगों की मौत और 65 हजार से अधिक लोगों के विस्थापित होने की खबर है। भारत ने इसे साझा समस्या बताया। इसके साथ ही अनौपचारिक तौर पर यह स्पष्ट करने में कोई कमी नहीं रखी गई।

श्रीकृष्ण हैं सृष्टि के महानायक एवं मैंनेजमेंट गुरु

(ललित गर्ग)

भगवान श्रीकृष्ण से प्रेम के साथ-साथ जीवन के सबसे खराब दौर में कैसे अच्छा परिणाम पाएं इसका गुण भी हम लोग सीख सकते हैं। अपने जन्म से लेकर लीला समाप्ति तक, अपने पूरे अवतार के समय तक श्रीकृष्ण ने कई संघर्षों को सुलझाया और देखा भी। श्रीकृष्ण का यह प्रबंधन कौशल एवं समय-नियोजन ही था कि उन्होंने 64 दिन में 64 कलाओं का ज्ञान प्राप्त कर लिया था।

श्रीकृष्ण का व्यक्तित्व एवं कृतित्व नेतृत्व एवं प्रबंधन की समस्त विशेषताओं को समेटे बहुआयामी एवं बहुरंगी है, यानी राजनीतिक कौशल, बुद्धिमत्ता, चातुर्य, युद्धनीति, आकर्षण, प्रेमभाव, गुरुत्व, सुख, दुख और न जाने और क्या? भगवान श्रीकृष्ण हमारी संस्कृति के एक अद्भुत एवं विलक्षण महानायक एवं मैंनेजमेंट गुरु हैं। श्रीकृष्ण का चरित्र एक प्रभावी एवं सफल मैंनेजमेंट गुरु वाले लोकनायक का चरित्र है। वह द्वारिका के शासक भी है किंतु कभी उन्हें राजा श्रीकृष्ण के रूप में संबोधित नहीं किया जाता। वह तो ब्रजनंदन है। कुशल प्रबंधन सोच के कारण ही समाज एवं राष्ट्र व्यवस्था उनके लिये कर्तृत्व्य थी, इसलिये कर्तृत्व्य से कभी पलायन नहीं किया तो धर्म उनकी आत्मनिष्ठा बना, इसलिये उसे कभी नकारा नहीं। वे प्रवृत्ति और निवृत्ति दोनों की संयोजना में सचेतन बने रहे। श्रीकृष्ण के आदर्शों से ही देश एवं दुनिया में शांति स्थापित करने का मार्ग प्रशस्त होगा। श्रीकृष्ण के प्रबंधन रहस्य को समझना होगा कि उन्होंने किस प्रकार आदर्श राजनीति, व्यावहारिक लोकतंत्र, सामाजिक समरसता, एकात्म मानववाद और अनुशासित सैन्य एवं युद्ध संचालन किया। राष्ट्र के सर्वांगीण विकास के लिए किस तरह की नीति और नियत चाहिए- इन सब प्रश्नों के उत्तर श्रीकृष्ण के प्रभावी प्रबंधन सूत्रों से मिलते हैं। श्रीकृष्ण का व्यक्तित्व एवं कृतित्व नेतृत्व एवं प्रबंधन की समस्त विशेषताओं को समेटे बहुआयामी एवं बहुरंगी है, यानी राजनीतिक कौशल, बुद्धिमत्ता, चातुर्य, युद्धनीति, आकर्षण, प्रेमभाव, गुरुत्व, सुख, दुख और न जाने और क्या? एक देश-भक्त के लिए श्रीकृष्ण भगवान तो हैं ही, साथ में वे जीवन जीने की कला एवं सफल नागरिकता भी सिखाते है। उन्होंने अपने व्यक्तित्व की विविध विशेषताओं से भारतीय-संस्कृति में उच्च महाप्रबंधक का पद प्राप्त किया। एक ओर वे राजनीति के ज्ञाता, तो दूसरी ओर दर्शन के प्रकांड पंडित थे। धार्मिक, राजनैतिक एवं सामाजिक जगत् में भी नेतृत्व करते हुए ज्ञान-कर्म-भक्ति का समन्वयवादी धर्म उन्होंने प्रवर्तित किया। अपनी योग्यताओं के आधार पर वे युगपुरुष थे, जो आगे चलकर युवावतार के रूप में स्वीकृत हुए। उन्हें हम एक महान् क्रांतिकारी नायक के रूप में स्मरण करते हैं। वे दार्शनिक, चिंतक, गीता के माध्यम से कर्म और सांख्य योग के संदेशवाहक और महाभारत युद्ध के नीति निर्देशक थे किंतु सरल-निश्छल ब्रजवासियों के लिए तो वह रास रचैया, माखन चोर, गोपियों की मटकी फोड़ने वाले नटखट कन्हैया और गोपियों के चितचोर थे। गीता में इसी की भावाभिव्यक्ति है- हे अर्जुन! जो भक्त मुझे जिस भावना से भजता है मैं भी उसको उसी प्रकार से भजता हूं। हमारे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी में भी हम इन्हीं प्रबंधकीय विशेषताओं का दर्शन करते है, क्योंकि श्रीकृष्ण के जीवन-आदर्शों को आत्मसात करते हुए वे एक कुशल प्रबंधक के रूप में सशक्त भारत-नया भारत निर्मित कर रहे हैं। सही प्रबंधन के बिना किसी भी कार्य से श्रेष्ठतम परिणाम प्राप्त नहीं किये जा सकते। जिस तरह जीवन के प्रत्येक कार्य में सुनिश्चित सफलता के लिये सही प्रबंधन अति आवश्यक है, उसी तरह सही ढंग से जीने एवं सार्थक जीवन के लिये भी सही प्रबंधन जरूरी है। श्रीकृष्ण ने मैंनेजमेंट गुरु की भूमिका निभाते हुए सफल एवं सार्थक जीवन जीने के प्रबंधन सूत्र दिये, जो सदियों से सम्पूर्ण मानवजाति का पथ-दर्शन कर रहे हैं। श्रीकृष्ण के प्रबंधन नीति की खासियत यह है कि उनकी भावना और विवेक एक दूसरे का पूरक है। मैनेजमेंट गुरु श्रीकृष्ण का वह व्यावहारिक कौशल ही था कि अत्याचारी कंस को सबसे पहले आर्थिक रूप से कमजोर किया गया और फिर उसका वध किया। पूरे महाभारत युद्ध के दौरान कहीं भी श्रीकृष्ण उहापोह की स्थिति में नजर नहीं आये। एक ही व्यक्ति में अनेक गुणों, विशेषताओं एवं कौशल का समावेश तभी हो सकता है, जब वह प्रबंधन में निष्णात हो। श्रीकृष्ण एक ऐसा ही आदर्श चरित्र है जो अर्जुन की मानसिक व्यथा का निदान करते समय एक मनोवैज्ञानिक, कंस जैसे असुर का संहार करते हुए एक धर्मावतार, स्वार्थ पोषित राजनीति का प्रतिकार करते हुए एक आदर्श राजनीतिज्ञ, विश्व मोहिनी बंसी बजैया के रूप में सर्वश्रेष्ठ संगीतज्ञ, बृजवासियों के समक्ष प्रेमावतार, सुदामा के समक्ष एक आदर्श मित्र, सुदर्शन चक्रधारी के रूप में एक योद्धा व सामाजिक क्रान्ति के प्रणेता हैं। उनके जीवन की छोटी से छोटी घटना से यह सिद्ध होता है कि वे सर्वैश्वर्य सम्पन्न थे। धर्म की साक्षात् मूर्ति थे। कुशल राजनीतिज्ञ थे। सृष्टि संचालक के रूप में एक महाप्रबंधक थे। भगवान श्रीकृष्ण के मैनेजमेंट मंत्र के अनुसार श्रेष्ठ व्यक्ति को हमेशा अपने पद और गरिमा के अनुसार ही व्यवहार या आचरण करना चाहिए। क्योंकि वह लोगों के लिए आदर्श हैं और वो जैसा करेंगे लोग भी वैसा ही अनुसरण करेंगे। कुरुक्षेत्र के युद्ध मैदान में भगवान श्रीकृष्ण ने अर्जुन को जो गीता के उपदेश दिये थे, वे मैंनेजमेंट अमरसूक्त हैं। मोहवश अर्जुन ने हथियार त्याग दिए थे, तब गीता के उपदेशों के जरिये ही भगवान श्रीकृष्ण ने अर्जुन को धर्मानुसार कर्म करने की प्रेरणा दी। महाभारत के युद्ध में श्रीकृष्ण ने जो उपदेश दिए थे, इनमें मैनेजमेंट के सूत्र छिपे हुए हैं। इस सूत्रों को समझकर कोई भी इंसान अपने जीवन में छोटे-छोटे बदलावों से उन्नति कर सकता है। श्रीकृष्ण के अनुसार जिस मनुष्य के मन में किसी प्रकार की इच्छा या कामना होती है, उसे कभी सुख शांति प्राप्त नहीं होती। इसलिए सुख-शांति हासिल करने के लिए इंसान को सबसे पहले अपनी इच्छाओं का त्याग करना होगा। हम कर्म के साथ उसके आने वाले परिणाम के बारे में सोचते हैं जो हमें कमजोर बनाता है। लेकिन हमें परिणाम की चिंता न करके अपने कर्म पर ध्यान देना चाहिए, जिससे हम अपने कर्तव्य का पालन कर सकें, यह प्रबंधन का आदिसूत्र हैं। श्रीकृष्ण का प्रशासनिक एवं राजनीतिक चरित्र अत्यन्त अलौकिक है, उनके समग्र विचार दर्शन का संक्षेप में केवल एक संदेश है- कर्म। कर्म के माध्यम से ही समाज की अनिष्टकारी प्रवृत्तियों का शमन करके उनके स्थान पर वरेण्य प्रवृत्तियों को स्थापित करना संभव होता है। श्रीकृष्ण का व्यक्तित्व असीम करुणा से परिपूर्ण है। लेकिन अनीति और अत्याचार का प्रतिकार करने वाला उनसे कठोर व्यक्ति शायद ही कोई मिले। जो श्रीकृष्ण अपने से प्रेम करने वाले के लिए नंगे पांव दौड़े चले जाते थे, वही श्रीकृष्ण दुष्टों को दण्ड देने के लिए अत्यंत कठोर और निर्मम भी हो जाते थे। कब प्रेम करना और कब घृणा, कब कठोर होना और कब करुणामय-यह उचित प्रबंधन से ही संभव है।

यूक्रेन को यकीन दिलाने की यात्रा

(हर्ष वी पंत,प्रोफेसर,किंग्स कॉलेज लंदन)

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की यूक्रेन यात्रा को दुनिया के कई हिस्सों में बहुत करीब से देखा जा रहा है। खुद कीव भी इस यात्रा को लेकर काफी उत्साहित है, क्योंकि यह किसी भारतीय प्रधानमंत्री की पहली यूक्रेन यात्रा है। उल्लेखनीय यह भी है कि जुलाई में जब प्रधानमंत्री रूस में थे, तब यूक्रेन ने उनकी आलोचना की थी। उसका कहना था कि मॉस्को जब कीव पर इतनी बर्बरता कर रहा है, तो भारत भला कैसे उसे अपना समर्थन दे सकता है? जाहिर है, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी यूक्रेन पहुंचकर उसकी यह शिकायत दूर कर रहे हैं कि मॉस्को से पुरानी दोस्ती के कारण रूस-यूक्रेन युद्ध में भारत एकतरफा भूमिका निभाता दिख रहा है। देखा जाए, तो इस युद्ध को लेकर भारत का मत शुरू से ही स्पष्ट रहा है। हम युद्ध का अंत बातचीत की मेज पर चाहते हैं और संप्रभुता व क्षेत्रीय अखंडता जैसे अंतरराष्ट्रीय संबंधों के बुनियादी सिद्धांतों को हर हाल में सुनिश्चित करना चाहते हैं। भारत ने सार्वजनिक तौर पर भले रूस की आलोचना नहीं की, लेकिन प्रधानमंत्री मोदी ने अपनी मॉस्को यात्रा में सबके सामने रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से यह जरूर कहा कि यह समय युद्ध का नहीं है और हमें भू-राजनीतिक मसलों का हल गोली-बारूद से नहीं निकालना चाहिए। भारत चूंकि दोनों पक्षों में आपसी बातचीत के जरिये युद्ध का समाधान चाहता है, इसलिए 15-16 जून, 2024 को स्विट्जरलैंड में यूक्रेन मसले का हल निकालने के लिए बुलाए गए अंतरराष्ट्रीय शांति शिखर सम्मेलन में हमने हिस्सा नहीं लिया, क्योंकि उसमें रूस को नहीं बुलाया गया था। प्रधानमंत्री की रूस यात्रा का भी जब पश्चिमी देश विरोध कर रहे थे, तब भी हमने यही कहा था कि भारत इस युद्ध को लेकर अपने स्थापित सिद्धांत पर ही आगे बढ़ रहा है और हम किसी के दबाव में अपनी विदेश नीति नहीं तय करते। बहरहाल, यूक्रेन यात्रा से पहले प्रधानमंत्री पोलैंड में थे, जहां उन्होंने व्यापार, तकनीक और रक्षा संबंधों का खास तौर पर जिक्र किया। उन्होंने वहां भारतवंशियों से भी मुलाकात की और पोलैंड को लेकर नई नीतियों का खाका खींचने पर जोर दिया। यह करना जरूरी भी था, क्योंकि पोलैंड मध्य यूरोप का एक अहम देश है। तेज विकास दर के कारण इसे पश्चिम की 'टाइगर इकोनॉमी' कहा जाता है और यूरोप में इसकी भूमिका लगातार बढ़ रही है। यह अंतरराष्ट्रीय मसलों पर यूरोप के पारंपरिक रुख से इतर अपनी राय रखता है। यूक्रेन संकट पर भी यह लगातार मुखर है और यूरोप के अगुवा देशों में स्थान बनाने को तत्पर है। चूंकि मध्य यूरोप भारत के लिए अहमियत रखता है, इसलिए पोलैंड के साथ करीबी हमारे लिए काफी महत्वपूर्ण है। भू-राजनीति भी हमें पोलैंड के नजदीक ले जाती है। उल्लेखनीय है कि भू-राजनीतिक मसलों पर भारत सिर्फ अपना हित नहीं देखता, बल्कि विकासशील व गरीब देशों का रुख भी सामने रखता है। यही कारण है कि हम वैश्विक दक्षिण, यानी 'ग्लोबल साउथ' की मजबूत आवाज बन रहे हैं। चाहे यूक्रेन संकट हो या इजरायल-हमास युद्ध, भारत का रुख इस दायित्व से भी प्रभावित रहा है। इस समय जब दुनिया के तमाम बड़े देश आपस में जूझ रहे हैं, तब गरीब व विकासशील देशों की आवाज बमुश्किल वैश्विक मंचों पर जगह बना पा रही है। ऐसे में, अंतरराष्ट्रीय जगत में अपने बढ़ते कद का लाभ उठाकर भारत उनकी स्वाभाविक सशक्त आवाज बन रहा है। यूक्रेन युद्ध को जल्द खत्म कराने को लेकर भारत यदि तत्परता दिखा रहा है, तो उसकी एक वजह उस पर 'ग्लोबल साउथ' की महती जिम्मेदारी का होना है। कहा यह भी जा रहा है कि प्रधानमंत्री मोदी यूक्रेन किसी खास शांति मिशन के तहत जा रहे हैं। ऐसा कहने वाले इस तथ्य से अनजान हैं कि इस युद्ध को लेकर भारत का नजरिया स्पष्ट है। वह इसके तमाम भागीदारों को बातचीत की मेज पर बिठाकर मामला सुलझाने का पक्षधर है। हां, नई दिल्ली इस बात से भी वाकिफ है कि अगर यह संकट और लंबा चला, तो इसका जो प्रतिकूल असर विकासशील देशों व ग्लोबल साउथ पर हो रहा है।

सुडोकू पहेली क्रमांक-5474

1		8			6	4		
		6		9		8		7
5								
2	6	9	5				8	
			4		9			
	8				2	7	9	1
								5
6		4		7		2		
		1	2			9		3

नियम : प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक अंक भरे जाने आवश्यक हैं, इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है। आड़ी व खड़ी पंक्ति में एवं 3x3 के वर्ग में अंक की पुनरावृत्ति न हो, पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।

सुडोकू पहेली क्र. 5473

8	3	6	9	5	7	1	2	4
2	7	1	3	8	4	9	6	5
5	9	4	1	2	6	8	7	3
3	2	7	4	6	1	5	9	8
9	1	8	5	7	3	6	4	2
6	4	5	2	9	8	7	3	1
7	6	2	8	4	5	3	1	9
1	8	9	7	3	2	4	5	6
4	5	3	6	1	9	2	8	7

वर्ग पहेली 5474

1	2	3		4	5	6	
7				8			
			9			10	11
12	13	14		15	16		
	17		18				
19			20			21	
22					23		
		24					

संकेत: बाएं से दाएं
1. 2002 को इस देश के नरेश ज्ञानेंद्र लोकेन्द्र बहादुर को प्रधानमंत्री नियुक्त किया गया (3)
4. भारत के तत्कालीन प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह ने 11 अक्टूबर 2008 को इस स्टेशन से हरी झंडी दिखाकर कश्मीर घाटी में चलने वाली पहली रेलगाड़ी को रवाना किया (7)
7. धातु आदि से बना हुआ मिट्टी का बना टोंटीदार लोटा (3)
8. हिंदी के बारह महिनों में से एक (3)
9. प्रसन्न, खुश, हर्षित (उर्दू)(2)
10. जनता, कबीला, जाति (2)
12. कलिंद पर्वत से निकलने के कारण इस दनी का एक नाम कालिंदी भी है (3)
15. जले या फटे हुए कपड़े को धागे भरकर बराबर करना (2)
17. वैश्वांतर दानव की चार पुत्रियों में एक पुत्री (3)
19. तर्क-वितर्क, मुकदमा, अभियोग (2)
20. आंख का पर्दा, पलक (5)
22. कश, बल, एक बार सांस लेने का समय (3)
23. अतिकाल, विलंब (2)
24. हमारा राष्ट्रीय पक्षी, मयूर (2)

ऊपर से नीचे
1. सुपरामर्श, नेक सलाह, सदुपदेश (4)
2. वस्तु, आदि का दूसरा किनारा (2)
3. खील, भुना धान, लाई (2)
4. नीरिद, विदारक, एक रासायनिक तत्व (4)
5. ग्राम, देहात, मौजा (2)
6. वन में उत्पन्न वस्तु (3)
11. चुहलबाज, चंचल, खुराफाती (4)
13. दलनायक, श्रमिक अध्यक्ष, गणाधिपति (4)
14. लोहे का अर्धचंद्राकार टुकड़ा (2)
16. भूतपूर्व दस्यु सुंदरी जो तेरहवी लोकसभा में मिर्जापुर लोकसभा से सांसद रही (5)
18. उत्तरप्रदेश का गंगातट पर बसा एक शहर (4)
19. साज बजाने वाला, साजिंदा (2)
21. किंतु, परंतु, पंख, लेकिन (2)

वर्ग पहेली 5473 का हल

फि	जी		रे	खा		ब	ल
रे	जी		वा	स	व	द	त्ता
जा		जै		तो	ही	न	
बा	ला		शा	र	दा		आ
द	ल	ना		से	र		च
	कि	न	को		ह	की	म
मा	ला		ह		मा		न
द्री		प	रा		न	दी	

आज का राशिफल

मेष
आज दिन शुभ है और आपके लिए सफलता के योग बने हैं। आपके अच्छे काम से आपके परिवार का नाम रोशन होगा। आपके हर फैसले में आपको लाभ होगा। आपकी रुचि पूजापाठ में बढ़ेगी। धन सम्मान में वृद्धि होगी। सामाजिक व धार्मिक कार्यों में सहयोग करेंगे। शाम के वक्त आपकी सेहत बिगड़ सकती है।

वृष
आज करियर के मामले में भाग्य का साथ मिलेगा। आपकी प्रोन्नति यदि रुकी हुई है तो आज उसके रास्ते खुलेंगे। आप अपनी वाक्पटुता से किसी बहुत बड़े अफसर को अपनी ओर आकर्षित करने में सफल रहेंगे। नेत्र विकारों से जुड़ी परेशानी में कमी आएगी। निर्णय लेने के मामले में आपको लाभ होगा। रात के वक्त अधिक तीखा खाना न खाएं।

मिथुन
आज दिन अनुकूल नहीं है और आपको आर्थिक मामलों में परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। कोई निर्णय न ले पाने के कारण कार्यों में बाधा और हानि हो सकती है और परेशानियां बढ़ सकती हैं। अगर आप नौकरी करते हैं तो अधिकारियों की कृपा से अधिकारों में वृद्धि होगी।

कर्क
आज करियर के मामले में लाभ होगा और सभी कार्य पूर्ण होंगे। पैसों के मामले में हानि हो सकती है। शेयर मार्केट में निवेश न करें वरना नुकसान हो सकता है। भौतिक सुख सुविधाओं की वृद्धि होगी। संतान की नौकरी एवं विवाह इत्यादि मंगल कार्यों के लिए किए गए प्रयासों में सफलता मिलेगी।

सिंह
आज लाभ होगा। आप यदि कहीं से लोन लेने के बारे में सोच रहे हैं तो आसानी से मिल जाएगा। नई-नई योजनाएं बनाकर उन्हें सफल बनाने का पूर्ण प्रयास करें। आपके साहस और पराक्रम में वृद्धि होने से आत्मविश्वास बढ़ेगा। आपको धन लाभ होगा और कारोबार में सफलता प्राप्त होगी। नए कार्यों में विनिमय करना पड़े तो करें आपको लाभ होगा।

कन्या
आज भाग्य साथ देगा और आपको सम्मान के साथ आर्थिक लाभ प्राप्त होगा। माता-पिता से आशीर्वाद लेकर घर से निकलें तो आपको आशीर्वाद मिलेगा। नौकर-चाकर और आपके लिए सुख भोग के साधनों में तरक्की होगी। आमदनी के नए मार्ग बनेंगे।

तुला
आज दिन कारोबार में सफलता से भरा होगा। व्यापार में कुछ बदलाव करना आपके लिए फायदेमंद साबित हो सकता है। आप नौकरीपेशा हैं तो आपके अधिकार बढ़ेंगे और आपको आर्थिक लाभ के साथ ही सम्मान भी प्राप्त होगा। परिवार के लोगों की तरफ से आपको लाभ और सहयोग दोनों प्राप्त होगा। शाम से लेकर रात तक आप घर के लोगों के साथ खुश होंगे।

वृश्चिक
आज दिन लाभ और सम्मान दिलाने वाला साबित होगा। किसी मामले में नुकसान होने की आशंका है। अचानक से कहीं से धन की प्राप्ति हो सकती है। जोखिम के काम से दूर रहें। आपके सम्मान को ठेस पहुंच सकती है। किसी कारण से आपका दिल दुख सकता है। आपको परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है।

मकर
आज दिन लाभ और सम्मान से भरा होगा। यदि आप नौकरी करते हैं तो आपके अधिकारों में वृद्धि होगी। साहस और पराक्रम में वृद्धि होगी और रुके कार्य पूर्ण होंगे। संतान के प्रति प्रेम भावना बढ़ेगी। संतान की तरक्की से आप खुश होंगे। रुके कार्य की पूर्ति होगी। सुख सुविधाओं में वृद्धि होगी और धन सम्मान भी प्राप्त होगा।

कुंभ
आज दिन लाभ और सम्मान दिलाने वाला रहेगा। बुद्धि विवेक और ज्ञान में वृद्धि होगी। रुके हुए धन की प्राप्ति होने से रुके कार्य पूर्ण हो सकते हैं। आपकी संतान को अकस्मात कष्ट हो सकता है। विश्वास प्राप्त व्यक्ति एवं नौकर चाकर विश्वासघात करने का प्रयास कर सकते हैं। आप सावधान रहें और किसी पर भरोसा न करें।

धनु
आज करियर के मामले में लाभ होगा। आपके अधिकारों में वृद्धि होगी और साथ ही आपकी जिम्मेदारियां भी बढ़ेंगी। आप अपनी शानशौकत के लिए धन का व्यय कर सकते हैं। मन से दूसरों की भलाई करेंगे। आपको सम्मान की प्राप्ति होगी। बुजुर्गों की सेवा मन लगाकर दिल से करते रहें तो आपको लाभ मिलेगा।

मीन
आज दिन शुभ है और आपको कारोबार में मनचाहा मुनाफा प्राप्त होने से आपका मन खुश होगा। ऐसे अनावश्यक खर्चे सामने आएंगे, जो कि न चाहते हुए भी करने पड़ सकते हैं। आपकी उन्नति रुकी है तो आज हो सकती है। आपके हाथ में बड़ी मात्रा में पैसा आने से हर्ष होगा। शाम को आपको सम्मान की प्राप्ति होगी। शुभव्यय और कीर्ति में वृद्धि होगी।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक श्रीराम अम्बष्ट द्वारा भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, (डी वी कार्पो. लि.) उड़ान टोला, दानापुर कैंट, शिवाला रोड, खगौल, पटना में मुद्रित एवं सोन वर्षा वाणी बिल्डिंग, क्लब रोड, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित
संपादक- श्रीराम अम्बष्ट, उप संपादक- साकेत अम्बष्ट फोन/फैक्स-06186-226116 मो.-9934957121, E-mail : sonevershavani@gmail.com, RNI-BIHHIN/1998/3009

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉग ऑन करें
www.sonvarshavani.com
ई-पेपर
sonvarshavani.com.epaper



दुनिया का सबसे ऊंचा शिव मंदिर

भगवान शिव को देवों का देव महादेव भी कहा जाता है। भारत में उत्तर से दक्षिण तक शिव जी के कई मंदिर स्थित हैं। लेकिन क्या आप जानते हैं कि दुनिया में सबसे ऊंचा शिव मंदिर कौन सा है? अगर नहीं तो आइए आज हम आपको इसके बारे में बताते हैं। दरअसल दुनिया का सबसे ऊंचा शिव मंदिर उत्तराखंड में है, जिसे तुंगनाथ मंदिर के नाम से जाना जाता है। तुंगनाथ भगवान शिव के पंच केदार में से एक है। उत्तराखंड में शिव जी के 5 प्राचीन और पवित्र मंदिर स्थित हैं, जिन्हें पंच केदार कहा जाता हैं। आइए महाशिवरात्रि के मौके पर भगवान शिव के सबसे ऊंचे मंदिर से जुड़ी कुछ दिलचस्प बातें जानते हैं। साथ ही जानेंगे कि इस मंदिर का महाभारत के अर्जुन से क्या संबंध है। तुंगनाथ मंदिर 3,680 मीटर यानी 12,073 फीट की ऊंचाई पर चन्द्रनाथ नाम के पर्वत पर मौजूद है। यह उत्तराखंड राज्य के रुद्रप्रयाग जिले में स्थित है। तुंगनाथ का शाब्दिक अर्थ चोटियों के भगवान है। इस मंदिर का इतिहास महाभारत काल जितना पुराना बताया जाता है। शास्त्रों के अनुसार, तुंगनाथ मंदिर की नींव महाभारत के अर्जुन द्वारा रखी गई थी।

तुंगनाथ मंदिर और महाभारत से जुड़ी पौराणिक कथा

एक प्रचलित कथा के अनुसार, तुंगनाथ मंदिर के निर्माण को लेकर मान्यता है कि हजारों साल पहले पांडव भाइयों ने भगवान शिव को प्रसन्न करने के लिए एक मंदिर की स्थापना की थी। दरअसल, महाभारत के युद्ध में पांडवों ने अपने ही भाइयों और गुरुओं का वध किया था। ऐसे में पांडवों पर अपने ही रिश्तेदारों की हत्या का पाप था, इसलिए ऋषि व्यास ने पांडवों से कहा कि वह तभी पाप मुक्त हो सकते हैं, जब भगवान शिव खुद उन्हें माफ करेंगे। इसके बाद पांडवों ने शिव जी की तलाश शुरू कर दी और वे हिमालय जा पहुंचे। बहुत परिश्रम के बाद भोलेनाथ एक भैंस के रूप में दर्शन देते हैं। हालांकि, इसके बाद भी भगवान शिव ने उन्हें टाल दिया क्योंकि पांडव दोषी थे। तब शिव जी भूमिगत हो गए और बाद में उनके शरीर यानी भैंस के पांच अंग अलग-अलग जगहों पर उठ गए। इन पांचो जगहों पर पांडवों ने शिव मंदिर बनवाएं। इन पंच केदार के प्रत्येक मंदिर को भगवान शिव के शरीर के एक अंग के साथ पहचाना जाता है। तुंगनाथ पंच केदार में से तीसरा (तृतीय केदार) है, जहां भगवान शिव के हाथ मिले थे। इसी के आधार पर मंदिर का नाम भी रखा गया। तुंग का अर्थ हाथ और नाथ भगवान के संदर्भ में कहा गया है। यह जगह बेहद ठंडी है। सर्दियों के मौसम में यह बर्फ की चादर में ढक जाती है और तापमान इतना गिर जाता है कि इस दौरान मंदिर बंद कर दिया जाता है। इस दौरान देवता की प्रतीकात्मक मूर्ति और पुजारियों को मुख्य मंदिर से 19 किलोमीटर दूर मुक्कुमठ में ले जाया जाता है। हालांकि अप्रैल से नवंबर माह के बीच मुख्य मंदिर में ही पूजा और दर्शन किए जाते हैं।

अजीबोगरीब रहस्यमयी वनस्पतियाँ, विज्ञान भी आज तक नहीं लगा पाया है पता

हमारी दुनिया बहुत ही अजीबोगरीब रहस्यों से भरी हुई है जिसमे तरह-तरह के जीव और वनस्पतियाँ मौजूद है. इनमें से कई सारे रहस्य तो ऐसे है जिसके बारे में विज्ञान भी आज तक पता नहीं लगा पाया है.

रैफ्फलेशिया

रैफ्फ़लेशिया फ्लावर दुनिया में मौजूद सबसे बड़े, सबसे वजनदार और सबसे बदबूदार फूलों में से एक है. यह फ्लावर आमतौर पर मलेशिया और इंडोनेशिया में पाया जाता है. इन दोनों देशों के अलावा यह फूल फिलीपींस में भी पाया जाता है. रैफ्फ़लेशिया पौधे के फूल दुनिया में मौजूद लगभग सभी फूलों में से बड़े होते है. यह एक परजीवी पौधा है इसमें पत्ते और तने नहीं होती है. यह एक ऐसा पौधा है जिसका मात्र फूल ही ज़मीन के बहार दिखाई देता है बाकी का हिस्सा ज़मीन के अन्दर ही होता है. रैफ्फ़लेशिया पौधे के फूल का व्यास करीब 105 सेमी होता है वहीं वजन करीब 11 किलोग्राम होता है. इसके फूल पर 5 पंखडिया होती है. यह फूल खिलने के लिए 9 से 10 महीने का समय लेता है और 5 से 7 दिनों तक ही जीवित रहता है.

Dolls Eyes Plant

Dolls Eyes Plant नामक यह पौधा डॉल्स की आँखों की तरह दीखता है इसकी वजह इसका नाम Dolls Eyes Plant रखा गया है. यह पौधा अमेरिका और कनाडा में पाया जाता है. यह पौधा लगभग 3 फिट तक बढ़ता है. इसके फल बहुत ही जहरीले होते है जो हमको मौत की नींद सुला सकता है पर कई सारे पक्षी इसके फल को बिना कोई परेशानी के हजम कर सकते है.

Bleeding Tooth Fungus

यह पौधा देखने में ही बहुत ही ज्यादा घटिया और सबसे विचित्र दिखता है. इसको देखने पर एसा लगता है की किसी के दाँत पर से खून बहे रहा है इसी वजह से इसका नाम Bleeding Tooth Fungus रखा गया है. वैसे तो यह पौधा जहरीला नहीं होता है पर बहुत ही ज्यादा कडवा होता है. इसके पौधे उत्तरी अमेरिका, ईरान, दक्षिण कोरिया और यूरोप में पाए जाते है.

वीनस फ्लाईट्रैप

वीनस फ्लाईट्रैप एक शिकारी पौधा है जो अमेरिका के पूर्वीय तटों में और उत्तर दक्षिण कैरोलिन में पाया जाता है. इसके पत्ते दो भाग में बटे हुए होते है और दोनों के मध्य में एक उभार होता है. यह शिकारी पौधा देखने में तो बहुत ही खूबसूरत दीखता है पर हर किसी के लिए बुरा साबित होता है खास करके कीडेमकोडो के लिए. यदि इसके पत्ते पर कोई भी कीड़े मकोड़े बैठते है तो यह तुरंत ही इसको पकड़ लेता है और अंदर खींच लेता है इसके बाद इसकी बॉडी के सारे न्यूट्रीशनल एंजाइम यह पौधा सोख लेता है और इसके बाद फिर से खिलता है. इसी लिए तो इसको शिकारी पौधा कहते है.

डांसिंग पौधा

आपने म्यूजिक की धुन पर इन्सानों को नाचते तो ज़रुर देखा होगा लेकिन ऐसे पौधे को नहीं देखा होगा जो गानों की धुन पर नाचता हो. जी, हाँ यह पौधा म्यूजिक की धुन सुनते ही नाचने लगता है, इसी वजह से इस पौधे को डांसिंग पौधा कहा जाता है. एवरग्रीन फारेस्ट में पाए जाने वाला यह पौधा गानों की वाइब्रेशन को फील कर सकता है जो करीब 100 मीटर तक बढ़ सकता है.

The Corpse Flower

यह फूल इंडोनेशिया के सुमात्रा द्वीप में पाया जाता है जो 7 से 10 सालों में सिर्फ कुछ ही घंटो के लिए खिलता है. पर यह जब भी खिलता है तब इसको देखकर सारे लोग चकित हो जाते है क्योंकि यह तकरीबन 8 से 10 मीटर लम्बा और काफी सुंदर होता है. यह फूल सीधा ज़मीन के अन्दर से ही निकलता है ना इसका कोई पौधा होता है और नाही कोई पेड़ होता है. यह कोई सुगन्धित फूल नहीं है बल्कि एक बदबूदार फूल है फिर भी इसको देखने के लिए लोग दूर-दूर से आते है.



जानिए दुनिया के कौन से ऐसे देश हैं जहां आधी रात में भी चमकता है सूरज

दुनिया में कुछ देश ऐसे भी देश हैं , जहां दिन के बाद रात और रात के बाद दिन का कोई क्रम नहीं चलता है। आइए, आपको बताते हैं कुछ ऐसे ही देशों के बारे में जहां कई दिनों तक सिर्फ दिन ही रहता है और रात नहीं होती है

फिनलैंड

फिनलैंड को झीलों का देश भी कहा जाता है क्योंकि यहां पर कुल 1,87,888 झीलें हैं7 फिनलैंड में सूरज 23 घंटे उगता है और फ़िनलैंड की कुछ जगहें ऐसी भी हैं जहाँ पर गर्मी के दौरान 73 दिनों तक सूर्य लगातार चमकता रहता है7 हजारों झीलों और आइलैंड्स से सजा हुआ यह देश काफी सुंदर और आकर्षक है, और पर्यटकों को अपनी तरफ आकर्षित करता है।

नॉर्वे

नार्वे पहाड़ों से घिरा हुआ देश है। नार्वे को 'लैंड ऑफ द मिडनाइट सन' के नाम से पुकारा जाता है इसको इस नाम से पुकारने का कारण यह है कि यहां मई महीने के मध्य से जुलाई महीने के अंत तक यानि कि लगभग 76 दिन तक सूरज पूरी तरह से नहीं छिपता है। अर्थात रात में भी पूरी तरह से अंधेरा नहीं होता है। बल्कि काफी उजाला रहता है इसके उत्तरी हिस्सों में गर्मी के दो महीने तो सूर्य छिपता ही नहीं है केवल हल्का सा अंधेरा छा जाता है जैसे कि हमारे यहां शाम को सूर्य छिपने के समय होता है।

आइसलैंड

आइसलैंड ग्रेट ब्रिटेन के बाद यह यूरोप का सबसे बड़ा आईलैंड है।यहां आप रात के समय में भी सूरज की रोशनी का आनंद ले सकते हैं। यहां 10 मई से जुलाई के अंत तक सूरज लगातार चमकता रहता है। यहां घूमना आपके लिए काफी रोचक साबित हो सकता है। आइसलैंड में आप आधी रात को भी सूरज की रोशनी का आनंद ले सकते हैं।

कनाडा

कनाडा क्षेत्रफल की दृष्टि से विश्व का दूसरा सबसे बड़ा देश है। कनाडा वर्ष के कई दिनों तक बर्फ से ढका रहता है7 यहां गर्मी के मौसम में 50-50 दिनों तक सूरज नहीं डूबता है अर्थात इन दिनों में यहां रात का अंधेरा देखने को नहीं मिलता है।

अलास्का

अलास्का अपनी खूबसूरती के लिए प्रसिद्ध है यहां की सूरज की रोशनी इसको भी ज्यादा खूबसूरत बना देती है। यहां मई से जुलाई के बीच में सूरज नहीं डूबता है। अलास्का अपने खूबसूरत ग्लेशियर के लिए जाना जाता है। मई से लेकर जुलाई के महीने में बर्फ चमकना यहां का मुख्य आकर्षण का केंद्र है। यहां रात के करीब 12:30 बजे सूर्यास्त होता है और 51 मिनट के बाद फिर से सूर्य उदय हो जाता है ।



क्यों इतना प्रचलित है भांगी दरवाजा, जाने इससे जुड़े कुछ मिथक और इतिहास

अगर आप भी जानना चाहते हैं कि भांगी दरवाजा इतना फेमस क्यों है तो आपको इस लेख को ज़रूर पढ़ना चाहिए।

मध्य प्रदेश में घूमने के लिए ऐसी कई जगहें है जहां हर दिन देश और विदेश से लोग पहुंचते रहते हैं। इस राज्य में ऐसे कई प्राचीन और मध्यकालीन फोर्ट, महल और स्मारक भी है जिन्हें देखने के लिए लोग दूर-दूर से पहुंचते हैं।

मध्य प्रदेश में मौजूद स्मारकों में भंगी दवाजा भी शामिल है जो एक नहीं बल्कि कई दिलचस्प कहानियों के लिए फेमस है। इस लेख में हम आपको भांगी दरवाजा से जुड़ी उन सभी दिलचस्प कहानियों के बारे में बताने जा रहे हैं जिसके बारे में शायद आप भी नहीं जानते होंगे।

किस जगह है भांगी दरवाजा

अगर आप मध्य प्रदेश घूमने के लिए गए होंगे तो फिर मांडू शहर में ज़रूर घूमने के लिए गए होंगे। अगर आप मांडू शहर घूमने के लिए नहीं गए हैं तो आपकी जानकारी के लिए बता दें कि भांगी दरवाजा मांडू शहर में ही मौजूद है। इस शहर में ऐसे कई प्राचीन और मध्यकालीन फोर्ट, महल और स्मारक है जो किसी न किसी कारण फेमस है। मांडू में मौजूद जहाज महल, रूपमती महल, बहादुर का महल, दारा खान का मकबरा और हिंडोला महल महल के अलावा ऐसी कई जगहें हैं जो किसी न किसी वजह से सैलानियों के बीच फेमस हैं। एक अन्य तथ्य है कि यहां एक व्यक्ति ने बलिदान दिया था इसलिए दरवाजा उसके शौर्य का प्रतीक माना जाता है।

भांगी दरवाजा क्यों पड़ा इसका नाम?

इस दरवाजा का नाम भांगी क्यों पड़ा इसके पीछे एक नहीं बल्कि कई दिलचस्प कहानी है। कुछ लोगों का मानना है कि इस दरवाजे का निर्माण करते समय भांगी समाज के एक व्यक्ति की बलि चढ़ाई गई थी, इसलिए इस दरवाजे का नाम भांगी दरवाजा पड़ा। एक अन्य कहानी है कि इसके निर्माण के समय इसका नींव यानी पत्थर किसी भांगी व्यक्ति ने रखा था इसलिए इसका नाम भांगी दरवाजा पड़ा। कहा जाता है कि भांगी दरवाजा मांडू शहर के साथ-साथ मध्य प्रदेश का सबसे पुराना और सबसे बड़े दरवाजे में से एक है। इस दरवाजे का निर्माण लिंटर शैली में किया गया है। हालांकि, इस दरवाजे के कुछ हिस्से टूट चुके है।

क्या सच में डरावना दरवाजा है?

भंगी दरवाजा को लेकर कई डरावनी कहानी भी है। कई लोगों का मानना है कि रात के समय इस दरवाजे के आसपास कोई भी अकेले घूमने के लिए नहीं जाता है। वहीं कुछ लोगों का मानना है कि जो लोग इस दरवाजा को डरावनी जगह बताते हैं वो सिर्फ कहानी है और असल को यह दरवाजा डरावना नहीं है। कहा जाता है कि आज भी कुछ भांगी समाज के लोग इस दरवाजे के आसपास में रहते हैं।

संक्षिप्त समाचार

हम गोंदिया और भंडारा में तीन सीट पर दावा करेंगे: राकांपा (एसपी) नेता अनिल देशमुख

गोंदिया , एजेंसी। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एसपी) नेता अनिल देशमुख ने कहा कि शरद पवार के नेतृत्व में उनकी पार्टी गोंदिया में तिरोरा, अर्जुनी मोरगांव और भंडारा में तुमसर विधानसभा सीट पर दावा करेगी। उन्होंने जोर देकर कहा कि महा विकास आघाडी(एमवीए), जिसमें राकांपा (एसपी) कांग्रेस और शिवसेना (यूबीटी) शामिल हैं, आगामी विधानसभा चुनाव मिलकर लड़ेगा और एकनाथ शिंदे सरकार को उखाड़ फेंकेगा। राकांपा (एसपी) कार्यकर्ताओं की एक बैठक में हिस्सा लेने आए राज्य के पूर्व गृह मंत्री ने कहा, ''हम इन तीन सीट पर दावा करेंगे क्योंकि वहां से हमारे मौजूदा विधायक हैं।'' उन्होंने यह भी दावा किया कि राज्य मंत्री धरमराव अत्राम की बेटी भाग्यश्री अत्राम ने शरद पवार और जयंत पाटिल से मुलाकात की थी और अहेरी से अपने पिता के खिलाफ चुनाव लड़ने की इच्छुक थीं। यह पूछे जाने पर कि क्या वह नागपुर दक्षिण पश्चिम सीट से उपमुख्यमंत्री देवेन्द्र फडणवीस के खिलाफ चुनाव लड़ेंगे, देशमुख ने सीधा जवाब देने से इनकार कर दिया। देशमुख ने कहा कि उनकी पार्टी उन्हें जिस सीट से कहेगी, वह वहीं से लड़ेंगे। देशमुख ने महिलाओं के खिलाफ अपराधों में वृद्धि के लिए शिंदे सरकार की आलोचना की और आरोप लगाया कि राज्य में कानून व्यवस्था ध्वस्त हो गई है। उन्होंने कहा कि लाडकी बहिन योजना एक चुनावी हथकंडा है, लेकिन उन्होंने कहा कि अगर एमवीए सत्ता में आती है तो यह योजना बंद नहीं की जाएगी।

अभिषेक बनर्जी की नाबालिग बेटी को रेप की धमकी देने वाला शख्स गिरफ्तार

कोलकाता , एजेंसी। पश्चिम बंगाल पुलिस ने मंगलवार को तृणमूल कांग्रेस के महासचिव और लोकसभा सदस्य अभिषेक बनर्जी की नाबालिग बेटी को रेप की धमकी देने वाले शख्स को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस के मुताबिक, आरोपी की पहचान मसादुल मोल्ला के रूप में हुई है। आरोपी उत्तर 24 परगना जिले के मिनाखान ब्लॉक के अंतर्गत मोथबारी का रहने वाला है। इस संबंध में सोशल मीडिया पर एक वीडियो काफी तेजी से वायरल हो रहा है, जिसमें आरोपी विरोध प्रदर्शन के दौरान रेप और हत्या की धमकी देता हुआ नजर आ रहा है। यह विरोध प्रदर्शन आरजी कर मेडिकल कॉलेज मामले को ध्यान में रखते हुए आयोजित किया गया था। पुलिस सूत्रों के मुताबिक, ऑल इंडिया सेकुलर फ्रंट की ओर से आयोजित किए गए विरोध प्रदर्शन में आरोपी ने हिस्सा लिया था और यहीं उसने नाबालिग लड़की को रेप और हत्या की धमकी दी थी। बता दें कि आरजी कर मेडिकल कॉलेज मामले के विरोध में यह प्रदर्शन 25 अगस्त को आयोजित किया गया था। वहीं, एआईएसएफ ने इस पर स्पष्टीकरण देते हुए कहा कि यह आरोपी की निजी टिप्पणी है। इसमें हमारे संगठन की कोई भूमिका नहीं है। हम इस टिप्पणी का न समर्थन करते हैं और ना ही उसके लिए किसी प्रकार की जिम्मेदारी लेते हैं। बाल अधिकार संरक्षण के लिए पश्चिम बंगाल आयोग की चेयरपर्सन तूलिका दास ने इस संबंध में पश्चिम बंगाल पुलिस को पत्र लिखकर आरोपी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की थी। जिसके बाद यह गिरफ्तारी की गई। दास ने पुलिस से इस मामले में अब तक की गई कार्रवाई के संबंध में विस्तृत रिपोर्ट के साथ एफआईआर की कॉपी दो दिन में मांगी है, ताकि इस मामले में आगे कार्रवाई की जा सके। वीडियो में आरोपी कथित तौर पर यह कहता हुआ भी नजर आ रहा है कि जो कोई भी इस वीभत्स घटना को अंजाम देगा, उसे 10 करोड़ की राशि प्रदान की जाएगी। इसके बाद आयोग ने इस मामले का स्वतः संज्ञान लिया। इस घटना के प्रकाश में आने के बाद पश्चिम बंगाल में कई जगह तृणमूल कांग्रेस के नेताओं ने प्राथमिकी दर्ज कराई। इस वीडियो के सामने आने के बाद तृणमूल कांग्रेस के नेता न महज इसकी निंदा कर रहे हैं।

महाराष्ट्र में छत्रपति शिवाजी की 35 फुट ऊंची प्रतिमा ढही, पीएम मोदी ने पिछले साल किया था उद्घाटन

सिंधुदुर्ग, एजेंसी। महाराष्ट्र के सिंधुदुर्ग जिले में समुद्र तट पर राजकोट किले में छत्रपति शिवाजी महाराज की आदमकद प्रतिमा यह अचानक ढह गई। बताया जा रहा है कि कोंकण क्षेत्र में तटीय जिले के मालवन शहर में घटिया निर्माण कार्य के कारण यह घटना हुई। इस प्रतिमा का उद्घाटन पिछले साल के अंत में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बड़ी धूमधाम से किया था। प्रतिमा के ढहने से सिंधुदुर्ग जिले के शिव प्रेमियों में गुस्से की लहर फैल गई। मालवन तहसील के राजकोट में स्थापित छत्रपति शिवाजी महाराज की भव्य प्रतिमा 35 फीट ऊंची थी। पीएम मोदी ने वार्षिक नौसेना दिवस समारोह के अवसर पर 4 दिसंबर, 2023 को एक समारोह में उद्घाटन किया था।

रिपोर्ट के मुताबिक, निर्माण की खराब गुणवत्ता के कारण सोमवार दोपहर अचानक शिवाजी की प्रतिमा ढह गई। महज 8 महीने में प्रतिमा के

ढहने से जिले के शिवप्रेमियों में गुस्से की लहर है। वे लोग घटनास्थल पर एकत्र हो गए और आरोप लगाया कि यह घटिया निर्माण कार्य के कारण गिरी है। राज्य पीडब्ल्यूडी विभाग ने प्रतिमा के आसपास के क्षेत्र के सौंदर्यीकरण पर 5 करोड़ रुपये खर्च किए थे। मालवन की तहसीलदार वर्षा जाल्टे बाकी सरकारी अधिकारियों के साथ घटनास्थल पर हैं। उन्होंने नौसेना को घटना के बारे में सूचित किया है। वैभव नाइक ने इस घटना पर खेद जताया। उन्होंने कहा कि यह बहुत दुर्भाग्यपूर्ण है कि इसके उद्घाटन के 8 महीने के भीतर ही छत्रपति शिवाजी महाराज की प्रतिमा ढह गई। उन्होंने घटना की जांच कराने की मांग की। सावंतवाड़ी के पूर्व नागरिक अध्यक्ष प्रेमानंद सालगांवकर ने मांग की कि मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे को नैतिक आधार पर पद से इस्तीफा दे देना चाहिए। बताया जा रहा है कि विशेषज्ञ प्रतिमा के ढहने के वास्तविक कारण का पता लगाएंगे। यह जरूर है कि जिले में बीते दो-तीन दिनों में भारी बारिश हुई है और तेज हवाएं चली हैं। पुलिस और जिला प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी स्थिति का जायजा लेने के लिए मौके पर पहुंचे और क्षति का अनुमान लगाया जा रहा है। इस घटना के बारे में पूछे जाने पर महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने मीडिया से कहा कि 45 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवा चल रही थी, जिसके कारण प्रतिमा गिर गई। हमारे संरक्षक मंत्री रवींद्र चव्हाण स्थिति का आकलन करने के लिए मौके पर पहुंचे हैं और हम इस प्रतिमा को और भी मजबूत बनाएंगे। इस प्रतिमा को नौसेना द्वारा डिजाइन और निर्मित किया गया था। शिंदे ने कहा कि नौसेना के अधिकारी भी पुनर्निर्माण प्रयासों में भाग लेंगे।

गुरुग्राम में रैपिड मेट्रो के विस्तार की तैयारी, 5 स्टेशन बनाने की योजना

गुरुग्राम , एजेंसी। गुरुग्राम सेक्टर-56 से पचगांव तक प्रस्तावित मेट्रो के पहले चरण में रैपिड मेट्रो का गुरुग्राम-सोहना हाईवे स्थित वाटिका चौक तक विस्तार किया जाएगा। सूत्रों के मुताबिक, हरियाणा मेट्रो रेल ट्रांसपोर्ट कॉरपोरेशन (एचएमआरटीसी) की इस योजना को मुख्य सचिव टीवीएसएन प्रसाद ने गत 6 अगस्त को आयोजित बैठक में मंजूरी प्रदान कर दी है। योजना के तहत गोल्फ कोर्स एक्सटेंशन रोड पर पांच मेट्रो स्टेशन बनाए जाएंगे। इनके बनने के बाद सेक्टर-59 से लेकर 67 तक के लोगों के अलावा सेक्टर-49, 50, 56, 57 और सुशांत लोक दो और तीन के निवासियों को लाभ मिलेगा।

एचएमआरटीसी ने सेक्टर-56 से लेकर पचगांव तक करीब 36 किलोमीटर में 28 एलिवेटिड मेट्रो स्टेशन के निर्माण की योजना बनाई है। इसकी फाइनल डीपीआर राइट्स की तरफ से तैयार की जा रही है। डीपीआर 31 अगस्त तक तैयार हो जाएगी। सूत्रों के मुताबिक, मुख्य सचिव की अध्यक्षता में हुई बैठक में एचएमआरटीसी के अधिकारियों ने बताया कि गोल्फ कोर्स एक्सटेंशन रोड पर कई रिहायशी और व्यावसायिक कॉलोनियां हैं। हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण की व्यावसायिक जमीन इस मुख्य सड़क पर है। इस कारण सुबह और शाम के समय इस रोड पर यातायात बहुत अधिक होता है। ऐसे में सेक्टर-56 से पचगांव तक प्रस्तावित मेट्रो के पहले चरण में रैपिड मेट्रो का विस्तार वाटिका चौक पर करने से रोजाना हजारों लोगों को लाभ मिलेगा। एचएमआरटीसी के एक अधिकारी के मुताबिक, करीब सात किलोमीटर लंबाई के इस रोड पर पांच मेट्रो स्टेशन तैयार करने की योजना है। आचार संहिता हटने के बाद इस योजना पर काम शुरू किया जाएगा। एचएमआरटीसी की भोंडसी से लेकर रेलवे स्टेशन तक मेट्रो चलाने की योजना है, जो कि वाटिका चौक से होकर गुजरेगी।

अंजलि से दूर रह वरना... इंटीरियर डिजाइनर के किए टुकड़े-टुकड़े; प्रेमिका सहित 3 अरेस्ट

गाजियाबाद , एजेंसी। गाजियाबाद में त्रिकोणीय प्रेम के चलते 16 अगस्त को अपहृत इंटीरियर डिजाइनर की हत्या कर दी गई। हत्या के बाद आरोपियों ने शव को छह टुकड़े कर नहर में डाल दिया था। पुलिस को एक पैर मिला है, जिसे डीएनए सैंपल के लिए भेजा जा रहा है। इस मामले में पुलिस ने एक महिला समेत तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से हत्या के बाद शव को काटने में प्रयोग किया गया फावड़ा, दरांती, मृतक तरुण की गाड़ी और वारदात करने में प्रयोग की गई कार बरामद की गई है।

डीसीपी सिटी राजेश कुमार ने बताया कि पुलिस ने राजनगर एक्सटेंशन की एक सोसाइटी में रहने वाले इंटीरियर डिजाइनर तरुण पंवार की हत्या के मामले में हत्यारोपी पवन, वंश और अंजली को गिरफ्तार किया है। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि अंजली राजनगर एक्सटेंशन की एक सोसाइटी में नौकरी करती थी। उसका परिचय तरुण पंवार से भी था। पवन ने इस मामले में पुलिस को बताया कि वह अंजली को पसंद करता था और उसकी तरुण के साथ नजदीकियों से वह परेशान था। इस बारे में अंजली से बात करने के बाद उसने हत्या की योजना बनाई, जिसमें उसने अंजलि के जीजा अक्षय और अपने अन्य दोस्तों को शामिल किया। इस वारदात में मधुबन बापूधाम में रहने वाले मनोज ने भी उनका साथ दिया। आरोपियों ने तरुण को मनोज के घर पर ही बुलाकर हत्या की थी। तरुण की कार को वंश और दीपांशु के माध्यम से नेहरू नगर के एक निजी अस्पताल के पास जाकर खड़ी करवा दी।

तुम्हारे बच्चों को मार डालूंगा, कोरियर से भेजी चिट्ठी, रंगदारी में मांगे बिटकॉइन

गाजियाबाद , एजेंसी। गाजियाबाद के राजनगर एक्सटेंशन की सोसाइटी में रहने वाले व्यक्ति को धमकी भरी चिट्ठी भेज कर रंगदारी में बिटकॉइन मांगने का मामला सामने आया है। पीड़ित के मुताबिक पहली बार गेट पर चिट्ठी रखी मिली और अब कोरियर से चिट्ठी भेजी गई है। धमकी से दहशत में आए पीड़ित ने नंदग्राम थाने में केस दर्ज कराया है।

राजनगर एक्सटेंशन की वीवीआइपी ऐड्रेसेस सोसाइटी में रहने वाले अश्वनी शर्मा का कहना है कि 12 जुलाई को अज्ञात व्यक्ति ने उनके गेट पर एक लिफाफा रख दिया था। उन्होंने खोलकर देखा तो उसमें धमकी भरा खत था तथा साथ में एक कर कोड भी था। चिट्ठी में उन्हें जान से मारने की धमकी देते हुए जान बख्शने की एवज में बिटकॉइन की मांग की गई। अश्वनी शर्मा के मुताबिक उन्होंने सोचा कि किसी जानकार ने उनके साथ मजाक किया है लिहाजा उन्होंने पुलिस में शिकायत नहीं की।

बदलापुर पीड़िता की मदद के लिए आगे आई सरकार, परिवार को 10 लाख और पढ़ाई की जिम्मेदारी ली

मुंबई, एजेंसी। महाराष्ट्र के बदलापुर में हुई घटना को लेकर राज्य सरकार पीड़िताओं के परिजनों को आर्थिक सहायता देगी। महिला एवं बाल विकास विभाग की ओर से लड़की के परिवार को 10 लाख रुपये देने की भी घोषणा हुई। साथ ही, दूसरे 4 वर्षीय छात्रा के परिजनों को 3 लाख रुपये दिए जाएंगे। इतना ही नहीं, शिक्षा विभाग ने दोनों लड़कियों की पढ़ाई की जिम्मेदारी ली है। स्कूल एजुकेशन मिनिस्टर दीपक केसरकर ने मीडिया से बातचीत में सोमवार को यह जानकारी दी। उन्होंने कहा, इस तरह की घटना दोबारा न हो, इसके लिए संबंधित अधिकारियों की जिम्मेदारी तय की गई है। इस मामले में दोषी अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई भी हुई है। इस मामले में कामिनी गायकर और निर्मला घुरे को सह-अभियुक्त के तौर पर नामित किया जाएगा।

शिक्षा मंत्री केसरकर ने सरकार की ओर से नियुक्त 2 सदस्यीय समिति के सुझावों पर अमल करते हुए ये घोषणाएं कीं।

उन्होंने बताया, इस घटना की जांच में दोषी पाए गए कुछ अधिकारियों को निलंबित किया गया है। प्रिंसिपल अर्चना अठावले भी सस्पेंड हो चुकी हैं। जांच के दौरान यह सामने आया था कि उन्होंने कुछ जानकारियां छिपाई। इस तरह मामले में जांच पूरी होने के बाद उचित कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि स्कूल में बच्चों की सुरक्षा के लिए अलग-अलग कदम उठाए जा रहे हैं। इसमें सीसीटीवी लगाना, रिकॉर्ड को 15 दिनों तक सुरक्षित रखना आदि शामिल है। साथ ही, हर स्कूल में पैनिक बटन लगाने के लिए गृह विभाग को प्रस्ताव भेजा जाएगा।

मालूम हो कि ठाणे जिले में बदलापुर के एक स्कूल में पुरुष सहायक की ओर से 2 बच्चियों का यौन उत्पीड़न किया गया था। इस मामले पर विपक्ष लगातार सरकार पर निशाना साध रहा है। आरोपी को 17 अगस्त को गिरफ्तार किया गया था। भाजपा के कार्यकर्ताओं ने आरोप लगाया कि विपक्षी दल बदलापुर मामले का राजनीतिकरण करने का प्रयास कर रहे हैं। बीजेपी के ठाणे जिला अध्यक्ष संजय वाघुले और विधायक संजय केलकर के नेतृत्व में प्रदर्शनकारी बारिश के बीच अहिल्यादेवी स्मारक के सामने एकत्र हुए। उन्होंने पीड़ित बच्चियों के लिए शीघ्र न्याय की मांग की। वाघुले ने कहा, यह एक गंभीर घटना है, जिसने पीड़ितों के परिवार के सदस्यों को परेशान कर दिया है। हालांकि, एमवीए के नेता इस त्रासदी का राजनीतिकरण करने में व्यस्त हैं। वे महाराष्ट्र को बदनाम करने की कोशिश कर रहे हैं।

नोएडा यूनिवर्सिटी में कैंटीन की कुर्सी को लेकर विवाद, पांच युवकों ने छात्र को बुरी तरह पीटा

नोएडा , एजेंसी। नोएडा इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी (एनआईयू) में कुर्सी पर बैठने के विवाद में पांच छात्रों ने एक छात्र को जमकर पीटा। इससे उसके सिर और रीढ़ की हड्डी में गंभीर चोट आई। पीड़ित छात्र की हालत गंभीर बताई जा रही है। वह आईसीयू में भर्ती है। उसके पिता ने तीन छात्रों को नामजद कर पांच के खिलाफ केस दर्ज कराया है। वहीं, विश्विद्यालय प्रबंधन ने परिसर में छात्रों के बीच मारपीट होने से इनकार किया है।

जानकारी के मुताबिक अलीगढ़ के खेड़ा बुजुर्ग गांव निवासी लोकेश कुमार दनकौर क्षेत्र स्थित नोएडा इंटरनेशनल विश्वविद्यालय में बीए द्वितीय वर्ष का छात्र है। उसके पिता देवराज सिंह चौहान पेशे से वकील हैं। उन्होंने पुलिस को दी शिकायत में कहा कि बीते गुरुवार को उनका बेटा लोकेश विश्वविद्यालय की कैंटीन में कुर्सी पर बैठा था। आरोप है कि वहां अन्य छात्र आशु कसाना, कपिल, अंकित और दो अज्ञात ने लोकेश को

जबरन कुर्सी से उठा दिया। जब पीड़ित ने इसका विरोध किया तो आरोपियों ने कुर्सी उठाकर उसके सिर में मार दी। साथ ही, नीचे गिराकर पीठ पर कुर्सी से कई वार किए। वारदात को अंजाम देकर सभी आरोपी छात्र मौके से फरार हो गए। घटना में लोकेश कुमार को गंभीर चोटें आईं। उसको विश्वविद्यालय के ही परिसर स्थित अस्पताल में भर्ती कराया गया। बाद में हालत नाजुक होने के चलते ग्रेटर नोएडा के एक अन्य अस्पताल में रेफर किया गया। घटना के बाद से ही पीड़ित छात्र आईसीयू में है। कोतवाली प्रभारी मुनेंद्र सिंह का कहना है कि शिकायत के आधार पर केस दर्ज कर लिया गया है। जल्द ही सभी आरोपियों को गिरफ्तार किया जाएगा। पिता ने विश्वविद्यालय परिसर में मारपीट करने का आरोप लगाया है, जबकि प्रबंधन इससे इनकार कर रहा है। पुलिस सभी बिंदुओं पर जांच कर रही है। एनआईयू के जनसंपर्क अधिकारी आकाश कुमार ने कहा, विश्वविद्यालय परिसर के बाहर छात्रों के बीच मारपीट हुई।

वंदे भारत को पलटाने की साजिश ! राजस्थान में पटरी पर रखे सीमेंट ब्लॉक से टक्कर

जयपुर, एजेंसी। क्या राजस्थान में वंदे भारत ट्रेन को पलट देने की साजिश रची गई थी? राजस्थान के पाली में अहमदाबाद-चोधपुर वंदे भारत एक्सप्रेस के सीमेंट ब्लॉक से टकराने के बाद यह सवाल उठा है। पुलिस यह पता लगाने में जुटी है कि सीमेंट स्लैब किसने और क्यों ट्रैक पर रखा था। गनीमत रही कि कोई हादसा नहीं हुआ। हालांकि, अगले दिन भी उसी जगह पर सीमेंट के ब्लॉक रखे मिले।

नॉर्थ वेस्ट रेलवे के सीपीआरओ शशि किरण ने बताया कि इंजन में आगे लगा मवेशी गार्ड सीमेंट ब्लॉक से टकराया। ट्रेन को यहां कुछ देर रुकना पड़ा। उन्होंने बताया कि घटना में कोई घायल नहीं हुआ है। एएसआई श्याम सिंह ने कहा, घटना शुक्रवार रात जवाई और बिरोलिया बीच हुई, जोकि सुमेरपुर पुलिस स्टेशन के दायरे में आता है। अज्ञात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।

पुलिस अधिकारी ने कहा कि सीमेंट ब्लॉक को ट्रैक पर रखा गया था। इनका इस्तेमाल फूटपाथ बनाने के लिए होता है। इसका आकार काफी बड़ा था। टक्कर के बाद ट्रेन के अगले हिस्से में एक बड़ा निशान दिखाई दिया। इसका वजन करीब 5 किलो बताया गया।

एक मीडिया रिपोर्ट में कहा गया है कि 24 अगस्त को भी उसी जगह सीमेंट के दो बड़े ब्लॉक रख दिए गए थे। हालांकि, दूसरे दिन शाम को ट्रेन आने से पहले ही सीमेंट ब्लॉक को देख लिया गया और उन्हें पटरी से हटाया जा चुका था। लगातार दो दिन तक इस तरह पटरी पर सीमेंट ब्लॉक रखने जाने के बाद अधिकारियों ने पूरे सेक्शन पर जांच-पड़ताल तेज कर दी है। ट्रैक की निगरानी बढ़ा दी गई है। हाल के दिनों में कई रेल हादसे हुए हैं। कुछ हादसों में साजिश की आशंका भी जाहिर की गई है।

कर्नाटक में नए जमीन घोटाले का दावा, निशाने पर मल्लिकार्जुन खरगे का बेटा

बेंगलुरु, एजेंसी। कर्नाटक में भारतीय जनता पार्टी ने नए जमीन घोटाले का दावा किया है। बीजेपी सांसद लहर सिंह सिरोया ने एक्स पर एक पोस्ट में यह मुद्दा उठाया। उन्होंने हैरानी जताते हुए कहा, खरगे परिवार कब एयरोस्पेस उद्यमी बन गया जिससे वह केआईएडीबी भूमि के लिए पात्र हो गया? क्या यह सत्ता के दुरुपयोग, भाई-भतीजावाद और हितों के टकराव के चलते है? राज्य सरकार में भारी और मध्यम उद्योग मंत्री एमबी पाटिल ने सोमवार इन आरोपों को खारिज कर दिया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के बेटे राहुल खरगे की ओर से संचालित शैक्षिक ट्रस्ट को

एयरोस्पेस पार्क में नियमों के अनुरूप तय मूल्य पर निर्धारित भूखंड आवंटित किया गया। उन्होंने जोर देकर कहा कि इस प्रक्रिया में किसी भी नियम का उल्लंघन नहीं किया गया। एमबी पाटिल ने कहा, 'राहुल खरगे भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान से ग्रेजुएट हैं, जिन्होंने आवंटित भूमि पर एक अनुसंधान और विकास केंद्र स्थापित करने का इरादा व्यक्त किया है। उनके परिवार की विभिन्न शैक्षिक गतिविधियों में लंबे समय से भागीदारी है।' मंत्री ने कहा कि कर्नाटक औद्योगिक क्षेत्र विकास बोर्ड के मानदंडों के तहत, सीए भूखंडों का उपयोग अनुसंधान एवं विकास केंद्र, उत्कृष्टता केंद्र, तकनीकी संस्थान, कौशल विकास केंद्र, सरकारी कार्यालय, बैंक, अस्पताल, होटल, पेट्रोल पंप, कैंटीन और आवासीय सुविधाएं स्थापित करने के लिए किया जा सकता है।

राज्य सरकार में मंत्री ने बताया कि कोई भी इच्छुक और पात्र व्यक्ति इसके लिए आवेदन कर सकता है। राज्य स्तरीय 'एकल खिड़की समिति' की सिफारिशों के बाद आवंटन किया जाएगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि राहुल खरगे को एयरोस्पेस पार्क में कोई औद्योगिक भूखंड आवंटित नहीं किया गया है, बल्कि तय मूल्य पर अनुसंधान एवं विकास केंद्र स्थापित करने के लिए सीए के तहत निर्धारित एक भूखंड आवंटित किया गया है। उन्हें कोई छूट नहीं दी गई है। कथित तौर पर नागरिक सुविधाओं के लिए एससी कोटा के तहत आरक्षित भूमि खरगे परिवार के सिद्धार्थ विहार ट्रस्ट को आवंटित की गई। इसे लेकर भाजपा नेता सिरोया ने आरोप लगाया कि यह आवंटन अवैध और राजनीतिक पक्षपात का सूचक है।

चंपाई के भाजपा में शामिल होने का झारखंड की राजनीति पर कितना असर!

रांची, एजेंसी। झारखंड़ के पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन 30 अगस्त को भाजपा का दामन थामेंगें। असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर यह जानकारी साझा की। हिमंता ने अपने पोस्ट में लिखा कि झारखंड़ के पूर्व मुख्यमंत्री और हमारे देश के एक बड़े आदिवासी नेता चंपाई सोरेन जी आज गृहमंत्री अमित शाह जी से मिले। चंपाई सोरेन जी 30 अगस्त को रांची में भारतीय जनता पार्टी को ज्वाइन करेंगे। झारखंड में कोल्हान के टाइगर के नाम से मशहूर चंपाई सोरेन झारखंड की शक्तिशाली संथाल जनजाति से आते हैं। चंपाई सोरेन के राजनैतिक कद का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि झारखंड मुक्ति मोर्चा के संस्थापक शिबू सोरेन के बाद वह पार्टी के सबसे वरिष्ठ और शक्तिशाली नेता थे। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को जब ईडी ने गिरफ्तार कर लिया तो चंपाई सोरेन को मुख्यमंत्री बनाया गया। जब हेमंत लौटे तो उन्होंने अपनी मुख्यमंत्री की कुर्सी वापस ले ली और और चंपाई को बतौर शिक्षा मंत्री सरकार में शामिल कर लिया। लेकिन यहीं से बात बिगड़ गई। उन्होंने एक्स पर एक पोस्ट लिखकर पार्टी छोड़ने का ऐलान कर दिया। चंपाई सोरेन झारखंड राज्य के बनने के दिनों से ही आदिवासियों के प्रमुख नेताओं में से एक रहे हैं। उन्हें झारखंड में एक मजदूर वर्ग के नेता के रूप में जाना जाता है। उन्होंने झामुमो के संस्थापक शिबू सोरेन के साथ मिलकर मजदूर वर्ग की लड़ाई लड़ी और पार्टी को खड़ा करने में सहयोग दिया।

संक्षिप्त समाचार

डैन लॉरेंस सलामी बल्लेबाज नहीं हैं: जेफ्री बॉयकॉट

नई दिल्ली, एजेंसी। इंग्लैंड के पूर्व सलामी बल्लेबाज ज्योफ्री बॉयकॉट ने कहा है कि बल्लेबाज डैन लॉरेंस में सलामी बल्लेबाज का कौशल नहीं हैं। मैनचेस्टर में श्रीलंका के खिलाफ पहले टेस्ट मैच में जिस तरह से वह आउट हुए, उसका हवाला देते हुए इंग्लिश दिग्गज ने यह बयान दिया है। मिडिल ऑर्डर बल्लेबाज लॉरेंस को ओपनिंग के लिए बुलाया गया क्योंकि जैक क्रॉली चोटिल होने के कारण श्रीलंका के खिलाफ सीरीज से बाहर हो गए थे।

द टेलीग्राफ में अपने कॉलम में बॉयकॉट ने लिखा, काउंटी क्रिकेट में एसेक्स और अब सरे के लिए निचले क्रम में बल्लेबाजी करते हुए उन्हें ओपनर बनाना कुछ ज्यादा ही स्मार्ट फैसला था। ओपनिंग में विशेषज्ञ की जरूरत होती है। डैन लॉरेंस ओपनिंग बल्लेबाज नहीं हैं। क्योंकि, ऑफ स्टंप के आसपास उनका जजमेंट खराब है और उनका शॉट सिलेक्शन भी जोखिम भरा है। हालांकि लॉरेंस ने मैनचेस्टर में पहले टेस्ट की दोनों पारियों में 30 और 34 रन बनाए, लेकिन बॉयकॉट अभी भी दाएं हाथ के बल्लेबाज से बहुत प्रभावित नहीं थे।

बॉयकॉट ने आगे कहा कि लॉरेंस, इंग्लैंड के लिए टेस्ट मैचों में ओपनिंग करने वाले डोम सिबली की तरह ही हैं। उन्होंने कहा, वह मुझे डोम सिबली की याद दिलाता है, जिसने 22 टेस्ट मैचों में इंग्लैंड के लिए ओपनिंग की थी। लॉरेंस लेग साइड को तरजीह देते हैं और हर समय वहीं से रन बनाने की कोशिश करना उनके लिए नुकसानदेह हो सकता है। इसी वजह से वह दूसरी पारी में सीधे खेलने के बजाय लाइन के पार खेलते हुए एलबीडब्ल्यू आउट हो गए।

अंग्रेज दिग्गज ने कहा कि लॉरेंस एक अच्छे स्ट्रोक प्लेयर हैं जिस वजह से उनको ओपनिंग में कुछ सफलता जरूर मिल सकती है लेकिन वह लगातार अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाएंगे।

बीमार होने के कारण दलीप ट्रॉफी से सिराज और उमरान बाहर

नईदिल्ली, एजेंसी। भारतीय टीम के तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज और उमरान मलिक को सितंबर में होने वाली दलीप ट्रॉफी के पहले दौर की टीमों से रिलीज कर दिया गया है। भारतीय क्रिकेट बोर्ड ने मंगलवार (27 अगस्त) को जानकारी दी कि सिराज और उमरान दोनों को बीमारी के कारण बाहर हुए हैं। उनकी जगह तेज गेंदबाज नवदीप सैनी और पुडुचेरी के तेज गेंदबाज गौरव यादव को शामिल किया गया है।

गौरव ने मध्य प्रदेश का भी प्रतिनिधित्व किया है। वह पिछले रणजी ट्रॉफी सीजन में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले तेज गेंदबाजों में से एक थे। इस बीच, स्पिन ऑलराउंडर रविंद्र जडेजा को भी टूर्नामेंट में हिस्सा लेने वाली चार टीमों में से एक से रिलीज कर दिया गया है। सिराज टीम बी का हिस्सा थे। उमरान टीम सी का हिस्सा थे। जडेजा टीम बी का हिस्सा थे।

बीसीसीआई ने अपने रिलीज में कहा कि सिराज और मलिक दोनों ही बीमार हैं और उनके दलीप ट्रॉफी मैचों के लिए समय पर फिट होने की उम्मीद नहीं है।

निशानेबाज ने दिया बयान

राजनीति में भाग्य आजमाएंगी पदक विजेता मनु भाकर

नई दिल्ली, एजेंसी। भाकर ने पेरिस 2024 ओलंपिक में महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल और मिश्रित 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धाओं में दो कांस्य पदक हासिल करते हुए इतिहास रच दिया था। वह ओलंपिक खेलों के एक ही संस्करण में दो पदक जीतने वाली आजादी के बाद से पहली भारतीय एथलीट बनीं।

पेरिस ओलंपिक में दो कांस्य पदक जीतकर इतिहास रचने वाली मनु भाकर सोमवार को अपने ननिहाल चरखी दादरी पहुंची। यहां उन्होंने अपनी भविष्य की योजनाओं पर चर्चा की। इस दौरान उन्होंने राजनीति में एंट्री पर भी बात की। भाकर ने बताया कि वह कभी राजनीति में नहीं आएंगी। उनका लक्ष्य देश के लिए स्वर्ण पदक जीतना है।

भाकर ने पेरिस 2024 ओलंपिक में महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल और मिश्रित 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धाओं में दो कांस्य पदक हासिल करते हुए इतिहास रच दिया था। वह ओलंपिक खेलों के एक ही संस्करण में दो पदक जीतने वाली आजादी के बाद से पहली भारतीय एथलीट बनीं। मनु को टोक्यो 2020 ओलंपिक में निराशा का सामना करना पड़ा था, जहां वह अपनी तीनों स्पर्धाओं में फाइनल में पहुंचने में विफल रही थीं।

मनु ने अपने ननिहाल के सम्मान को ताउम्र याद रखने की बात कही। उन्होंने कहा- मैं राजनीति में नहीं आऊंगी। बल्कि अपने खेल पर ध्यान देते हुए ओलंपिक में स्वर्ण पदक जीतना ही मेरा लक्ष्य है। उन्होंने कहा कि कोई भी खिलाड़ी हो उसकी सोच पर निर्भर रहता है कि वे राजनीति करें या फिर युवाओं को खेलों के प्रति प्रेरित करें।

सम्मान समारोह में पूर्व मंत्री सतपाल सांगवान, अंतरराष्ट्रीय पहलवान और भाजपा नेता बबीता फोगाट सहित कई राजनेता मौजूद थे। मनु ने कहा- मेरा ध्यान सिर्फ देश के लिए स्वर्ण जीतने का है। अभी राजनीति नहीं करूंगी।

इस दौरान मनु ने युवाओं और उनके माता-पिता से भी पढ़ाई के साथ खेलों में भी ध्यान देने की सलाह दी। उन्होंने कहा- देश के लिए पदक जीतने का लक्ष्य रखें, सफलता अवश्य मिलेगी।

स्मृति मंधाना एडिलेड स्ट्राइकर्स में हुई शामिल

एडिलेड, एजेंसी। भारतीय महिला क्रिकेट टीम की स्टार खिलाड़ी स्मृति मंधाना आगामी महिलाओं की बिग बैश लीग (डब्ल्यूबीबीएल 10) सीजन के लिए एडिलेड स्ट्राइकर्स में शामिल हो गई हैं। गत विजेता स्ट्राइकर्स ने मंधाना को प्री-ड्राफ्ट में शामिल करने की घोषणा की है। भारतीय सलामी बल्लेबाज का इस लीग में यह चौथा कार्यकाल होगा।

मंधाना को प्री ड्राफ्ट साइनिंग के तहत स्ट्राइकर्स ने अपने दल में शामिल किया है। स्ट्राइकर्स उनकी चौथी डब्ल्यूबीबीएल टीम होगी। इससे पहले वह ब्रिस्बेन हीट, होबार्ट हरिकेंस और सिडनी थंडर का हिस्सा रह चुकी हैं। 2021 में सिडनी थंडर के लिए खेलते हुए उन्होंने मेलबर्न रेनेगेड्स के खिलाफ 64 गेंदों पर नाबाद 114 रनों की पारी खेली थी जो कि टूर्नामेंट के इतिहास में संयुक्त तौर पर दूसरा व्यक्तिगत सर्वोच्च स्कोर है। इस साल की शुरुआत में मंधना की कप्तानी में डब्ल्यूपीएल में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु को जीत मिली थी।

मांधना ने कहा, मैं हमेशा ऑस्ट्रेलिया में खेलने को लेकर काफी उत्साहित रहती हूं। जैसा स्ट्राइकर्स का इतिहास है, उसे देखते हुए मैं टीम के लिए योगदान देने को लेकर काफी उत्साहित हूं। ल्यूक के साथ काम करने में भी मजा आएगा। एक दूसरे के साथ हमारा पिछला अनुभव भी शानदार रहा है तो इसी को आगे जारी रखने की कोशिश होगी। डब्ल्यूपीएल में आरसीबी की कोच ल्यूक विलियम्स स्ट्राइकर्स के साथ भी उसी भूमिका में हैं।

स्ट्राइकर्स अपने शीर्ष क्रम को और मजबूत कर सकते हैं। 1 सितंबर को ड्राफ्ट में वह दक्षिण अफ्रीका की कप्तान लॉरा वुल्फ़ार्ट को दोबारा अपने दल में शामिल करने की कोशिश कर सकते हैं।

23 साल के प्रियांश ने जड़ा डीपीएल का पहला शतक

नई दिल्ली, एजेंसी। दिल्ली प्रीमियर लीग 2024 का 15वां मैच साउथ दिल्ली सुपरस्टार्स और दिल्ली 6 की टीमों के बीच खेला गया. अरुण जेटली स्टेडियम में खेले गए इस मैच में साउथ दिल्ली सुपरस्टार्स ने दिल्ली 6 को 88 रन से हराया. इस मैच में 23 साल के ओपनर प्रियांश आर्य साउथ दिल्ली सुपरस्टार्स की जीत के हीरो रहे. प्रियांश आर्य ने इस मुकाबले में शतकीय पारी खेली. इसी के साथ वह इस लीग में शतक जड़ने वाले पहले बल्लेबाजी भी बने. प्रियांश आर्य ने मुकाबले में काफी ताबड़तोड़ बल्लेबाजी की.

प्रियांश आर्य ने खेली तूफानी पारी

इस मैच में पुरानी दिल्ली 6 की टीम ने टॉस जीतकर गेंदबाजी का फैसला लिया था, जो गलत साबित हुआ. पहले बैटिंग करने उतरी दिल्ली सुपरस्टार्स ने 20 ओवर में 3 विकेट के नुकसान पर 253 रन बनाए. इस लीग का सबसे बड़ा टोटल भी है. टीम को इस स्कोर तक पहुंचाने में प्रियांश आर्य का सबसे बड़ा हाथ रहा. प्रियांश आर्य ने 55 गेंद में 107 रन की नाबाद पारी खेली, इस पारी में उन्होंने नौ चौके और सात छक्के लगाए. बता दें, प्रियांश आर्य ने ये रन 194.55 की स्ट्राइक रेट से बनाए. साउथ दिल्ली सुपरस्टार्स के ओपनर प्रियांश आर्य और सार्थक रंजन इस मैच में टीम की अच्छी शुरुआत दिलाने में कामयाब रहे. दोनों बल्लेबाजों के बीच 101 रन की साझेदारी हुई. इस दौरान सार्थक रंजन 37 गेंद में 49 रन बनाकर आउट हुए. इसके अलावा कप्तान आयुष बदोनी ने 20 गेंद पर 56 रन की जोरदारी पारी खेली. साउथ दिल्ली सुपरस्टार्स ने अपनी पारी में 35 बाउंड्री लगाई. इनमें 18 छक्के और 17 चौके शामिल रहे.

236 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी पुरानी दिल्ली-6 की टीम 20 ओवर में नौ विकेट पर 147 रन ही बना सकी. जिसके चलते उसे बड़ी हार का सामना करना पड़ा. पुरानी दिल्ली-6 की टीम की ओर से अर्नव बग्गा ने सबसे ज्यादा 36 रन बनाए, वहीं अर्पित राणा ने 29 रन और वंश बेदी ने 27 रन का योगदान दिया. दूसरी ओर साउथ दिल्ली सुपरस्टार्स के लिए दिग्वेश राठी ने चार ओवर में 13 रन देकर तीन विकेट लिए, वहीं अंशुमान हुड्डा और विजन पंचाल को दो-दो सफलता मिली.

डोमिनिक थिएम आखिरी ग्रैंड स्लैम मैच हारे

नई दिल्ली, एजेंसी। करियर का आखिरी ग्रैंड स्लैम खेल रहे ऑस्ट्रिया के डोमिनिक थिएम यूएस ओपन के पहले दौर में हार गए हैं। उन्हें सोमवार रात अमेरिका के बेन शेल्टन से सीधे सेटों में 6-4, 6-2, 6-2 से हराया। यह मैच 50 मिनट तक चला। हार के बाद 30 साल के थिएम ने कहा कि यह अद्भुत क्षण था, लेकिन दूसरी ओर थोड़ा दुखद भी था, इसलिए मैं बहुत खुश हूं कि मुझे इस कोर्ट पर अपना अंतिम अमेरिकी ओपन मैच खेलने का मौका मिला।

वे अक्टूबर में आखिरी टूर्नामेंट खेलेंगे। वे वियना में एटीपी 500 इवेंट में हिस्सा लेंगे। वे पहले ही रिटायरमेंट की घोषणा कर चुके हैं कि वे सीजन के अंत में संन्यास ले लेंगे। थिएम ने साल 2020 में यह टूर्नामेंट जीता था।

शेल्टन पहले सेट से दबदबा बनाया

आर्थर ऐश स्टेडियम में वाइल्ड-कार्ड के तौर पर खेल रहे अमेरिकी खिलाड़ी बेन शेल्टन ने पहले ही सेट से दबदबा बनाया। उन्होंने सेट को 6-4 के अंतर से जीता। फिर दूसरा सेट 6-2 से जीतते हुए अपनी स्थिति और मजबूत की। बाद तीसरे सेट को 6-2 से अपने नाम करते हुए दूसरे दौर में प्रवेश किया। शेल्टन का अगला मुकाबला स्पेन के रॉबर्टो बाउतिस्ता अगुत से होगा, जिन्होंने कोर्ट 14 पर इटली के लुका नार्डी को सीधे सेटों में हराया।

यहां थिएम ने कहा- मुझे यहां पहली बार खेले हुए 10 साल हो चुके हैं। यह वास्तव में मेरे लिए एक बहुत ही महत्वपूर्ण क्षण है, क्योंकि मुझे इस कोर्ट पर मेरी सबसे बड़ी सफलता मिली थी। उस अजीब 2020 में, अजीब और अलग परिस्थितियों में। दुर्भाग्य से मुझे यह सफलता आप में से किसी के बिना मिली। मुकाबले के दौरान बॉल प्रतिद्वंदी के पाले में पहुंचाते हुए। वाइल्ड-कार्ड के तौर पर खेल रहे अमेरिकी खिलाड़ी बेन शेल्टन ने सीधे सेट में जीत हासिल की।

भारत ने महिला टी20 विश्व कप के लिए टीम की घोषणा की

मुंबई, एजेंसी। हरमनप्रीत कौर यूएई में होने वाले आगामी आईसीसी महिला टी20 विश्व कप 2024 के लिए भारत की स्टार खिलाड़ियों से सजी टीम की अगुआई करेंगी।

दाएं हाथ की बल्लेबाज को उप-कप्तान स्मृति मंधाना सहायता करेंगी जो शैफाली वर्मा के साथ ओपनिंग करेंगी। दयालन हेमलता टीम में शीर्ष क्रम का एक और विकल्प हैं। उनके अलावा जेमिमा रोड्रिग्स, दीप्ति शर्मा और ऋचा घोष मजबूत बल्लेबाजी क्रम को मजबूती देंगी। ऋचा यास्तिका भाटिया के साथ टीम में नामित विकेटकीपर हैं, जिनका चयन श्रेयंका पाटिल के साथ फिटनेस के आधार पर होगा।

दोनों खिलाड़ी पिछले कुछ महीनों से चोटों से जूझ रही हैं। भारत के पास यूएई में होने वाले इस आयोजन के लिए तीन रिजर्व खिलाड़ी भी होंगे जिसमें उमा छेत्री (विकेट कीपर), तनुजा कंवर, साइमा ठाकोर शामिल हैं। गेंदबाजी विकल्पों में रेणुका सिंह, पूजा वस्त्राकर, दीप्ति शर्मा, राधा यादव, आशा शोभना और सजना सजीवन शामिल हैं।

भारत के पास हरमनप्रीत, सजना, शोभना और दीप्ति के रूप में अच्छे-खासे ऑलराउंडर मौजूद हैं। टूर्नामेंट का नौवां संस्करण अब संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के दुबई और शारजाह में 3 से 20 अक्टूबर तक खेला जाएगा। भारत ग्रुप ए में ऑस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड, पाकिस्तान और श्रीलंका के साथ है।

महिला टी20 विश्व कप 2024 के लिए भारतीय टीम

हरमनप्रीत कौर (कप्तान), स्मृति मंधाना (उप-कप्तान), शैफाली वर्मा, दीप्ति शर्मा, जेमिमा रोड्रिग्स, ऋचा घोष (विकेटकीपर), यास्तिका भाटिया* (विकेटकीपर), पूजा वस्त्राकर, अरुंधति रेड्डी, रेणुका सिंह, दयालन हेमलता, आशा शोभना, राधा यादव, श्रेयंका पाटिल*, सजना सजीवन

बीसीसीआई छोड़ने से पहले जय शाह का ऐलान, भारतीय क्रिकेटरों पर होगी पैसों की बारिश

नईदिल्ली, एजेंसी। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड के सचिव जय शाह जल्द ही इस पद को छोड़ सकते हैं. खबरें है कि बीसीसीआई के कर्ता-धर्ता जय शाह अभ विश्व क्रिकेट के बॉस बनने वाले हैं.

इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल के मौजूदा चेयरमैन ग्रेग बार्कले का कार्यकाल खत्म हो रहा है और जय शाह का उनकी जगह लेना लगभग तय है. अब इसका फैसला कब होगा, ये तो आने वाले दिनों में साफ हो जाएगा लेकिन जाने से पहले जय शाह ने भारतीय क्रिकेटरों की झोली में और ज्यादा पैसे का इंतजाम कर दिया है. बीसीसीआई सचिव ने घरेलू क्रिकेट में इनाम का ऐलान किया है, जिसका फायदा महिला क्रिकेटरों से लेकर जूनियर और सीनियर मेंस क्रिकेटरों तक को भी मिलेगा.

रणजी ट्रॉफी में पहले से ही प्राइज मनी दी जाती रही है. जय शाह के इस फैसले से घरेलू क्रिकेटरों की कमाई में कुछ इजाफा जरूर होगा और ज्यादा से ज्यादा खिलाड़ियों को अपने प्रदर्शन में और भी सुधार की प्रेरणा मिलेगी. बीसीसीआई सचिव ने इस फैसले की वजह भी बताई. उन्होंने बताया कि इस फैसले से बोर्ड घरेलू क्रिकेटरों के अच्छे प्रदर्शन को पहचान और इनाम देना चाहता है. उन्होंने इस फैसले को पास करने के लिए बीसीसीआई की एपेक्स काउंसिल का भी धन्यवाद दिया और देश के क्रिकेटरों के लिए अच्छा माहौल बनाने के प्रयास को जारी रखने की बात भी कही.

पिछले 3-4 साल में बीसीसीआई ने पुरुष टीम के साथ ही महिला क्रिकेट और घरेलू क्रिकेट में भी खिलाड़ियों की कमाई को बढ़ाने का काम किया है. इस साल की शुरुआत में ही बोर्ड ने टेस्ट क्रिकेट को बढ़ावा देने के लिए ज्यादा से ज्यादा मुकाबले खेलने वाले खिलाड़ियों की मैच फीस में इजाफे का ऐलान किया था.

वहीं दो साल पहले बोर्ड ने तीनों फॉर्मेट के इंटरनेशनल मुकाबलों में महिला खिलाड़ियों की मैच फीस को भी पुरुष खिलाड़ियों के बराबर करने का ऐलान किया था. इससे पहले बोर्ड ने रणजी ट्रॉफी खेलने वाले खिलाड़ियों की मैच फीस भी लगभग दोगुनी कर दी थी

अब अवॉर्ड के साथ मिलेगा पैसा

बीसीसीआई के सचिव शाह ने सोमवार 26 अगस्त को 'एक्स' पर एक पोस्ट के जरिए बोर्ड के नए फैसले की जानकारी दी. उन्होंने बताया कि बोर्ड की ओर से अब घरेलू क्रिकेट में महिलाओं के सभी टूर्नामेंट और जूनियर क्रिकेट के सभी टूर्नामेंट में प्लेयर ऑफ द मैच अवॉर्ड और प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट अवॉर्ड जीतने वाले खिलाड़ियों को इनाम में पैसा भी दिया जाएगा. इतना ही नहीं, सीनियर मेंस क्रिकेट के दो सबसे अहम टूर्नामेंट विजय हजारे ट्रॉफी और सैयद मुश्ताक अली टी20 टूर्नामेंट में भी ऐसे अवॉर्ड के साथ प्राइज मनी दी जाएगी.

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉग ऑन करें
www.sonvarshavani.com
ई-पेपर
sonvarshavani.com.epaper

न्यूज बाइट्स

दर्जनों नेताओं ने ली वीआईपी की सदस्यता

औरंगाबाद (का.सं.)। विकासशील इंसान पार्टी कार्यालय में मंगलवार को आयोजित मिलन समारोह में औरंगाबाद से आए दर्जनों नेताओं को पार्टी की सदस्यता दिलाई गई। पार्टी प्रमुख मुकेश सहनी ने उन्हें सदस्यता दिलाते हुए कहा कि वीआईपी का मकसद गरीबों, पिछड़ों को सिर उठाकर जीने की ताकत देना है। इसी मकसद से प्रभावित होकर लोगों का आकर्षण पार्टी की तरफ बढ़ा है। उन्होंने कहा कि जिस तरह चुनाव में सभी वर्ग, जाति और धर्म के लोगों का वोट पार्टी का मिलते रहा है, उसी तरह हमने भी सभी जाति के लोगों को टिकट दिया। किसी भाई या भतीजा को सांसद नहीं बनाया।

बिहार खेल यूनिवर्सिटी के पहले वीसी बने रजनीकांत

पटना (नि.सं.)। पूर्व आईएएस रनीकांत को खेल विश्वविद्यालय का वीसी बनाया गया है। लखीसराय के डीएम रजनीकांत को राज्य सरकार ने सोमवार को भीआरसी (स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति) दिया था। एक दिन बाद ही नीतीश सरकार ने पूर्व आईएएस को अहम जिम्मेवारी दी है। खेल विश्विद्यालय बनाए जाने के तीन साल बाद पहली बार वीसी की नियुक्ति हुई है। 16 जुलाई 2021 में इसकी स्थापना की गई थी। यह विश्विद्यालय राजगीर खेल एकेडमी में चलेगा। सरकार ने 31 पदों का सृजन किया है।

एक हजार गांवों में बनी 3154 किलोमीटर सड़कें

पटना (नि.सं.)। राज्य में ग्रामीण यातायात को सुदृढ़ करने की योजना पर तेजी से काम हो रहा है। ग्रामीण कार्य विभाग ने 3154 किलोमीटर सड़कों का निर्माण पूरा कर लिया है। इससे एक हजार से अधिक गांवों में यातायात व्यवस्था पहले से मजबूत हुई है। यही नहीं बड़ी संख्या में टोलों को बेहतर कनेक्टिविटी मिली है। ये टोले वर्षों से संपर्क पथ से वंचित थे और यहां के लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। पिछले दिनों ग्रामीण कार्य विभाग ने अपने कार्यों का रिपोर्ट कार्ड तैयार किया तो निर्माण से जुड़ी यह तस्वीर सामने आई है। विभाग ने 3507 करोड़ रुपए खर्च करके 3154 किलोमीटर नयी सड़कों को तैयार किया है। नयी सड़कों के बनने से ग्रामीण क्षेत्र में लोगों को काफी सुविधा हो रही है। सुदूर टोलों और बसावटों तक भी संपर्क पथ पहुंचने से उसका संपर्क गांव के अन्य हिस्सों के साथ-साथ प्रखंड और शहरी क्षेत्रों से हो सका है। यही नहीं अस्पतालों व महत्वपूर्ण भवनों को भी इस संपर्क पथ से जोड़ा गया है। यही नहीं बड़ी संख्या में स्थानीय बाजारों को भी संपर्क पथ से जोड़ना संभव हुआ है। ये पहले बाजार से कटे हुए थे। ग्रामीण अपने उत्पाद को सहजता से शहरी बाजारों तक पहुंचा रहे हैं।

जिला स्तरीय विद्यालय वार्षिक खेल कार्यक्रम 2024-25 के सफल आयोजन हेतु जिला पदाधिकारी की बैठक सम्पन्न

जिला स्तरीय विद्यालय खेल प्रतियोगिता दो से छह सितंबर तक होगा आयोजन

निज संवाददाता | औरंगाबाद



मंगलवार को जिला पदाधिकारी-सह-अध्यक्ष जिला स्तरीय विद्यालय खेल प्रतियोगिता आयोजन समिति श्रीकान्त शास्त्री द्वारा समाहरणालय सभा कक्ष में जिला स्तरीय विद्यालय वार्षिक खेल कार्यक्रम 2024-25 के सफल आयोजन हेतु आयोजन समिति की बैठक आहूत की गई। बैठक में उपाधीक्षक शारीरिक शिक्षा, औरंगाबाद द्वारा बताया गया कि बिहार राज्य खेल प्राधिकरण पटना एवं जिला प्रशासन औरंगाबाद के तत्वाधान में जिला स्तरीय वार्षिक खेल प्रतियोगिता 2024-25 का आयोजन किया जाना है। इन विद्यालय खेलों में भारतीय ओलंपिक संघ, खेल मंत्रालय भारत सरकार, भारतीय खेल प्राधिकरण एवं विभिन्न भारतीय खेल संघ के द्वारा मान्यता प्राप्त खेलों में से 32 खेलों को इस वार्षिक खेल कार्यक्रम 2024-25 में रखा गया है।

इन 32 खेलों में अंडर-14 वर्ष, अंडर-17 वर्ष एवं अंडर-19 आयु वर्ग के बालक एवं बालिका खिलाड़ियों को प्रतिभागिता का अवसर दिया जाएगा। जिला पदाधिकारी महोदय के द्वारा जिले के विभिन्न स्कूलों के बच्चों का चयन आपस में प्रतियोगिता कराकर जिला स्तर पर टीम बनाकर दिनांक -2 सितंबर 2024 से 6 सितंबर 2024 तक खेल प्रतियोगिता को संपन्न करा लेने का निर्देश दिया गया। उनके द्वारा बताया गया कि इस वर्ष औरंगाबाद जिला में यह प्रतियोगिता तीन आयु वर्ग यथा अंडर-14, 17 एवं 19 बालक एवं बालिका वर्ग के बिच सर्वाधिक प्रचलित कुल 11 प्रकार का खेल (अनिवार्य खेल विद्या सहित) एथलेटिक्स, फुटबॉल, वॉलीबॉल, कबड्डी, बैडमिंटन, कुश्ती, योगा, शतरंज, क्रिकेट, भारततोलन एवं टेबल टेनिस का चयन किया गया है। इस खेल प्रतियोग का उदघाटन 2 सितंबर को सुबह 10:00 बजे गेट स्कूल मैदान में आयोजित किया जाएगा। जिला पदाधिकारी द्वारा गेट स्कूल में अवैध रूप से गिरे बालू को वहां से तीन दिनों में हटाकर अतिक्रमण मुक्त करने का निर्देश संबंधित अधिकारी को दिए। जिला शिक्षा पदाधिकारी को निर्देशित किया गया कि जिले के सभी सरकारी विद्यालय एवं निजी विद्यालयों को गूगल मीट के माध्यम से मीटिंग या अपने स्तर से सूचित करेंगे ताकि जिला स्तरीय खेल प्रतियोगिता में सभी विद्यालयों को अनिवार्यतः प्रतिभागिता सुनिश्चित किया जा सके। खेल प्रतियोगिता का संचालन गेट स्कूल मैदान, इंडोर स्टेडियम खेल भवन एवं गांधी मैदान औरंगाबाद में कराने का निर्णय लिया गया। चयनित खेलों को सफल संचालन हेतु उपाधीक्षक शारीरिक शिक्षा तथा जिला शिक्षा पदाधिकारी औरंगाबाद को खेल प्रतियोगिता के सफल संचालन हेतु सभी जिला कार्यक्रम पदाधिकारी (शिक्षा विभाग) एवं सभी प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी को क्रमशः नोडल पदाधिकारी एवं सहायक नोडल पदाधिकारी नामित करने का निर्देश दिए। साथ ही साथ आवश्यकता अनुसार शारीरिक शिक्षकों को अपने स्तर से प्रतिनियुक्त करने का भी निर्देश दिए।

पुनरीक्षण पूर्व गतिविधियों की समीक्षा बैठक का आयोजन

- बीएलओ की सूची को समय-समय पर अद्यतन करने के निर्देश दिए गए ताकि निर्वाचन प्रक्रिया में कोई व्यवधान न हो।

कार्यालय संवाददाता | औरंगाबाद

मंगलवार को जिला निर्वाचन पदाधिकारी -सह- जिला पदाधिकारी श्रीकान्त शास्त्री द्वारा भारत निर्वाचन आयोग द्वारा घोषित कार्यक्रम के अनुसार पुनरीक्षण पूर्व किए जाने वाले कार्यों की समीक्षा वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से की गई। जिला निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि भारत निर्वाचन आयोग नई दिल्ली के निदेशानुसार मतदाता सूची मतदाता केंद्र की तैयारी के क्रम में पुनरीक्षण पूर्व गतिविधियों का कार्यक्रम का निर्धारण किया गया है। बैठक में जिला निर्वाचन पदाधिकारी के द्वारा निम्न बिंदुओं पर बिस्तार पूर्वक चर्चा किया गया एवं आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। बीएलओ की सूची अधतन करना, एच2एच सर्वे के क्रम में बीएलओ एप्प के माध्यम से निर्वाचकों का सत्यापन, मतदान केंद्रों के युक्तिकरण के क्रम में मतदान केंद्रों का भौतिक सत्यापन, 400 निर्वाचकों के आधार पर नए मतदान केदो का निर्माण। मतदान केदो के स्थानांतरण का प्रस्ताव (जर्जर भवन पर्याप्त स्थान के अभाव के कारण), मतदान केंद्रों के प्रारूप प्रकाशन की तैयारी, प्रपत्र- 6, 7 एवं 8 का निष्पादन।

इस बैठक में अपर समाहर्ता ललित भूषण रंजन, उपविकास आयुक्त अभ्येंद्र मोहन सिंह, निर्वाचन पदाधिकारी मोहम्मद गजाली ,सदर डीसीएलआर श्वेतांक लाल एवं वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सभी निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी, सभी सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी-सह- प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं अंचलाधिकारी मौजूद रहे।

जिलाधिकारी के माध्यम से राज्यपाल को भेजा मांग पत्र

बिजली-सिंचाई विभाग की लापरवाही को लेकर प्रदर्शन, किसानों ने की संपत्ति जांच की मांग

कार्यालय संवाददाता | औरंगाबाद

बचाओ संघर्ष समिति के बैनर तले किसानों ने प्रदर्शन किया है। बिजली विभाग और सिंचाई विभाग के खिलाफ मंगलवार दोपहर किसानों ने बिहार के पूर्व सहकारिता मंत्री रामाधार सिंह के नेतृत्व में आक्रोश प्रदर्शन किया। आयोजित सभा में वक्ताओं ने कहा कि बिजली विभाग और सिंचाई विभाग की लापरवाही के कारण आज किसानों को काफी परेशानी की सामना करना पड़ रहा है। इसको लेकर आज जिला के हम सभी किसान बिहार सरकार के पूर्व सहकारिता मंत्री रामाधार सिंह के नेतृत्व में आक्रोश प्रदर्शन किया जा रहा है। यह प्रदर्शन औरंगाबाद के ऐतिहासिक गांधी मैदान से निकाला। इसमें हजारों की संख्या में किसान मजदूर शामिल रहे। यह प्रदर्शन मुख्य सड़क से औरंगाबाद बाजार, रमेश चौक, कलेक्ट्रेट होते हुए कर्मा रोड स्थित साउथ बिहार पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड 33/11 विद्युत उप केन्द्र औरंगाबाद पहुंचे। जहां आक्रोश प्रदर्शन सभा में तब्दील हो गई। इस सभा की अध्यक्षता भाजपा नेता रामकेवल सिंह ने किया। वहीं, सभा का संचालन विनोद सिंह ने किया। विनोद सिंह ने अपने संबोधन के दौरान बताया कि दीनदयाल विद्युतीकरण के तहत बिजली विभाग के माध्यम से बड़े पैमाने पर तारपोल का निर्माण किया गया है। लेकिन इसमें बड़े पैमाने पर घोटाले भी किए गए हैं। उनका कहना था कि बिजली विभाग के एमडी जो हैं, वह नवादा के रहने वाले हैं। वह दोनों केंद्र सरकार और बिहार सरकार को बदनाम करना चाहते हैं, क्योंकि 33 हजार पोल पर और 11 हजार के पोल पर जो पिन और डिश दिया गया है, वह बहुत ही कमजोर तबका के दिया गया। इसके कारण थोड़ी सी बारिश होने के बाद बिजली ठप हो जाती है। इसी तरह बहुत सारे उपकरण लगाए गए हैं, जो गुणवतापूर्ण नहीं है। इसमें एमडी द्वारा बड़े पैमाने पर कंपनी से मोटी रकम ली गई है। इसको लेकर उन्हें बिजली विभाग के सभी अधिकारी और कर्मचारी दी। एमडी के तहत उनलोगों की संपत्ति की जांच कराने की मांग की है।

वहीं, वक्ताओं ने यह भी आरोप लगाया है कि शहर में जहां भी स्मार्ट मीटर लगा हुआ है। उसमें तिगुना बिल आ रहा है। इसमें उन्होंने बिहार सरकार से तुरंत कार्रवाई करने की मांग किया है। फिलहाल, 33 हजार का बिजली का डिश और पीन औरंगाबाद से फेसर, फेसर से सोख्या, रफीगंज से उचौली, औरंगाबाद से सिलाड़, सिलाड़ से अंबा, बारुण से बड़ेम, नवीनगर से माली, गोह से रफीगंज और अन्य जगहों पर डिश और पिन खराब है।

एनटीपीसी बना रही है ग्रामीण महिलाओं को आत्मनिर्भर

एनटीपीसी की स्वरा महिला संघ ने ग्रामीण महिलाओं को सिखाया साबुन बनाने के गुण

निज संवाददाता | नवीनगर (औरंगाबाद)

एनटीपीसी नवीनगर की स्वरा महिला संघ ने मंगलवार को स्थानीय ग्रामीण महिलाओं के लिए एक महत्वपूर्ण तीन दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया, जिसमें उन्हें घरेलू साबुन बनाने का प्रशिक्षण दिया गया। इस कार्यशाला में 60 से अधिक महिलाओं ने भाग लिया, जो परियोजना से जुड़े निकटवर्ती गांवों से आई थीं। विशेषज्ञ प्रशिक्षकों ने महिलाओं को प्राकृतिक और आसानी से उपलब्ध सामग्रियों का उपयोग कर घर पर ही साबुन बनाने के विभिन्न तरीके सिखाए। प्रशिक्षण के दौरान उन्हें साबुन निर्माण की सम्पूर्ण प्रक्रिया समझाई गई, जिसमें सामग्री चयन, मिश्रण की सही विधि, और उत्पाद की पैकेजिंग शामिल थी। इस तरह के कार्यक्रमों का उद्देश्य महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाना और उन्हें स्वरोजगार के नए अवसर प्रदान करना है।

इस कार्यक्रम का आयोजन स्वरा महिला संघ की अध्यक्षा राखी सामंता के नेतृत्व में हुआ। सामंता ने इस पहल के माध्यम से ग्रामीण महिलाओं को उनके आर्थिक और सामाजिक स्थिति को मजबूत बनाने के प्रयास किए हैं।

एनटीपीसी नवीनगर के परियोजना प्रमुख और मुख्य महाप्रबंधक चन्दन कुमार सामंता ने इस कार्यक्रम का उद्घाटन किया। उन्होंने अपने संबोधन में स्वरा महिला संघ के इस प्रयास की सराहना की और महिलाओं को आत्मनिर्भरता की दिशा में उठाए गए इस कदम के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने प्रतिभागियों से आग्रह किया कि वे इस कार्यशाला का अधिकतम लाभ उठाएं और अपनी योग्यता को स्वरोजगार में बदलें। यह कार्यशाला न केवल महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने की दिशा में एक कदम है, बल्कि ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छता स्तर में भी सुधार लाने का एक महत्वपूर्ण प्रयास है। स्वरा महिला संघ, जो समय-समय पर सामाजिक और स्वास्थ्य संबंधी गतिविधियों में संलग्न रहती है, ने इस कार्यशाला के माध्यम से एक बार फिर से अपने सामाजिक जिम्मेदारियों का निर्वहन किया है। इस तरह के प्रयास भविष्य में भी जारी रहेंगे ताकि ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में और अधिक विकास हो सके।

शराबी को मिली एक साल की सजा

औरंगाबाद (का.सं.)। बिहार में बीते आठ सालों से शराबबंदी कानून लागू है। इस दौरान शराब के सेवन वितरण एवं परिवहन को लेकर पकड़े जा रहें लोगों के खिलाफ़ सख़्त कार्रवाई की जा रही है। इसी के मद्देनजर अब दूसरी बार शराब सेवन करने वालों को एक साल की सजा सुनाई जाएगी। मामले में द्वितीय उत्पाद अनन्य विशेष न्यायाधीश नीतीश कुमार ने अभियुक्त को एक साल की सजा सुनाई है। सजा प्राप्त अभियुक्त नवीनगर थाना क्षेत्र अंतर्गत शनिचर बाजार निवासी गुंजन कुमार हैं। दरअसल 26 अक्तूबर 2023 को उत्पाद थाना के एएसआई उदय कुमार दुबे ने उक्त आरोपी को कोईरीडीह चेक पोस्ट के पास से शराब के नशे में पकड़ा था।

लंबित कांडों पर एसपी ने की समीक्षा बैठक

- अनुसंधानकर्ताओं को शीघ्र निष्पादन के लिए आवश्यक कदम उठाने के निर्देश

कार्यालय संवाददाता | औरंगाबाद

मंगलवार को पुलिस अधीक्षक कार्यालय, औरंगाबाद में एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक की अध्यक्षता पुलिस अधीक्षक औरंगाबाद ने की। बैठक का मुख्य उद्देश्य नगर और रफीगंज अंचल में 300 दिनों से अधिक समय से लंबित मामलों की समीक्षा करना था।

बैठक के दौरान, पुलिस अधीक्षक ने संबंधित अनुसंधानकर्ताओं के साथ लंबित मामलों की स्थिति पर गहन चर्चा की। अनुसंधानकर्ताओं को निर्देशित किया गया कि वे इन मामलों के शीघ्र निष्पादन के लिए आवश्यक सभी कदम उठाएं। पुलिस अधीक्षक ने स्पष्ट रूप से कहा कि किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और ऐसे मामलों में कानूनी कार्रवाई की जाएगी। यह बैठक पुलिस प्रशासन की गंभीरता और प्रतिबद्धता को दर्शाती है, और यह सुनिश्चित करती है कि लंबित मामलों को प्राथमिकता देकर समय पर निपटाया जाए। इसका उद्देश्य जनता के प्रति न्याय सुनिश्चित करना और पुलिस प्रणाली की दक्षता को बढ़ाना है।

बाइक से गिरकर परीक्षार्थी गंभीर रूप से घायल

कार्यालय संवाददाता | औरंगाबाद

औरंगाबाद के डाल्टनगंज पथ के रिसियप टर्निंग के पास बाइक गिरकर एक युवक घायल हो गया। पुलिस ने घायल को अपनी गाड़ी से औरंगाबाद सदर अस्पताल में भर्ती कराया। घायल की पहचान कुटुंबा थाना क्षेत्र के महाराजगंज निवासी संतोष कुमार सिंह के 25 वर्षीय बेटे गुलशन कुमार के रूप में हुई है। घायल गुलशन कुमार ने कहा कि औरंगाबाद सच्चिदानंद सिन्हा महाविद्यालय में हिस्ट्री ऑनर्स का छात्र हूं। आज 1:00 बजे से प्रैक्टिकल की परीक्षा थी। उसी में शामिल होने के लिए घर से निकला था। तभी रिसियप टर्निंग के समीप मेरे आगे एक सवारी बस ने अचानक ब्रेक लगा दी। जिससे मैं अनियंत्रित हो गया। औरंगाबाद सदर अस्पताल में इलाज कर रहे हैं डॉक्टरों ने बताया कि घायल की स्थिति काफी गंभीर है। वह बेहोश हो जा रहा है। घायल को चेहरे पर व अंदरुनी चोटें आई हैं। घायल को भर्ती करवा रहे पुलिस कर्मियों ने बताया कि औरंगाबाद व्यवहार न्यायालय में जरूरी काम से हम लोग आ रहे थे। इसी बीच देखा गया कि यह युवक घायल अवस्था में सड़क पर गिरा हुआ है। स्थिति को गंभीर देखते हुए स्थानीय थाना को सूचना देकर घायल को सदर अस्पताल में भर्ती करवाया गया। घायल को परिजनों को भी सूचना दे दी गई।

राज्य के नये मुख्य सचिव की खोज हुई तेज

निज संवाददाता | पटना

राज्य में नए मुख्य सचिव की खोज तेज हो गई है। चार दिनों बाद यानी 31 अगस्त को मौजूदा मुख्य सचिव ब्रजेश मेहरोत्रा सेवानिवृत्त हो रहे हैं। इसे ध्यान में रखते हुए राज्य सरकार बिहार कैडर के मुख्य सचिव रैंक में मौजूद 7 आईएएस अधिकारियों में बेहतर विकल्प की तलाश में जुट गई है। 1989 बैच के आईएएस अधिकारी ब्रजेश मेहरोत्रा के सेवानिवृत्त होने के बाद सबसे उपर्युक्त विकल्प के लिए जोर आजमाइश बेहद तेज हो गई है। हालांकि, पिछले परिपाटी को देखें, तो सूबे के विकास आयुक्त ही मुख्य सचिव बनते रहे हैं। इस आधार पर वर्तमान विकास आयुक्त चैतन्य प्रसाद की उम्मीदवारी इस पद के लिए सबसे प्रबल है, परंतु विकास आयुक्त को ही मुख्य सचिव बनाने का यह प्रावधान किसी तरह का लिखित नियम नहीं है और न ही सरकार इसका पालन करने के लिए बाध्य है। मुख्य सचिव रैंक में मौजूद 7 अधिकारियों में किसी का चयन मुख्य सचिव के पद पर सरकार कर सकती है। यह पूरी तरह से सरकार के अधिकार क्षेत्र का मामला है।

मौजूदा मुख्य सचिव को 3 से 6 महीने के एक्सटेंशन की भी चर्चा है। यह केन्द्र सरकार के कार्मिक महकमा की मंजूरी के बाद ही संभव है। सामान्य प्रशासन विभाग के सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक, अब तक एक्सटेंशन से संबंधित फाइल दिल्ली नहीं भेजी गई है। इस वजह से एक्सटेंशन मिलने की संभावना कम प्रतीत हो रही है। ऐसे में किसी नए अधिकारी का ही मुख्य सचिव बनना तय माना जा रहा है। अगर चैतन्य प्रसाद को मुख्य सचिव बनाया जाता है, तो उनका कार्यकाल लगभग एक वर्ष का होगा। वे 31 जुलाई 2025 में सेवानिवृत्त हो रहे हैं। वह मूल रूप से बिहार के रहने वाले हैं। अगर बिहार कैडर के आईएएस अधिकारियों की अपडेट वरीयता सूची को देखें, तो 1989 बैच के मुख्य सचिव ब्रजेश मेहरोत्रा के बाद वरीयता के आधार पर 1990 बैच के विकास आयुक्त चैतन्य प्रसाद दूसरे और 1990 बैच के राजस्व पर्षद के अध्यक्ष केके पाठक तीसरे नंबर पर हैं।

सात में चार आईएएस बिहार के ही

मौजूदा वरियता सूची का अवलोकन करने पर यह पता चलता है कि मुख्य सचिव रैंक के 7 अधिकारियों में 4 अधिकारी बिहार मूल के ही रहने वाले हैं। इसमें चैतन्य प्रसाद, प्रत्यय अमृत, दीपक कुमार सिंह और मिहिर कुमार सिंह शामिल हैं। जबकि शेष तीन में केके पाठक उत्तर प्रदेश, डॉ. एस सिद्धार्थ तमिलनाडु और हरजोर कौर बम्हरा महाराष्ट्र मूल की है। हालांकि मुख्य सचिव बनने में मूल स्थान का कोई मायने नहीं रखता है। सिर्फ बिहार कैडर होना चाहिए। वर्तमान मुख्य सचिव भी उत्तर प्रदेश के रहने वाले हैं।

जन-जन की वाणी...
सोन वर्षा वाणी
2 राज्य | 4 संस्करण
केंद्र सरकार के डी.ए.वी.पी. तथा बिहार, झारखंड एवं उत्तराखंड राज्य सरकार के आईपीआरडी से मान्यता प्राप्त
औरंगाबाद, पटना, आरा एवं रांची (झारखंड) से प्रकाशित हिंदी दैनिक
प्रकाशन के गौरवपूर्ण 25 वर्ष रजत जयंती
आवश्यकता :
25 वर्षों से निरंतर प्रकाशित हो रहे प्रतिष्ठित हिंदी दैनिक समाचारपत्र सोन वर्षा वाणी को पेजिनेटर, कॉपी एडिटर, विज्ञापन प्रबंधक, मार्केटिंग प्रतिनिधि एवं प्रत्येक जिले से पत्रकार / संवाददाता की आवश्यकता है|
इच्छुक सम्पर्क करें : 7766886433, mail : svvpress@gmail.com
नोट : अनुभव के आधार पर पद सृजित किये जायेंगें.
प्रधान कार्यालय : सोन वर्षा वाणी बिल्डिंग, क्लब रोड, औरंगाबाद (बिहार) | मो. 9934957121
आरा कार्यालय : जयहिंद कॉलोनी, नाला मोड़, आरा (भोजपुर) बिहार | मो. 9142681546
रांची कार्यालय : 204, निर्मला एन्क्लेव, रानी बागान, बरियातू हाउसिंग कॉलोनी, बरियातू, रांची (झारखंड) | मो. 7766886433